ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष दशमी 02:16 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 5 जून 2025
वर्ष 6, अंक 195, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अमेरिका से बढ़ेगा तेल-गैस का आयात 14

तुमने मुझे 18 साल इंतजार कराया : कोहली 15

# जीत के जश्न में भगदड़, 11 की मौत



भगदड़ के बाद चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर पड़े जूते-चप्पल।

## बेंगलुरू में आरसीबी टीम के स्वागत के लिए उमड़ी थी लाखों की भीड़ | चिन्नास्वामी स्टेडियम में घुसने के लिए बेकाबू हुए लोग, 33 घायल

बेंगलुरू, एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू का पहला आईपीएल खिताब जीतने का जश्न बुधवार को मातम में बदल गया जब जश्न में शामिल होने के लिए चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हजारों की संख्या में प्रशंसकों के उमड़ने से मची भगदड़ में 11 लोग मारे गए और लगभग 33 लोग घायल हो गए। खिलाड़ियों का सम्मान समारोह हालांकि स्टेडियम के भीतर जारी रहा। टीम की एक झलक पाने के लिए स्टेडियम के बाहर हजारों की संख्या में प्रशंसक उमड़ पड़े जिन पर पुलिस नियंत्रण नहीं रख सकी। इसके लिए हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा। ये प्रशंसक स्टेडियम के भीतर घुसने की कोशिश में प्रवेश द्वार के बाहर ही भगदड़ का शिकार हो गए ।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बताया कि चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास भगदड़ के कारण 11 लोगों की मौत हो गई और 33 लोग घायल हो गए। सिद्धारमैया ने कहा कि चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास दो-तीन लाख से अधिक लोग आए थे, किसी को भी इतनी भीड़ की उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा कि आरसीबी के जश्न में मरने वालों में से अधिकांश युवा हैं। सरकार मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये का मुआवजा देगी। उन्होंने घोषणा की कि घटना की मजिस्ट्रेट जांच की जाएगी। गंभीर रूप से घायलों का इलाज वैदेही अस्पताल और बोवरिंग अस्पताल में चल रहा है और मृतकों की संख्या बढने की आशंका है। उप मुख्यमंत्री डी के शिवाकुमार ने कहा कि भीड़ अनियंत्रित हो गई और पुलिस के लिए मुश्किल हो गया था जिससे हमें जुलूस रोकना पड़ा।

(विशेष पेज-11)



एक बच्ची को अस्पताल ले जाता पुलिसकर्मी।

### प्रधानमंत्री मोदी ने हादसे पर जताया गहरा दुख

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेंगलुरु में चेन्नास्वामी क्रिकेट स्ट्रेडियम के बाहर बुधवार को हुई दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और इस दुर्घटना में मृत लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मोदी ने दुर्घटना में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा 'एक्स' पर जारी शोक संदेश में मोदी ने कहा कि बेंगलुरु में हुई दुर्घटना बहुत ही दुखद है। मेरी संवेदनायें उन सभी लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि जो लोग घायल हुए हैं, वे शीघ्र स्वस्थ हों।

### फिर भी स्टेडियम में जारी रहा खिलाड़ियों का सम्मान समारोह

राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा ने स्थिति को ठीक से न संभालने के लिए कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधा। उधर चिन्नास्वामी स्टेडियम के भीतर खिलाड़ियों का सम्मान समारोह जारी रहा जिसमें खिलाड़ियों ने भाषण दिए, संगीज बजा और आतिशबाजी भी हुई। कोहली ने कहा कि यह आप सभी के लिए है, प्रशंसकों के लिए और इस शानदार शहर के लिए भी।

## पाकिस्तान के लिए जासूसी में यूट्यूबर गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पंजाब के एक यूट्यूबर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इससे पहले एक 'आतंकवाद समर्थित जासूसी नेटवर्क' का पता लगाया, जो उसे पाकिस्तान के खुफिया और सैन्य अधिकारियों से जोड़ता है।

● ज्योति मल्होत्रा के भी निकट संपर्क में भी था

उन्होंने कहा कि जान महल नाम का यूट्यूब चैनल संचालित करने वाले एवं रूपनगर जिले के महलां गांव निवासी जसबीर सिंह का संबंध एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट (पीआईओ) से पाया गया है। उन्होंने कहा कि वह जासूस के आरोपों में नई दिल्ली से हाल में निष्कासित पाकिस्तानी उच्चायोग के एक अधिकारी के संपर्क में था और पड़ोसी देश की अपनी तीन यात्राओं में से एक में पाकिस्तान के सैन्य अधिकारियों से मिला था।

सिंह को मोहाली की एक अदालत में पेश किया गया जिसने उसे तीन दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया। सिंह के यूट्यूब चैनल पर 11 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं । वह ज्योति मल्होत्रा के साथ कथित रूप से निकट संपर्क में था, जिसे हरियाणा पुलिस ने जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया था।

# केंद्रीय करों में 50 प्रतिशत दी जाए राज्य को हिस्सेदारी

## लखनऊ में 16वें वित्त अयोग की बैठक में उठाई गई मांग, मुख्यमंत्री योगी ने वित्त आयोग को पत्र भी सौंपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्त आयोग से केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी को 41 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग की है। राज्य ने विशेष विकास योजनाओं के लिए स्पेशल फंड डीडीए की मांग भी की।

राजधानी पहुंचे 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने अन्य सदस्यों के साथ बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ हुई बैठक के बारे में जानकारी साझा की। लोकभवन में आयोजित पत्रकारवार्ता में पनगढ़िया ने बताया कि बैठक के दौरान प्रदेश सरकार ने प्रदेश के विकास और सुधार के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा पेश किया, जिसकी आयोग ने सराहना की। उत्तर प्रदेश की प्रमुख मांगों के विषय में कहा कि इनकम डिस्टेंस क्राइटेरिया 45 प्रतिशत, भौगोलिक क्षेत्रफल 15 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत, जनसंख्या 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 22.5 प्रतिशत, जनसांख्यिकीय प्रदर्शन 12.5 प्रतिशत से घटाकर 7.5 प्रतिशत, वन 10 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत, कर संग्रहण प्रयास 2.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत किया जाने का प्रस्ताव आयोग को दिया गया है। अरविंद पनगढ़िया ने कहा कि वित्त आयोग का मुख्य कार्य केंद्र और राज्यों के बीच करों के बंटवारे का प्रस्ताव तैयार करना है, जिसे भारत के राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश बहुत ही अच्छी तरह से संचालित राज्य है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का कर संग्रह जीएसडीपी के अनुपात में है, जो देश में सबसे अधिक है।

उन्होंने कहा कि यूपी का राजकोषीय घाटा सामान्य सीमा के भीतर है, इसका ऋण-से-जीडीपी अनुपात भी प्रबंधनीय स्तरों के भीतर है।



### आयोग बाद में लेगा निर्णय : पनगढ़िया

आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने पत्रकारों से कहा कि 28 में से 22-23 राज्यों ने करों में हिस्सेदारी बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ये मांग बहुत ज्यादा है, हालांकि इस पर अंतिम निर्णय आयोग बाद में लेगा। आयोग की केंद्र व राज्य सरकार के बीच करों की हिस्सेदारी को लेकर सिफारिशें आगामी वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक के लिए होंगी।

### बेहतर कार्य से निकाला हल

वित्त आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि उप्र. में राजस्व की दिक्कतों का हल बेहतर कर किया गया है। राजकोषीय घाटा भी करीब तीन % के आसपास है। प्रति व्यक्ति सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) द्वारा मापी गई आय अंतर (इनकम डिस्टेंस) मानदंड का भार पहले की तरह 45 % रखने की मांग की है।

# न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने पर दलों में चर्चा

● संसद में संयुक्त रूप से लाया जाए महाभियोग प्रस्ताव : रीजीजू

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने बुधवार को न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने में सभी राजनीतिक दलों को साथ लेने के सरकार के संकल्प को रेखांकित करते हुए कहा कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार को 'राजनीतिक चश्मे' से नहीं देखा जा सकता। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि कथित भ्रष्टाचार के मामले में फंसे न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के उद्देश्य से की जा रही यह कवायद एक 'सहयोगात्मक प्रयास' हो। उन्हें सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त समिति ने दोषी ठहराया है।

रीजीजू ने कहा कि उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश के खिलाफ 21 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र में प्रस्ताव लाने के लिए सभी राजनीतिक दलों के साथ चर्चा शुरू कर दी है। सरकार चाहती है कि सभी दल न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए 'संयुक्त रूप से' प्रस्ताव लाएं।

### मानसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति ने इन तारीखों की सिफारिश की है। उन्होंने कहा कि इन सिफारिशों को राष्ट्रपति को भेजा जाएगा।

# मार्च 2027 से शुरू होगी राष्ट्रीय जातीय जनगणना

● लद्दाख जैसे पहाड़ी इलाकों में 1 अक्टूबर 2026 से होगी

नई दिल्ली, एजेंसी

लद्दाख जैसे बर्फीले क्षेत्रों में जातिगत गणना के साथ जनगणना की शुरुआत एक अक्टूबर, 2026 को होगी जबकि बाकी देश में इसकी शुरुआत 1 मार्च, 2027 से होगी।

गृह मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि जातिगत गणना के साथ-साथ जनगणना-2027 को दो चरणों में करने का निर्णय लिया गया है। इसमें कहा गया कि केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के बर्फीले क्षेत्रों के लिए संदर्भ तिथि 2026 में पहली अक्टूबर की आधी रात बारह बजे होगी। अधिसूचना संभवतः 16 जून 2025 को आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित की जाएगी। पिछली जनगणना 2011 में दो चरणों में की गई थी। पहला चरण एक अप्रैल से 30 सितंबर 2020 तक और दूसरा चरण नौ फरवरी से 28 फरवरी 2011 तक चला था। जनगणना 2021 भी दो चरणों में होनी थी। पहला चरण अप्रैल-सितंबर 2020 तक और दूसरा चरण फरवरी 2021 में होना था। लेकिन कोविड के चलते स्थगित करना पड़ा।

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का तात्पर्य अपमानजनक टिप्पणी नहीं : हाईकोर्ट

● सेना पर टिप्पणी करने के मामले में राहुल गांधी को नहीं दी राहत

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सेना पर कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में राहुल गांधी की याचिका को 29 मई को खारिज किया था। हालांकि तब न्यायालय ने विस्तृत फैसला बाद में देने को कहा था, इसी क्रम में विस्तृत फैसला देते हुए न्यायालय ने टिप्पणी की है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का तात्पर्य किसी पर अपमानजनक टिप्पणी करना नहीं होता है।

यह निर्णय न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने दिया है। न्यायालय ने कहा है कि परिवादी उदय शंकर श्रीवास्तव के वाद पत्र व गवाहों के बयान को देखने से प्रथम दृष्टया राहुल गांधी के खिलाफ आईपीसी की धारा 500 के तहत सेना का अपमान कारित करने का मामला बनता है लिहाजा मजिस्ट्रेट कोर्ट द्वारा उनको विचारण के लिए तलब करने के आदेश में कोई त्रुटि नहीं है। उक्त परिवाद में राहुल गांधी पर आरोप लगाया गया है कि न्याय यात्रा के दौरान उन्होंने सेना पर अपमानजनक टिप्पणी करते हुए तमाम बातें कही थीं जिनमें उनके द्वारा यह भी कहा गया था कि चीनी सैनिक हमारे सैनिकों की पिटाई कर रहे हैं। राहुल गांधी की ओर से पेश अधिवक्ता प्रांशु अग्रवाल की दलील थी कि सभी व्यक्तियों को संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत अपनी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है और इसलिए राहुल गांधी को भी अपनी असहमति प्रकट करने का अधिकार है। हालांकि न्यायालय ने इस तर्क को यह कहकर नकार दिया कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रा का तात्पर्य किसी व्यक्ति या सेना पर अपमानजनक टिप्पणी करना नहीं होता है। न्यायालय ने राहुल गांधी के अधिवक्ता की इस दलील को भी नामंजूर कर दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि धारा 500 के तहत मानहानि का मुकदमा सिर्फ सीधे तौर पीड़ित व्यक्ति ही दाखिल कर सकता है।





# खुद पुनरीक्षण शक्तियों का प्रयोग नहीं कर सकते हाईकोर्ट

## शिकायतकर्ता द्वारा अपील दायर न होने की स्थिति में उच्चतम न्यायालय ने दी व्यवस्था

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि उच्च न्यायालय पीड़ित, शिकायतकर्ता या सरकार द्वारा अपील दायर न किए जाने की स्थिति में सजा बढ़ाने या किसी अन्य आरोप में अभियुक्त को दोषी ठहराने के लिए खुद से पुनरीक्षण शक्तियों का प्रयोग नहीं कर सकते।

न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने नागराजन नामक व्यक्ति द्वारा दायर उस अपील पर यह फैसला सुनाया, जिसमें मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ के आदेश को चुनौती दी गई थी। इस आदेश में उसे एक महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी ठहराया गया था और पांच वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई थी।



नागराजन को शील भंग करने और घर में जबरन घुसने के मामले में भी दोषी ठहराया गया था। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि निचली अदालत ने उसे आत्महत्या के लिए उकसाने के लिए आईपीसी की धारा 306 के आरोपों से बरी कर दिया था और उसे केवल महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने और घर में जबरन घुसने का दोषी ठहराया था। नागराजन ने उच्च न्यायालय में अपील की, जिसने निचली अदालत के दोषसिद्धि के आदेश को बरकरार रखा, लेकिन स्वतः संज्ञान लेते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत उसकी दोषसिद्धि के लिए कार्यवाही शुरू की और उसे दोषी करार दिया। पीड़ित द्वारा सजा बढ़ाने या बरी करने के लिए कोई अपील दायर नहीं की थी। पीठ ने कहा कि किसी अपील के अभाव में, उच्च न्यायालय सजा बढ़ाने या अपीलकर्ता को किसी अन्य आरोप में दोषी ठहराने के लिए स्वतः संज्ञान लेकर पुनरीक्षण नहीं कर सकता है।

### अपीलीय अदालत को निष्कर्ष और सजा उलटने का अधिकार

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि सरकार या शिकायतकर्ता या पीड़ित द्वारा दायर अपील में सजा बढ़ाने के लिए अपीलीय अदालत की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए, सीआरपीसी में प्रावधान है कि अपीलीय अदालत निष्कर्ष और सजा को उलट सकती है और आरोपी को बरी कर सकती है, या अपराध की सुनवाई करने के लिए सक्षम अदालत द्वारा उस पर फिर से मुकदमा चलाने का आदेश दे सकती है, या सजा को बरकरार रखते हुए निष्कर्ष को बदल सकती है। नागराजन ने उच्च न्यायालय के 29 नवंबर, 2021 के आदेश को चुनौती दी थी नागराजन पर 11 जुलाई, 2003 को अपनी पड़ोसी के घर में जबरन घुसकर उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया गया था। अगले ही दिन महिला ने अपने शिशु के साथ आत्महत्या कर ली थी।

## उ.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

क्षेत्रीय कार्यालय : 1219/1, ई-ब्लाक राजेन्द्र नगर, बरेली - 243122

**विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2025**

पर्यावरण दिवस पर समस्त क्षेत्रीय निवासियों से विनम्र अपील

आप सभी से अपील की जाती है कि पर्यावरण को शुद्ध एवं निर्मल बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगायें एवं इस राष्ट्रीय दिवस को यादगार बनाने में राष्ट्र का सहयोग करें। धन्यवाद!

पर्यावरण मानव जीवन के लिए अत्यन्त आवश्यक है

क्षेत्रीय अधिकारी



## विश्व पर्यावरण दिवस

5 जून 2025



**महेंद्र कुमार बाजपेई**

ब्लाक प्रमुख

विकास खण्ड मोहम्मदी

लखीमपुर खीरी

9415559463

8299420358

## विश्व पर्यावरण दिवस

5 जून 2025

## सरदार बल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज

भोजीपुरा, बरेली






**डॉ. हरीशंकर गंगवार**

चेयरमैन

मो. 9412287776

9412288876, 9412288878,

9457507777

# विश्व पर्यावरण दिवस

पर्यावरण मानव जीवन के लिए अत्यन्त आवश्यक है

एक पौधा अवश्य लगायें।

## विश्व पर्यावरण दिवस

05 जून 2025



**सीए राजेन विद्यार्थी**

"रोटरी गवर्नर 2025-26"

प्रेमनगर, बरेली

## विश्व पर्यावरण दिवस

5 जून 2025

**तीर्थ रानी**

(प्रधान)



नरेन्द्र वर्मा (प्रधान प्रतिनिधि)

ग्राम पंचायत कफारा होलागढ़, लखीमपुर खीरी

## विश्व पर्यावरण दिवस

5 जून 2025

ख्वाजा ब्रिकफील्ड भट्टा



हुरमत अली खान

शेखन पुरवा

## विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2025

आर्थोस्कोपी व स्पोर्ट्स इंजरी स्पेशलिस्ट

## वेंकटेश्वर हॉस्पिटल

ऑर्थोपैडिक ट्रॉमा एण्ड मल्टी स्पेशलिटी सेन्टर



**डा. अजय कुमार श्रीवास्तव**

MBBS, MS

हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ

A.O. Fellow of Orthopedic SICOT Member

घुटने का दर्द, सूजन, हड्डी का बढ़ना, पैर का टेढ़ा पड़ना, लुबाबा का कम होना का इलाज व ऑपरेशन, कूल्हे की हड्डी का बढ़ना व सूखना/टीबी, कूल्हे का दर्द का इलाज व ऑपरेशन

कूल्हे एवं घुटने के जोड़ प्रत्यारोपण के सर्जन

पुरानी गलत जुड़ी हड्डी का इलाज

HELPLINE : 6399341012

गुप्ता बारात घर कॉम्पलैक्स, बीसलपुर रोड, हरूनगला, बरेली

# विश्व पर्यावरण दिवस

5 जून 2025

Dream of Healthy India NOVA® DAIRY PRODUCTS

## STERLING AGRO INDUSTRIES LTD.

KASGANJ




## विश्व पर्यावरण दिवस

5 जून 2025

Hero

Self Start

नई HF Deluxe



बरेली की नई HF अब सिर्फ ₹65,000* में

नई एक्स-शोरूम कीमत



GET THE VIDA 2

Modern and Stylish

New EV

Price 85000/- to Start

VIDA Powered by Hero

**बाँके बिहारी हीरो**

पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

मो. 9719255565, 7290082703

**राधा रानी ऑटो मोबिल्ज**

स्टेडियम रोड, बरेली। मो. 7409819090

卐 पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा 卐
5 जून अयोध्या में दिव्य श्री रामदरबार विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

## आज का मौसम

तेज हवा चलने के साथ बारिश के आसार।

32.0° अधिकतम तापमान | 23.0° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- अग्रवाल परिवार की ओर से श्रीमद् भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ समारोह के उपलक्ष्य में कलश यात्रा शिव मंदिर से कथा स्थल सत्यम बरात घर तक सुबह 10 बजे से।
- सेंट्रल यूपी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से सेमिनार बरेली क्लब में शाम 8:30 बजे
- पार्थ गौतम फाउंडेशन की ओर से युवा सेवक संघ का शहर विधानसभा क्षेत्र का कार्यक्रम अर्बनहॉट ऑडिटोरियम में दोपहर 12 बजे।

# कार और लोडर वाहन की भिड़ंत में दो की मौत

## बीसलपुर रोड पर राघवपुर मोड़ के पास दोनों वाहनों की आमने- सामने से हुई टक्कर में कार खाई में गिरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली/भुता



मोहित भारती।



घटना स्थल पर मौजूद लोग और क्षतिग्रस्त कार। • अमृत विचार



हादसे में क्षतिग्रस्त लोडर वाहन।

**अमृत विचार :** बरेली-बीसलपुर रोड पर राघवपुर मोड़ पर बुधवार सायं करीब 4 बजे कार और छोटा हाथी (लोडर वाहन) की आमने सामने जबर्दस्त भिड़ंत हो गई। टक्कर होने के बाद कार खाई में जा गिरी और बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक की पहचान हो गई है, जबकि दूसरे की शिनाख्त कराई जा रही है। लोडर वाहन में सवार चार लोग घायल हो गए। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने चारों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां दो की हालत गंभीर बनी हुई है।

पुलिस ने बताया कि लोडर वाहन बीसलपुर की ओर से आ रहा था, जबकि कार बरेली से बीसलपुर की ओर जा रही थी। राघवपुर मोड़ के पास तेज गति से आ रहे दोनों वाहनों की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार खाई में जा गिरी। वहीं लोडर वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने दौड़कर दोनों वाहनों से घायलों को निकाला। इसी बीच सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा। जहां मोहित भारती (35) पुत्र स्व. कृष्णलाल भारती निवासी चंद्रमणि नगर बुद्धविहार डेलापीर थाना इज्जतनगर व दूसरे युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दूसरे मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। बताया जाता है कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से कार को किसी तरह काटकर घायलों को बाहर निकाला और जिला अस्पताल भेजा। भुता पुलिस ने बताया कि दूसरे मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### घटना में ये लोग हुए घायल

घटना में कार चालक ओमप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। लोडर में सवार चालक इरफान, हेल्पर मनोज कुमार (निवासी अमृता, थाना भुता) ग्राम रुपियापुर निवासी नरोत्तम गंगवार व नीरज गंगवार को भी गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों को बरेली जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां ओमप्रकाश की हालत नाजुक बनी हुई है।

### हादसे के बाद लगा लंबा जाम, थमे वाहन

हादसे के बाद सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मशक्कत के बाद जाम खुलवाया। करीब एक घंटे तक आवागमन काफी धीमी गति से चलता रहा।

### सड़क हादसे में मोहित की मौत की खबर सुनकर मां और पत्नी हुईं बेसुध

चंद्रमणि नगर बुद्धविहार डेलापीर निवासी अनूप भारती ने बताया कि वह तीन भाई हैं। मोहित दूसरे नंबर का था। मोहित नए बन रहे पेट्रोल पंपों पर इलेक्ट्रिशियन का कार्य ठेकेदार की ओर से करता था। रिछोला गांव में नया पेट्रोल पंप खुल रहा है। वहीं पर ठेकेदार ने भेजा था। जाते समय हादसा हो गया। बताया कि मोहित का दो वर्ष पूर्व बबिता के साथ विवाह हुआ था। मोहित की मौत से मां शारदा, पत्नी बबिता, भाई मनोज और अनूप का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बकरीद पर शहर में प्रवेश नहीं कर सकेंगे भारी वाहन

कार्यालय संवाददात, बरेली

- 7 जून को सुबह 5 बजे से नमाज समाप्ति तक जारी रहेगा रूट डायवर्जन

**अमृत विचार :** ईद-उल-अजहा (बकरीद) 7 जून को है। इस मौके पर शहर में यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई है। 7 जून को सुबह 5 बजे से ईद-उल-अजहा की नमाज की समाप्ति तक रूट डायवर्जन की व्यवस्था लागू रहेगी।

एसपी यातायात मोहम्मद अकमल खां ने बताया कि दिल्ली, रामपुर, नैनीताल और पीलीभीत की तरफ से आने वाले भारी वाहन जिनको बरेली आना है वह झुमका तिराहा बड़ा बाईपास बिलवा, विलयधाम, नवदिया झादा, इन्वर्टिस तिराहा से ट्रांसपोर्ट नगर आ सकेंगे। दिल्ली, रामपुर, नैनीताल और पीलीभीत की ओर से बदायूं जाने वाले भारी वाहन बड़े बाईपास से विलयधाम, इन्वर्टिस से नो-एन्ट्री समय के अतिरिक्त समय सुबह 7 बजे से पहले कैंट और बुखारा होकर जा सकेंगे। बदायूं से आने वाले भारी वाहन नो इंट्री के समय से पहले सुबह 7 बजे से पहले रामगंगा, बुखारा और कैंट होते हुए बरेली आ सकेंगे। दिल्ली, रामपुर की तरफ से आने वाली रोडवेज बसें झुमका तिराहे से मिनी बाईपास, इज्जतनगर तिराहा, डेलापीर, 100 फुटा पूर्वी होते हुए सैटेलाइट बस अड्डे तक आएंगी और इसी रास्ते से वापस जायेगी।

उन्होंने बताया कि नमाज के दौरान शहर में सभी प्रकार के भारी वाहन और रोडवेज बसें चौकी चौराहा, मिनी बाईपास से दूल्हे मियां की मजार की ओर नहीं जा सकेंगी। एसपी यातायात ने बताया कि यातायात व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के लिए प्रमुख स्थानों पर ट्रैफिकपुलिस को तैनात किया जाएगा, ताकि लोगों को असुविधा न हो। रूट डायवर्जन के दौरान शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह से रोक रहेगी। नियमों का पालन कराया जाएगा।

# सवारी गाड़ी बनाकर चलाने पर 50 निजी वाहन सीज किए



वाहनों को चेक करती परिवहन विभाग की टीम। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 15 तक मंडल के चारों जिलों में चलेगा अभियान

**अमृत विचार :** परिवहन विभाग ने निजी वाहनों को सवारी गाड़ी बनाकर चलाने वालों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। तीन दिन में ऐसे 50 निजी वाहन सीज किए गए हैं। जबकि 104 से अधिक वाहनों के चालान किए गए हैं। आरटीओ के निर्देश पर 15 जून तक मंडल के चारों जिलों में अभियान जारी रहेगा।

आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर 1 से 3 जून तक बरेली में 9, बदायूं में 9, पीलीभीत में 14 और शाहजहांपुर में कुल 22 वाहनों को सीज किए गए। इसके अलावा 104 वाहनों के चालान किए गए। आरटीओ प्रवर्तन ने बताया कि ऐसे वाहनों के चालान किए गए, जो निजी गाड़ी को सवारी गाड़ी में इस्तेमाल कर रहे हैं। जिसमें ईको कार समेत ई रिक्शा और अन्य वाहन शामिन हैं। 15 जून तक इस तरह से रोज अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

# कंपनी चलाने का झांसा देकर पांच लाख रुपये हड़पे

**बरेली, अमृत विचार :** कंपनी चलाने का झांसा देकर जालसाज ने पांच लाख रुपये हड़प लिए। रुपये मांगने पर आरोपी ने पीड़िता को धक्का देकर गिरा दिया और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर सीबीगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सीबीगंज के गोविंदापुर की जुवैदा ने बताया कि उनके बेटे से गांव के ही इरशाद, हारुन, तहजीब खां और अकरम ने कंपनी चलाने के बहाने पांच लाख रुपये ले लिए। वादा किया कि रुपये जल्द वापस कर देंगे। तय समय पर उनके बेटे ने आरोपियों से रुपये मांगे तो वह टालमटोल करने लगे। 1 जून 2025 को वह आरोपियों से रुपये मांगने के लिए गईं। तब आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए उन्हें धक्का दे दिया, जिससे उनके चोट लग गई।

# बच्ची से छेड़छाड़, गाल काटने के दोषी को उम्रकैद

विधि संवाददाता, बरेली





- थाना शेरगढ़ के ग्राम खजुआ जागीर निवासी छेदालाल को कोर्ट ने सुनाई सजा
- स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट देवाशीष ने दोषी पर 25 हजार का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार :** ढाई वर्षीय मासूम बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने और उसका गाल काटने के आरोपी थाना शेरगढ़ के ग्राम खजुआ जागीर निवासी छेदालाल को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट देवाशीष ने आजीवन कारावास व 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

सरकारी वकील राजीव तिवारी व आलोक प्रधान ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना भोजीपुरा में तहरीर देकर बताया था कि 15 दिसम्बर 2021 को वह काम से धौराटांडा बाजार गया था। उसकी बेटी उम्र करीब 2.5 वर्ष घर के बाहर सरकारी नल के पास खेल रही थी। तभी छेदालाल गंगवार (45) आया और उसकी बेटी को पकड़कर सरकारी नल के पास बैठकर बेटी का गाल अपने मुंह से काटने लगा। गाल एक तरफ से बुरी तरह घायल कर दिया। बेटी की रोने की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोगों ने शोर मचाया, लोगों ने आकर बेटी को बचाया। पुलिस ने छेड़छाड़, गंभीर चोट पहुंचाने, पॉक्सो एक्ट, एससी/एसटी एक्ट समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। इसके बाद विवेचना कर आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। शासकीय अधिवक्ता ने 6 गवाह पेश किये।

# अपहरण के बाद युवती से दो युवकों ने किया सामूहिक दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सीबीगंज थाना क्षेत्र के दो गांवों में आरोपियों ने युवती को रखा
- पिता की दुकान से सामान लेकर लौटते समय किया था अगवा

**अमृत विचार :** हाफिजगंज थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती का कुछ लोगों ने नशा सुंघाकर अपहरण कर लिया। इसके बाद उसे सीबीगंज थाना क्षेत्र के दो गांवों में ले गए और वहां सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोपियों के चंगुल से छूटने के बाद युवती घर पहुंची तो परिजनों ने थाना हाफिजगंज में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस को दी तहरीर में युवती ने बताया कि 31 मई की रात में वह अपने पिता की दुकान से सामान लेकर घर वापस लौट रही थी। रास्ते में उसका पड़ोसी गुड्डू व उसके साथ कुछ अज्ञात लोग मिल गए और मुंह पर कपड़ा रखकर बेहोश कर दिया। पीड़िता ने बताया कि जब उसे होश आया तो वह सीबीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में थी। जिस मकान में उसे रखा गया, वह आरोपी के रिश्तेदार का है। आरोप है कि वहां उसके साथ दो लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया।

### आरोपियों ने पीड़िता को दी धमकी

युवती ने बताया कि रिश्तेदार के घर पर दुष्कर्म करने के बाद आरोपी उसे दूसरे गांव ले गए। वहां भी दुष्कर्म किया। वहां आरोपियों ने धमकी दी कि यदि कहीं भी शिकायत की तो पूरे परिवार को जान से मार देंगे। किसी तरह आरोपियों के चंगुल से छूटकर युवती अपने घर पहुंची और पूरा घटनाक्रम बताया। इसके बाद परिजन युवती को लेकर थाना हाफिजगंज पहुंचे और गुड्डू व अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

### दुष्कर्म के बाद चलती रही पंचायत

मुकदमे से बचने के लिए आरोपी व उसके परिजनों के बीच गांव के कुछ लोग पंचायत करा रहे थे, लेकिन युवती के परिजनों ने पंचायत की राय के अनुसार आरोपी से शादी करने से इनकार कर दिया। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर हाफिजगंज पवन कुमार सिंह ने बताया कि जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस जेल भेजेगी।

# दो किलोग्राम अफीम के साथ तीन तस्कर दबोचे

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर पुलिस ने विलयधाम पुल के पास से तीन तस्करों को दबोच लिया। तलाशी में तीनों के पास से दो किलोग्राम अफीम और 410 रुपये बरामद हुए। पूछताछ के बाद पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया।

इज्जतनगर थाने में तैनात दरोगा संजय सिंह ने बताया कि मंगलवार शाम छह बजे विलयधाम हाईवे के किनारे वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। सूचना मिली कि हाईवे पर तीन लोग एक बाइक लेकर अफीम बेचने की फिराक में खड़े हैं। वह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तीनों आरोपियों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी मुजम्मिल निवासी क्योना शादीपुर थाना भमोरा के पास से 700 ग्राम अफीम और 100 रुपये, सिरोही थाना भमोरा निवासी सल्लू खां से 650 ग्राम अफीम और 110 रुपये और बदायूं के थाना बिनावर निवासी मुजाहिद उर्फ मुजाहिरउद्दीन के पास से 650 ग्राम अफीम और 200 रुपये बरामद हुए।

# मकान पर कब्जा लेने पहुंचे क्रेता से मांगी 10 लाख की रंगदारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रुपये न देने पर रास्ते में घेरकर की फायरिंग

**अमृत विचार :** खरीदे हुए मकान पर कब्जा लेने पहुंचे एक व्यक्ति से दबंगों ने 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। रास्ते में घेरकर फायरिंग की। मामले में बारादरी पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बारादरी के रबड़ी टोला निवासी मोहम्मद शोएब ने बताया कि उन्होंने और मोहम्मद जीशान ने 110 वर्गगज का मकान दादू का कुआं रबड़ी टोला में 21 मई 2025 को राहत उल्ला से खरीदा था। मकान में जीशान व उसका आधा आधा हिस्सा था। 22 मई को जब वह और उसका साथी जीशान व इजहार मकान पर कब्जा लेने पहुंचे तो वहां रह रहे राहिल, फराज और रईस मियां ने विरोध किया। आरोपियों ने कहा कि कब्जा लेना है तो पहले 10 लाख रुपये लेकर आओ। नहीं तो मकान पर कब्जा लेने नहीं दूंगा और गाली गलौज करके भगा दिया। 24 मई को रात करीब 11.30 बजे वह जीशान, सैय्यद असल अली, इजहार, आशू खान, उनैस के साथ बाइक से शाहदाना से कंपनी बाग की ओर जा रहे थे। रास्ते में राहिल, फराज, इकराम और रईस मियां ने घेर लिया। आरोपियों ने तमंचे से फायरिंग कर दी। जिससे वे लोग बाल बाल बच गए।

### दबंगों ने महिला को बाजार में पीटा, वीडियो वायरल

**फरीदपुर, अमृत विचार :** दबंगों ने एक महिला को सरेराह बाजार में लात- घूसों से पीटा, जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। एक स्थानीय युवक इसकी वीडियो में एक्स पर पोस्ट करते हुए बरेली पुलिस को टैग कर कार्रवाई की मांग की। वायरल वीडियो में दो युवक को महिला को पीटते दिखाई दे रहे हैं तो कुछ लोग, वहां से भागते नजर आ रहे है। वीडियो में महिला भी संघर्ष करतीं नजर आ रही है। कुछ देर बाद दोनों युवक स्कूटी से भाग जाते है। यह वीडियो फुल सिंह राजपूत ने यूपी 112 एवं बरेली पुलिस को एक्स पर पोस्ट कर कार्रवाई की मांग की।

# बाकरगंज खड्डु में ट्रांसफार्मर फुंकने से तीन घंटे बिजली गुल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बाकरगंज खड्डु में मंगलवार को ट्रांसफार्मर फुंकने से तीन घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। ट्राली ट्रांसफार्मर लगाकर आपूर्ति बहाल कराई गई। वहीं, सिविल लाइंस प्रथम सबस्टेशन की 33 केवी लाइन में फाल्ट से रामपुर बाग, नगर निगम समेत कई स्थानों पर दो घंटे बिजली गुल रही। सिविल लाइंस तृतीय सबस्टेशन के कालीबाड़ी आदि जगह पर बुधवार को लो वोल्टेज की समस्या बनी रही। दुर्गानगर सबस्टेशन के संजयनगर में लोकल फाल्ट के चलते बिजली आपूर्ति बाधित रही।

हरूनगला के कई इलाकों में बुधवार को बिजली का संकट बना रहा। सनसिटी सबस्टेशन के वीर सावरकरनगर नगर में फेस नहीं आने की समस्या से लोग परेशान रहे। सुभाषनगर के खन्ना बिल्डिंग के पास भी बिजली समस्या रही। सीबीगंज सबस्टेशन के कहकसा कॉलोनी, रामपुर रोड, स्वालेनगर, लीची बाग, कैंफर स्टेट, खलीलपुर, स्लीपर रोड आदि स्थानों पर दो घंटे बिजली गुल रही। महानगर और जगतपुर के इलाकों में भी लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग की समस्या रही।



बाकरगंज खड्डु में ट्रॉली ट्रांसफार्मर लगाते कर्मचारी।

- सनसिटी और कुतुबखाना क्षेत्र में बनी रही फेस नहीं आने की समस्या

**ट्रांसफार्मर फुंकने पर मांगा जा रहा जवाब :** मई में गर्मी में बिजली की खपत बढ़ने के बाद शहर और देहात में 300 से अधिक ट्रांसफार्मर फुंक गए। जिस इलाके में ट्रांसफार्मर फुंके हैं, वहां के एसडीओ और जेई को नोटिस देकर ट्रांसफार्मर फुंकने पर जवाब मांगा जा रहा है। मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि जहां ट्रांसफार्मर फुंका है, वहां अधिशासी अभियंता के साथ एसडीओ और जेई को नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### किला सबस्टेशन पर आज दो घंटे बंद रहेगी आपूर्ति

एसडीओ पारस रस्तोगी के अनुसार गुरुवार को किला सबस्टेशन पर मेंटीनेंस का काम कराया जाएगा। जिसके चलते दोपहर 12 से 2 बजे तक किला सबस्टेशन के सभी फीडर पर आपूर्ति प्रभावित रहेगी। जिससे किला, बाकरगंज, हुसैन बाग, बड़ा बाजार, इंग्लिशगंज, खन्नू मोहल्ला, रेती चौराहा, साहूकारा, हार्टमन, अशरफ खां छावनी, गढ़ी चौकी, किला फाटक समेत अन्य इलाके प्रभावित होंगे।

# आईआरसीटीसी कराएगा भारत गौरव ट्रेन से 7 ज्योतिर्लिंग यात्रा

कार्यालय संवाददाता, बरेली





- 30 जून से शुरू होगी 12 दिन की प्रमुख ज्योतिर्लिंग और धार्मिक स्थलों की यात्रा

**अमृत विचार :** भारतीय रेलवे की सहयोगी इकाई इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) भारत गौरव विशेष ट्रेन के माध्यम से श्रद्धालुओं को 7 ज्योतिर्लिंग की यात्रा कराएगी। यह यात्रा 30 जून से 11 जुलाई तक होगी। कुल 11 रात और 12 दिन की यात्रा होगी, जिसमें श्रद्धालु देश के प्रमुख ज्योतिर्लिंग स्थलों और धार्मिक स्थलों के दर्शन कर सकेंगे।

आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा के अनुसार यात्रा के दौरान श्रद्धालु उज्जैन स्थित महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, गुजरात के द्वारिकाधीश मंदिर, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ मंदिर, नासिक स्थित त्र्यंबकेश्वर, पंचवटी, कालाराम मंदिर, औरंगाबाद के घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग तथा भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग सहित अन्य पवित्र स्थलों के दर्शन करेंगे। इस विशेष ट्रेन में बैठने और उतरने की सुविधा गोरखपुर, मनकापुर, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज संगम, रायबरेली, लखनऊ, कानपुर, ओरई, झांसी और ललितपुर जैसे प्रमुख स्टेशनों से उपलब्ध होगी। कंफर्ट श्रेणी में प्रति व्यक्ति का शुल्क 53,260, स्टैंडर्ड श्रेणी में शुल्क 40,000 और स्लीपर श्रेणी में प्रति व्यक्ति शुल्क 23,500 रुपये तय किया गया है।

# शराब के लिए रुपये न देने पर किया चाकू से हमला

**बरेली, अमृत विचार :** शराब के लिए रुपये न देने पर दबंगों ने मंगलवार शाम महिला के साथ मारपीट की और चाकू से हमला कर दिया। परिजनों ने महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। सुभाषनगर थाना क्षेत्र में मढ़ीनाथ चौकी के पास रहने वाली मंजू साहू ने बताया कि उनके बेटे से मोहल्ले के ही तीन लोग शराब पीने के लिए रुपये मांग रहे थे। इन्कार करने पर आरोपी उनके बेटे को पीटने लगे। जब वह बेटे को बचाने के लिए पहुंचीं तो आरोपियों ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। परिजनों ने थाना सुभाषनगर में तहरीर दी है। महिला का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है।

# गंगा दशहरा व निर्जला एकादशी पर तीन जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलेंगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रेलवे अधिकारियों के अनुसार 5 और 6 जून को दो-दो फेरे लगाएंगी स्पेशल ट्रेनें

**अमृत विचारः** गंगा दशहरा और निर्जला एकादशी पर रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए तीन जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। ये ट्रेनें 5 और 6 जून को अप और डाउन में दो-दो फेरे लगाएंगी। यात्रियों को हरिद्वार, बरेली, मुरादाबाद, लखनऊ और दिल्ली के बीच सुगम यात्रा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से इन स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा।

लखनऊ से हरिद्वार के लिए 04309 विशेष ट्रेन पांच और छह जून को रात 11:30 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन बरेली दोपहर 2:02 बजे पहुंचेगी और फिर कांठ, स्योहारा, धामपुर, नगीना, नजीबाबाद होते हुए रात 8:20 बजे हरिद्वार पहुंचेगी।

वापसी में 04310 ट्रेन हरिद्वार से इन्हीं तारीखों को रात 10:45 बजे चलेगी और बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई होते हुए सुबह 9:25 बजे लखनऊ पहुंचेगी। इसके अतिरिक्त दिल्ली और हरिद्वार के बीच भी दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। 04305 ट्रेन दिल्ली से पांच और छह जून को रात 11 बजे रवाना होगी और हरिद्वार तड़के 4:50 बजे पहुंचेगी।

वापसी में 04306 ट्रेन हरिद्वार से दोपहर 3:40 बजे चलेगी और दिल्ली रात 8:45 बजे पहुंचेगी। दूसरी जोड़ी स्पेशल 04307 ट्रेन दिल्ली से शाम 3:50 बजे रवाना होकर रात 10 बजे हरिद्वार पहुंचेगी। वापसी में 04308 ट्रेन हरिद्वार से शाम 7:45 बजे रवाना होकर दिल्ली रात 2 बजे पहुंचेगी। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि गंगा दशहरा और निर्जला एकादशी पर हर साल श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है, इसलिए यात्रियों की सुविधा और भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।

### इंजीनियरिंग कार्य के चलते दो ट्रेनों का संचालन नियंत्रित

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के छपरा-औड़िहार रेल खंड में गाजीपुर सिटी और आंकुशपुर स्टेशनों के बीच क्रॉसिंग संख्या-21सी तथा युसुफपुर और करीमुद्दीनपुर स्टेशनों के बीच 4 और 5 जून को इंजीनियरिंग कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के चलते रेलवे प्रशासन द्वारा कुछ ट्रेनों का संचालन अस्थायी रूप से नियंत्रित किया गया है। जनसम्पर्क अधिकारी के अनुसार, ब्लॉक के कारण 5 जून को बरेली होकर गुजरने वाली 12562 नई दिल्ली-जयनगर एक्सप्रेस को उसके निर्धारित मार्ग में 90 मिनट रोका जाएगा। इसी प्रकार 15552 वाराणसी सिटी-दरभंगा एक्सप्रेस को 45 मिनट नियंत्रित किया जाएगा। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि यात्रा से पूर्व संबंधित ट्रेन की समय-सारणी की जानकारी रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट या हेल्पलाइन से अवश्य प्राप्त करें।

### लालकुआं-राजकोट विशेष गाड़ी में जुड़ेंगे दो अतिरिक्त कोच

पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन के अनुसार लालकुआं-राजकोट विशेष गाड़ी में दो अतिरिक्त कोच जोड़े जाएंगे, जिससे यात्रियों को राहत मिलेगी। जनसंपर्क विभाग के मुताबिक 05045/05046 लालकुआं-राजकोट-लालकुआं विशेष गाड़ी में दो अतिरिक्त साधारण द्वितीय श्रेणी के कोच स्थायी रूप से जोड़े जाएंगे। यह व्यवस्था लालकुआं से 8 जून और राजकोट से 9 जून से लागू होगी।

### कई ट्रेनें रहीं प्रभावित

गाड़ी संख्या 14003 नई दिल्ली अपने निर्धारित समय से एक घंटा, 04605 कटरा स्पेशल पांच घंटा, 05520 सहरसा स्पेशल करीब सात घंटा और छपरा स्पेशल करीब छह घंटा देरी से बरेली जंक्शन पहुंचीं।

# महिला से चेन और अंगूठी लेकर टप्पेबाज फरार

**बरेली, अमृत विचार :** टप्पेबाजों ने महिला को भ्रमित करके सोने की चेन और अंगूठी ले ली। शिकायत पर सुभाषनगर पुलिस ने दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इज्जतनगर थाना क्षेत्र के मुंशीनगर रामायण वाटिका निवासी राजकुमारी ने बताया कि 30 मई को वह सुबह 11.04 बजे नैना मेंशन के बाहर खड़ी थीं। तभी दो अज्ञात युवक आए और बातचीत करने लगे। बातों बातों में दोनों ने उन्हें भ्रमित कर दिया। आरोपियों ने उनसे सोने की चेन और अंगूठी ले ली। पीड़िता ने बताया कि दोनों आरोपी सीसीटीवी में कैद हो गए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपियो की तलाश की जा रही है।

प्रवेश प्रारम्भ

चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस

रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.

चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान

- उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
- सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
- सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति

स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें

GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)

आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज

विशेष सुविधाएं

- मेडिक्लेम, बीमा योजना
- ICU वेन्टीलेटर सुविधा

सिटी ऑफिस

चन्द्रलोक हॉस्पिटल

दूरबीन विधि द्वारा

- पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
- प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
- रसौली, बांझपन की जाँच
- बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
- मेडिक्लेम
- स्त्री एवं प्रसूति रोग
- सभी प्रकार की सर्जरी
- पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
- ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
- ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
- हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज

पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000







## देखरेख के अभाव में हरियाली लापता

स्मार्ट शहर की स्मार्टनेस बढ़ाने के प्रयास में शहर के बड़े और पुराने पेड़ों की लगातार बलि चढ़ाई जा रही है। दूसरी तरह शहर को हरा-भरा दिखाने को डिवाइडर पर पौधे रोपे जा रहे हैं, लेकिन सरकारी कर्मचारियों की उदासीनता इन पौधों को पनपने नहीं दे रही है। शहर में डिवाइडर पर लगाए गए तमाम पौधे विकसित होकर पेड़ बनने से पहले काल कवलित होकर सूखे ठूंठ में परिवर्तित होते जा रहे हैं। हकीकत ये है कि नगर निगम कर्मचारियों की लापरवाही के चलते लाखों रुपये की चपत लग रही है।

फोटो एवं विवरण ● मोहित कुमार सिंह

## शिक्षक और छात्रों की मेहनत से मथुरापुर स्कूल में छाई हरियाली

**बरेली, अमृत विचार :** नगर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मथुरापुर में छात्रों और शिक्षकों के प्रयास से परिसर में हरियाली छा गई है। शिक्षक ने 2013 में पौधे लगाने का सिलसिला शुरू किया था, जो अब बगीचे का रूप ले चुका है। जिसमें किचन गार्डन के रूप में आंवला, मूली, टमाटर आदि के पौधे उगाए गए हैं। बगीचे में मैथमेटिकल गार्डन बना हुआ है। छात्र पौधों का संरक्षण कर स्कूल के आंगन में खेलते हैं। हर साल शिक्षकों के साथ मिलकर पौधारोपण करने में सहायता करते हैं। प्रधानाचार्य अनिल ने बताया कि बच्चों में स्वभाविक रुचि प्रकृति से जुड़ने की होती है, इसलिए पर्यावरण से जुड़ी गतिविधियों बढ़-चढ़ कर भाग लेते हैं। एसआरजी अनिल चौबे ने बताया परिषदीय स्कूलों में पांच माह पहले इको क्लब बनाए गए हैं, जिससे जुड़कर शिक्षक व छात्र अपने आस-पास के क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण का कार्य करते हैं।

# शहर के विकास पर खर्च होंगे 75 करोड़, मेयर ने मांगे प्रस्ताव

### 15 वें वित्त आयोग के टाइड और अनटाइड धनराशि से होंगे काम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मेयर डॉ.उमेश गौतम की अध्यक्षता में बुधवार को 15वें वित्त अवस्थापना निधि के तहत शासन से मिली धनराशि पर अफसरों के साथ बैठक कर चर्चा की। मेयर ने 75 करोड़ रुपये बजट से शहर में विकास के काम कराने के लिए निर्माण, जलकल, स्वास्थ्य और अन्य विभागों से प्रस्ताव मांगे हैं।

नगर निगम में मेयर कार्यालय पर देर शाम तक चली बैठक में नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि 15वें वित्त आयोग के तहत विकास कार्यों के लिए दिए जाने वाले दो प्रकार के अनटाइड और टाइड फंड हैं। इसके तहत शासन से 75 करोड़ रुपये का फंड मिला है। मेयर डा उमेश गौतम ने इस बजट को पेयजल, सीवर समेत जल निकासी, पर्यावरण संरक्षण और कूड़ा निस्तारण के कामों पर खर्च करने को कहा है।



अफसरों के साथ 15 वें वित्त की बैठक करते मेयर डॉ. उमेश गौतम।

- **मेयर की अध्यक्षता में अनुदान राशि पर अधिकारियों के साथ हुई बैठक**

उन्होंने कहा कि डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन और सड़कों की मरम्मत से लेकर नई सड़कों का निर्माण भी कराया जाए। जहां सीवर लाइनें क्षतिग्रस्त हैं, मैनहोल टूटे हुए हैं उनको भी ठीक कराया जाए, ताकि लोगों की समस्या दूर हो सके। सभी विभागों से प्रस्ताव मांगे जाएं और समय से काम पूरा किया जाए। बैठक में अपर नगर आयुक्त शशिभूषण राय, उपसभापति सर्वेश रस्तोगी, मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी, एक्सईएन राजीव कुमार राठी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. भानु प्रकाश, जलकल महा प्रबंधक मनोज कुमार आर्य आदि मौजूद रहे।

> 15वें वित्त की एक किस्त मिली है। इसको लेकर समिति की बैठक कर विकास कार्यों के एस्टीमेट मांगे हैं। इसके बाद होने वाली में बैठक में टाइड और अनटाइड फंड में मिली धनराशि विभिन्न कार्यों के लिए आवंटित कर दी जाएगी। अनुदान राशि न मिलने से रुके विकास कामों को गति मिलेगी। सभी कार्यों को समय से पूरा करना लक्ष्य होगा।
>
> -डॉ. उमेश गौतम, मेयर

## पदयात्रा निकाल पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली कॉलेज के पर्यावरण विज्ञान विभाग में विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर बुधवार को विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत सायं 4 बजे महाविद्यालय प्रांगण में पौधरोपण से हुई। इस दौरान 80 से अधिक पौधे रोपे गए।

पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ व प्रबंध समिति सदस्य डॉ. एके चौहान, सुभाष मेहरा और प्रो. एपी सिंह ने किया। महाविद्यालय सभागार से पर्यावरण जन जागरूकता पदयात्रा का आयोजन हुआ, जिसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह पदयात्रा पश्चिमी गेट, नॉवेल्टी चौराहा, अयूब खान चौराहा, बटलर प्लाजा, चौकी चौराहा, गांधी उद्यान, आनंद आश्रम होते हुए पूर्वी गेट से महाविद्यालय में समाप्त हुई। पदयात्रा में 250 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जनजागरूकता फैलाई। डॉ. जसपाल सिंह (संयोजक), डॉ. गौरव भूषण, डॉ. अनामिका अग्रवाल एवं डॉ. निष्ठा सेठ की विशेष उपस्थिति रही। आफरी जुल्फिकार, अंजलि, माहिर नजीम, निकिता त्रिपाठी, नीरज कुमार, मुकेश कुमार, अभिषेक गौतम, दिनेश कुमार, मंजीत सिंह, प्रदीप कुमार, नितिन सिंह आदि मौजूद रहे।

- **बरेली कॉलेज के पर्यावरण विज्ञान विभाग में हुए विभिन्न कार्यक्रम**




जागरूकता कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

# पर्यावरण संरक्षण : ग्राम पंचायतों से एकत्रित कराई 47 क्विंटल प्लास्टिक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिला पंचायती राज विभाग भी सजग है। ग्राम पंचायतों से पॉलिथिन को मुक्त करने के लिए अभियान चलाया गया। 15 दिवसीय अभियान में करीब 47 क्विंटल प्लास्टिक एकत्रित कराकर उसे प्लास्टिक मैनेजमेंट प्लांट में डंप कराया गया है। अब 10 रुपये किलो के हिसाब से ग्राम पंचायतों को भुगतान कराया जाएगा।

जिले में 1188 ग्राम पंचायतें हैं, जहां पर बड़ी संख्या में लोग प्लास्टिक को इधर-उधर फेंके देते हैं, इससे पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ने के साथ ही लोगों की सेहत के लिए भी हानिकारक है। डीपीआरओ कमल किशोर ने सभी ग्राम पंचायतों में सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्रीकरण अभियान चलाने का आदेश दिया था। 20 मई से 5 जून तक अभियान चलाया गया, जिसमें सफाई कर्मियों को लगाकर प्लास्टिक को एकत्र कराई गई। पंचायती राज विभाग ने एकत्रित की गई प्लास्टिक के वजन के अनुसार ब्लॉक वार रिपोर्ट तैयार कराई है। आलमपुर जाफराबाद से 5 क्विंटल 87 किग्रा., भोजीपुरा से 3 क्विंटल 51 किग्रा., फरीदपुर से 5 क्विंटल 90 किग्रा., भदपुरा से 3 क्विंटल 57 किग्रा., शेरगढ़ से 1 क्विंटल, रामनगर से 1 क्विंटल, नवाबगंज 4 क्विंटल, मीरगंज 7 क्विंटल, बहेडी से 5 क्विंटल, क्यारा से 1 क्विंटल, फतेहगंज पश्चिमी से 3 क्विंटल, भुता से 2 क्विंटल, दमखोदा से 3 क्विंटल, मझगवां से 1 क्विंटल, बिथरी चैनपुर से 1 क्विंटल प्लास्टिक एकत्रित की गई है। 15 दिवसीय अभियान में कुल 47 क्विंटल 85 किग्रा. प्लास्टिक एकत्र की गई है। प्लास्टिक मैनेजमेंट यूनिट अब 10 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से ग्राम पंचायतों को प्लास्टिक का भुगतान करेगी। इससे पहले भी ग्राम पंचायतों से प्राप्त सिंगल यूज प्लास्टिक का निस्तारण कर ओएसआर के रूप में 1,77,549 रुपये का भुगतान किया जा चुका है। वहीं,स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के तहत ब्लॉक आलमपुर जाफराबाद की ग्राम पंचायत भमौरा में 16 लाख रुपये की लागत से 2022-23 में प्लास्टिक मैनेजमेंट यूनिट का निर्माण किया गया था, जहां पर प्लास्टिक को एकत्रित करने के बाद मशीनों के जरिए मोटे-मोटे टुकड़े तैयार किए जाते हैं। इसके बाद 40 रुपये प्रति किलो की दर से बेचा जाता है। इनका इस्तेमाल सड़क निर्माण में किया जाता है।



भमोरा में प्लास्टिक मैनेजमेंट यूनिट में एकत्र की गई प्लास्टिक ।

- **डीपीआरओ ने 1188 ग्राम पंचायतों में चलाया सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्रीकरण अभियान**
- **40 रुपये किलो बिक्री करके 10 रुपये के हिसाब से ग्राम पंचायतों को किया जाएगा भुगतान**

> प्रयास है कि विश्व पर्यावरण दिवस के माध्यम से प्लास्टिक प्रदूषण को खत्म किया जाए। इसी उद्देश्य से 15 दिन का अभियान चलाया गया। ग्राम पंचायतों को प्लास्टिक से मुक्त करने के लिए प्लास्टिक की खरीदारी कर उसका भुगतान भी किया जाता है। प्लास्टिक निस्तारण से पर्यावरण संरक्षण के साथ पंचायतों की आय भी हो रही है।
>
> -कमल किशोर, डीपीआरओ



# मियावाकी पद्धति से शहर को हरा-भरा बनाने में जुटे निगम व बीडीए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नगर निगम ने पर्यावरण संरक्षण और शहरी हरियाली को बढ़ावा देने के लिए उपवन योजना के तहत हरित क्षेत्र बढ़ाने के लिए परसाखेड़ा गौटिया में मियावाकी पद्धति से घना जंगल और पार्क विकसित कर रहा है। नगर निगम ने इस जंगल के विकास के लिए 2.25 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है।

नगर निगम उपवन योजना और राष्ट्रीय वायु प्रदूषण नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मियावाकी तकनीक, पौधरोपण कर कम दूरी पर छोटे-छोटे इलाकों में कई तरह के देशी पौधे लगाए हैं। कुछ जगहों पर कम समय में सघन जंगल विकसित किया गया है। इस योजना के तहत चंपा, बॉटल ब्रश, बांस, पीपल, जामुन, शीशम और अशोक जैसी 25 से अधिक प्रजातियों के पौधे लगाए जाने हैं, जो कम समय में विकसित होकर घना जंगल बनाएंगे।, जबकि राष्ट्रीय वायु प्रदूषण नियंत्रण कार्यक्रम के तहत विभिन्न मार्गों के डिवाइडर और फुटपाथ के किनारे पौधे लगाने का काम किया जा रहा है। योजना में वार्डों के साथ औद्योगिक क्षेत्र की भी उन सड़कों को चिह्नित किया जा रहा है जहां वायु प्रदूषण ज्यादा रहता है। जलवायु परिवर्तन खंड शहरी क्षेत्र के वायु प्रदूषण को कम करने के लिए काम कर रहा है। योजना में नगर निगम को भी शामिल किया गया है। इसके तहत रामपुर रोड, इज्जतनगर, नैनीताल रोड, मिनी बाइपास रोड, सुभाषनगर आदि जगहों पर पौधरोपण का काम किया जा रहा है।

- **नगर निगम परसाखेड़ा गौटिया में घना जंगल और पार्क को विकसित करने में खर्च कर रहा 2.25 करोड़**

### बीडीए की अनूठी पहल, भगवान राम के जीवन से जुड़े वृक्षों से तैयार कर रहा राम वाटिका

बरेली : शहर को हरा-भरा और पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाने के लिए बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की नई पहल की है। इसके तहत रामायण वाटिका में मियावाकी तकनीक से पौधरोपण किया गया है। इस तकनीक से तेजी से बढ़ने और घने जंगल का रूप लेने वाले पौधे लगाए हैं।जो दो से तीन वर्षों में क्षेत्र को घने जंगल में बदल देते हैं। बरेली विकास प्राधिकरण के रामगंगा नगर योजना में रामायण वाटिका को ग्रीन जोन के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस वाटिका में भगवान श्रीराम के जीवन के विभिन्न प्रसंगों से जुड़े रहे वृक्ष अशोक, पीपल, बेल, आम, बेर, तुलसी के 40 हजार से ज्यादा रोपे गए हैं।

## डीआईओएस ने किया समर कैंप का निरीक्षण

**बरेली, अमृत विचार :** माध्यमिक स्कूलों में समर कैंप का आयोजन 10 जून तक किया जा रहा है।


डीआईओएस अजीत कुमार बुधवार को बिथरी चैनपुर के राजकीय बालिका इण्टर कालेज उड़ला जागीर व राजकीय इंटर कॉलेज बालीपुर अहमदपुर का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्हें उड़ला जागीर में छात्रों की संख्या 52 व बालीपुर अहमदपुर स्थित स्कूल में छात्रों की संख्या 37 मिली। इसके बाद बिथरी चैनपुर के ही राजकीय हाईस्कूल बिथरीचैनपुर का निरीक्षण किया गया।

## शेरगढ़ में कस्तूरबा विद्यालय का निर्माण हुआ पूरा

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में 18 कस्तूरबा विद्यालय विद्यालयों के उच्चीकरण का कार्य संचालित है। इसमें से 12 विद्यालयों का कार्य पहले ही पूरा हो चुका है, लेकिन 6 विद्यालयों का निर्माण व उच्चीकरण का कार्य संचालित था, लेकिन अब तक केवल शेरगढ़ में बने कस्तूरबा विद्यालय का निर्माण कार्य पूरा हो सका है। वहीं उच्चीकृत हो चुके विद्यालयों में मीटर का लोड बढ़वाने की समस्या सामने आ रही थी, जिसे विद्यालय के शिक्षकों कही कराना पड़ा है। यूपीपीसीएल के एक्सीएन भानु प्रकाश ने बताया अभी शेरगढ़ के कस्तूरबा विद्यालय का काम समाप्त हुआ है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली



# सीखने की ललक ने रामवीर को बनाया 'पर्यावरण बाबा'

शिवांग पांडेय, बरेली

**अमृत विचार :** उम्र चाहे कोई भी हो, सीखने की कोई सीमा नहीं होती। इस कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं फरीदपुर तहसील क्षेत्र के खजुरिया सम्पत गांव निवासी 52 वर्षीय रामवीर शर्मा, जो इन दिनों बरेली कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण के गुर सीखने में जुटे हैं। उम्र के इस पड़ाव में जब अधिकांश लोग आराम की ओर रुख करते हैं, वहीं रामवीर पर्यावरण रक्षा के लिए नई राह तलाश रहे हैं। आलम ये है कि प्रकृति के प्रति सीखने की उनकी ललक को देख उन्हें विद्यार्थी और शिक्षकों ने ''पर्यावरण बाबा'' का नाम दे दिया है। पर्यावरण बाबा कॉलेज परिसर में जहां भी गंदगी देखते हैं, वे बिना किसी हिचकिचाहट के उसे साफ करने में जुट जाते हैं।

रामवीर शर्मा 20 अगस्त 2024 का बरेली कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो आलोक खरे से संपर्क हुआ। रामवीर शर्मा की प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता को देखकर प्रो. खरे ने पर्यावरण विज्ञान विभाग में संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। कुछ दिन वनस्पति विज्ञान विभाग में पेड़ों के बीच समय बिताने के बाद उन्होंने पर्यावरण विज्ञान विभाग में बिना किसी डिग्री की चाह में सिर्फ ज्ञान हासिल कर नई पीढ़ी को बांटने के उद्देश्य से शिक्षकों से जानकारी जुटाना शुरू किया। वे नियमित रूप से पर्यावरण संरक्षण के लिए आवश्यक किताबों को विभाग में ही पढ़ते हैं। किताबों से मिले पौधरोपण, कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण और जैविक खेती जैसे विषयों के ज्ञान को उन्होंने न केवल गंभीरता से समझा, बल्कि गांव में जाकर भी युवाओं को इनका महत्व समझा रहे हैं। वे बच्चों और युवाओं को पर्यावरण के प्रति सजग बना रहे हैं। उनके प्रयासों से खजुरिया सम्पत गांव में अब हर घर में कूड़ा अलग-अलग जमा करने की पहल शुरू हुई है। वे सप्ताह में एक दिन गांव के बच्चों को पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर संवाद और कार्यशालाएं भी कराते हैं।

रामवीर का कहना है कि पेड़ों की कीमत समझी, तब तक काफी नुकसान हो चुका था। अब आने वाली पीढ़ी को यह नुकसान न उठाना पड़े, इसके लिए मैंने खुद को शिक्षित करना शुरू किया। उनकी यह सोच गांव और कॉलेज परिसर में प्रेरणा का स्रोत बन चुकी है। गांव के वयस्क से लेकर स्कूली बच्चे तक अब पर्यावरण के मुद्दों पर चर्चा करने लगे हैं। बरेली कॉलेज के पर्यावरण अध्ययन विभाग के प्रोफेसर भी रामवीर के समर्पण से प्रभावित हैं। वे कहते हैं कि रामवीर शर्मा का जज्बा युवाओं के लिए मिसाल है। उनकी पहल से न केवल उनका गांव, बल्कि पूरा क्षेत्र जागरूक हो रहा है। रामवीर शर्मा यह साबित कर रहे हैं कि यदि नीयत सही हो, तो उम्र केवल एक संख्या है सीखने और बदलाव लाने के लिए कभी देर नहीं होती।



रामवीर शर्मा।

- **बरेली कॉलेज के पर्यावरण विभाग में 52 साल की उम्र में पर्यावरण संरक्षण की शिक्षा ले रहे रामवीर शर्मा**
- **पर्यावरण बाबा की प्रेरणा से उनके गांव खजुरिया सम्पत के घरों में इकट्ठा किया जा रहा अलग-अलग कूड़ा**

मानवीय हरकतों से लगातार बिगड़ रही हमारी आबोहवा

# आज की चिंता न कल की फिक्र पर्यावरण के ये दुश्मन बेफिक्र

इस धरा का स्वस्थ पर्यावरण जीवन का सबसे बड़ा आधार है, इसके बिना मानव ही नहीं किसी जीव का अस्तित्व बचा रहना संभव नहीं है। इसके बाद भी मानवीय गतिविधियां ही इसे सुरक्षित रखने और विकसित करने में सबसे बड़ी बाधक बन रही हैं। लोग अपने विलासितापूर्ण जीवन के चलते पर्यावरण के संरक्षण के बजाय उसके दुश्मन बनते जा रहे हैं। उन्हें न आज की चिंता है और न ही कल की फिक्र है। जिस तरह से प्रकृति के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, यह आने वाले समय में मानव जीवन के लिए घातक साबित हो सकता है। बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण के चलते जल-थल और वायु तीनों ही प्रदूषित होते जा रहे हैं। इसमें से सभी मानवजनित ही हैं। पर्यावरण संरक्षण को नुकसान पहुंचाने वाले कारकों की पहचान कर रहे अमृत विचार के संवाददाता अनुपम सिंह ...

आज विश्व पर्यावरण दिवस है। इस खास मौके पर बड़े-बड़े कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण के संरक्षण को लेकर जोर-शोर से कसमें खाई जाती हैं और वायदे किए जाते हैं। सरकार और सरकारी व्यवस्था भी पर्यावरण के प्रति सभी को सजग कर रही है। लाखों, करोड़ों रुपये पर्यावरण को बचाने के लिए फूंके जा रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी हालात हैं कि सुधरने के बजाय और बिगड़ते जा रहे हैं। विश्व पर्यावरण दिवस हमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एहसास तो दिलाता है, मगर लोग जिम्मेदारी को समझने के लिए तैयार नहीं है। छोटी-छोटी आदतों में सुधार लाकर वे पर्यावरण के प्रहरी बन सकते हैं। स्थिति है कि वायु प्रदूषण और धूल की समस्या गंभीर होती जा रही है। हालात ऐसे ही रहे तो खराब हवा की गुणवत्ता से सांस लेना भी दूभर हो जाएगा है। कई शहरों के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) चेतावनी भी जारी कर चुका है। ऐसे में बरेलीवसियों को स्वच्छ हवा के बीच अगर खुली सांस लेनी है तो पर्यावरण के प्रति गंभीर होने का समय आ चुका है।


प्रदूषण के चलते दम तोड़ती नकटिया नदी

**कूड़ा निस्तारण के लिए साल में 12 करोड़ खर्च, फिर भी लगे हैं ढेर :** शहर में नगर निगम की ओर से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए साल में 12 करोड़ यानि कि हर माह एक करोड़ रुपये खर्च किए जाते हैं। जागरूक करने के साथ ही लोगों को लगातार चेतावनी भी दी जाती है कि कूड़े को खुले में न फेंके क्योंकि, इससे बीमारियों के फैलने के साथ ही पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा, मगर शहर के शिक्षित लोग ही खुले में कूड़ा डालकर पर्यावरण के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर भी शहर के कटरा चाद खां मोहल्ले में कूड़ा का ढेर लगा हुआ था। लोग कूड़ा फेंककर जा रहे थे। डीडीपुरम, कर्मचारी नगर, पीलीभीत रोड पर भी स्थिति कमोबेश ऐसी थी। लोग अक्सर सड़कों के किनारे कूड़े में आग लगा देते हैं, यह पर्यावरण के लिए सबसे बड़ा घातक है। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत भले ही शहर में काम शुरू हो चुका है, लेकिन जगह-जगह सड़कों पर खुले में पड़ा कूड़ा यह बताता है कि अभी भी लोगों में जागरूकता का अभाव है। शहर के लोग डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के वाहन में कचरा डालने के बजाय इधर-उधर फूंक रहे हैं।

वक्त है अभी भी चेत जाओ, नहीं तो हमें और हमारी आने वाली पीढ़ियों को घातक परिणाम भोगने होंगे। पर्यावरण बिगाड़ने के लिए मानवीय गतिविधियां ही सबसे ज्यादा जिम्मेदार हैं। लगातार सड़कों पर खुलेआम फेंका जा रहा कूड़ा, प्रतिबंध और कार्रवाई के बाद भी धड़ल्ले से पॉलिथिन का प्रयोग किया जा रहा है। इसके चलते प्लास्टिक के बेहद महीन और छोटे कण मानव शरीर में पहुंच रहे हैं। रासायनिक खादों के अधाधुंध इस्तेमाल से नदियों को ही नहीं जमीन और भूमिगत जल को भी प्रदूषित कर रहे हैं। कई बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं।

## इतनी सख्ती...फिर भी पॉलिथिन का नहीं बंद हुआ चलन

पॉलिथिन का प्रयोग पर्यावरण के लिए बहुत घातक है। इस पर प्रतिबंध लगाने को लेकर सरकार बेहद गंभीर है, मगर लोग मान नहीं रहे हैं। जबकि, सरकार के साथ समाज की भी जिम्मेदारी बनती है कि वह इसके प्रति सजग हो, पर ऐसा हो नहीं है। शहर से लेकर देहात तक खुलेआम पॉलिथिन का प्रयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। कोई भी मानने को तैयारी नहीं है। सख्ती दिखाने के लिए जिम्मेदार भी यदा-कदा जाग जाते हैं और अभियान चलाकर कागजी खानापूरी कर देते हैं, लेकिन इससे असर नहीं पड़ रहा। दुकानदार भी पॉलिथिन में सामान बेच रहे हैं और ग्राहक खरीद रहे हैं।

## पांच साल में तीन लाख बढ़ गए वाहन

जिले में लगातार छोटे-बड़े वाहनों की बढ़ती संख्या भी पर्यावरण के लिए कम जिम्मेदार नहीं है। सरकार इसी वजह से इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री पर जोर दे रही हैं, मगर एआरटीओ कार्यालय के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। मौजूदा समय में जिले में छोटे-बड़े वाहनों की संख्या नौ लाख है, जबकि पांच साल पहले यही संख्या छह लाख हुआ करती थी यानि जिले में तीन साल में तीन लाख वाहन बढ़ गए हैं, इससे प्रदूषण तो बढ़ेगा ही और पर्यावरण पर असर भी पड़ेगा।

# हरियाली बचाने को छह सौ से अधिक पेड़ किए ट्रांसलोकेट, बचे सौ भी नहीं

आसिफ अंसारी, बरेली

**अमृत विचारः** स्मार्ट सिटी की सड़कों को चौड़ा करने सहित अन्य विकास कार्यों की वजह से 600 से अधिक भारी भरकम पेड़ों को काटने के बजाय ट्रांसलोकेट कराया गया ताकि हरियाली को बचाया जा सके। शहरी क्षेत्र से हरियाली तो विकास की भेंट चढ़ी, लेकिन क्यारा ब्लॉक के गांव मंझा में सैकड़ों बीघा वन भूमि पर ट्रांसलोकेट किए गए पेड़ों की लकड़ी क्षेत्र के लोग काटकर ले गए और बाकी अनदेखी की अभाव में सूख गए। अब महज सौ पेड़ मुश्किल से बच सके।

शहर में स्मार्ट सिटी, सड़क चौड़ीकरण, और सीवर लाइन की खोदाई समेत अन्य विकास कार्य के चलते 2021- 2022 में शहर के सुभाषनगर माल गोदाम रोड, डेलापीर, स्टेडियम रोड और रामपुर गार्डन समेत शहर में अन्य जगह से 653 बड़े पेड़ों को ट्रांसलोकेट किया था। इस कार्य में कई लाख रुपये खर्च किए गए थे। उस समय वन विभाग समेत अन्य विभागों ने शहर की हरियाली बचाने का जमकर ढोल पीटा था। इस सबके बीच शहर के लोगों की आशंका थी कि ट्रांसलोकेट किए पेड़ शायद ही अपनी आयु पूरी कर पाएंगे। लोगों की आशंका निर्मूल साबित नहीं हुई।

विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संख्या में जब अमृत विचार के संवाददाता ने कैंट स्थित मंझा में जाकर ट्रांसलोकेट किए गए पेड़ों की हकीकत को देखी तो पता लगा कि अब मुश्किल से 100 पेड़ भी नहीं बचे हैं। ट्रांसलोकेट किए गए पेड़ की देखभाल के लिए नियुक्त किए टिंकू गुर्जर ने बताया कि जब पेड़ों को ट्रांसलोकेट किया गया उसके बाद अधिक बारिश होने के चलते पानी भर गया। इससे कई पेड़ गिर गए।


मंझा गांव में बंजर होती जमीन।

मंझा ग्राम समाज की जमीन है। मंझा में ट्रांसलोकेट किए गए पेड़ की दो साल तक वन विभाग की तरफ से देखभाल की गई। दो साल के बाद ट्रांसलोकेट किए गए पेड़ों की देखभाल का काम ग्राम समाज का है। अगर वहां से फेंसिंग या अन्य चीजें चोरी होने की शिकायत आती है तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।
– **दीक्षा भंडारी**, डीएफओ

## विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर इन तथ्यों को भी जानें

- 1972 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में घोषित किया।
- 1973 में पहला विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया।
- 1987 से, हर साल एक अलग देश इस दिवस की मेजबानी करता है।
- 2025 में, कोरिया गणराज्य विश्व पर्यावरण दिवस की मेजबानी करेगा।
- 2025 की थीम "प्लास्टिक प्रदूषण को हराना" है।
- 150 से अधिक देशों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता को यह दिन मनाया जाता है।

# शहर के कई पर्यावरण योद्धा निभा रहे दरख्तों से यारी

अंकित चौहान, बरेली

**अमृत विचार :** भले ही घर में दो सदस्य हों लेकिन लोग बड़े-बड़े मकान बना रहे हैं, इतना ही नहीं, जिधर भी नजर घुमाओ धड़ल्ले से बड़ी-बड़ी इमारतें बनाई जा रहीं है, लेकिन कंक्रीट के जंगल को बसाने में हरियाली पर आरी चला रहे हैं। जबकि इस दौर में पेड़ों को संरक्षण देने के साथ प्रकृति को संवारने की भी जरूरत है। ऐसे हालात में ऐसे भी योद्धा हैं, जो कई सालों से पर्यावरण संरक्षण को लेकर दूसरे को जागरूक करने के लिए प्रयास कर रहे हैं।

## पर्यावरण के प्रति ऐसी लगन कि राष्ट्रपति से मिला सम्मान

शिक्षक को छात्र का भाग्य विधाता कहा गया है, लेकिन अगर शिक्षक छात्र हित के संकल्प के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पित हो जाए तो उनका व्यक्तित्व और भी व्यापक हो जाता है। ऐसे ही शिक्षकों में शामिल हैं शहर के सिटी सब्जी मंडी के पास रहने वाली अर्चना राजपूत। वर्तमान में वह शहर के जीजीआईसी कॉलेज में अंग्रेजी की प्रवक्ता हैं, लेकिन शिक्षा पूरी होने के बाद उन्होंने जीजीआईसी कॉलेज में वर्ष 1997 में बतौर शारीरिक शिक्षिका के पद पर ज्वाइनिंग की। मन में पर्यावरण संरक्षण की ललक थी तो 2002-03 में जब राष्ट्रीय सेवा योजना सत्र का आरंभ हुआ तो उन्हें कार्यक्रम अधिकारी की जिम्मेदारी मिली, उनके मन की ललक को धरातल पर उतारने का ये बेहतर समय था उन्होंने देर न करते हुए कॉलेज परिसर में जगह-जगह पौधरोपण करना आरंभ कर दिया। अर्चना राजपूत ने बताया कि पर्यावरण के प्रति उनका समर्पण देखते हुए वर्ष 2014 से वर्ष 2024 के अक्टूबर तक एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी रहीं इस दौरान उन्होंने कॉलेज परिसर में एक खाली स्थान में 200 पौधे लगाए जो कि अब छायादार पेड़ बन चुके हैं ये खाली स्थान अब एनएसएस उद्यान के नाम से जाना जाता है। अर्चना राजपूत की ओर से पर्यावरण संरक्षण के प्रति वर्ष 2018-19 में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रपति की ओर से सम्मानित किया गया। अर्चना ने बताया कि राष्ट्रपति की ओर से देश भर से राष्ट्रीय सेवा योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 कार्यक्रम अधिकारियों को चुना जाता है।



## पर्यावरण की अलख, पौधों के साथ घर में उगा डालीं सब्जियां

**बरेली, अमृत विचार :** शहर के गोल्डन ग्रीन पार्क निवासी महेंद्र पाल सिंह का सिविल लाइंस में कार के टायर का कारोबार है। उन्होंने बताया कि उन्हें बचपन से ही पौधे लगाने का शौक है। इससे पहले उनका मकान मॉडल टाउन में था। मॉडल टाउन स्थित उनके मकान पर हर तरह के पौधे लगे हुए थे। उसके बाद अब उन्होंने अपना नया मकान गोल्डन ग्रीन पार्क में बनाया है। इसमें गुलाब, बेला से लेकर अन्य फूलों के साथ तरह तरह के खूबसूरत पौधे है। पौधों के साथ अपने मकान में ही भिंडी, टमाटर और बैगन की खेती भी कर रहे हैं। वह हर रोज नियम के साथ सुबह को पौधों को पानी लगाकर उनकी देखभाल करते है। महेंद्र पाल सिंह की मां गुरविंदर कौर ने बताया कि वह भी बेटे के साथ हर रोज घर में लगाए गए पौधों की देखभाल में उनका सहयोग करती हैं।



## नासिर मियां की दरगाह से दिया जाता है पौधे लगाने का संदेश

सिविल लाइंस स्थित दरगाह नासिर मियां परिसर में बड़ी संख्या में कमेटी की तरफ से पौधे लगाए गए हैं। दरगाह नासिर मियां के अलावा नौमहला मस्जिद में आने वाले नमाजियों को भी समय-समय पर पौधे वितरित किए जाते हैं। जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी खां वारसी ने बताया कि पेड़-पौधे हमारे जीवन में कई तरह से लाभकारी हैं।

## छात्रों और तीमारदारों के दर्द से मिली सीख, अब मिल रही ठंडी छांव

वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. अनुपम शर्मा ने 2015-16 में बतौर एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर राजश्री मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में ज्वाइन किया। अस्पताल में मरीज भर्ती होने आते थे, उनके साथ आए तीमारदार भीषण गर्मी में छांव की आस में कॉलेज में एक-दो पेड़ दिखने पर उनके नीचे बैठ जाते थे, साथ ही जो छात्र-छात्राएं कॉलेज में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे थे, वह भी हॉस्टल से कड़ी धूप में छाता लगाए कॉलेज पहुंचते थे, डॉ. अनुपम ने बताया कि चूंकि बचपन से ही पर्यावरण के प्रति लगाव था, मन में ये टीस उठी कि कॉलेज को हरा-भरा बनाया जाए। करीब 8 साल पहले कुछ छायादार पेड़ निजी खर्च से खरीद कर लाए और मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की अनुमति से परिसर में लगाना आरंभ किया। बताया कि अब तक वह कॉलेज परिसर में 500 से अधिक पेड़ लगा चुके हैं। 8 साल पहले जो पेड़ लगाए वह बड़े छायादार हो गए हैं। डॉ. अनुपम की इस पहल को देखकर कॉलेज प्रबंधन ने उन्हें पांच मालियों की टीम भी उपलब्ध करा दी है।



# वन संरक्षण में देश का दूसरा सबसे बड़ा राज्य बना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ अरुण कुमार सक्सेना ने बताया कि भारतीय वन सर्वेक्षण देहरादून की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश का वनावरण और पौधरोपण 23437.53 वर्ग किमी (9.73 प्रतिशत) से बढ़कर 23996.72 वर्ग किमी (9.96 प्रतिशत) हो गया है। वनावरण का दायरा 559.19 वर्ग किमी बढ़ने से उत्तर प्रदेश वन संरक्षण के क्षेत्र में पूरे देश में दूसरे स्थान पर आ गया।

उन्होंने कहा कि वन क्षेत्र विकसित करने के लिए सरकार पूरा प्रयास कर रही है। इसके लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। दुधवा टाइगर रिजर्व और दुधवा राष्ट्रीय उद्यान में इको पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए 25 नवम्बर 2024 को लखनऊ से पलिया तक हवाई सेवा का शुभारंभ किया गया है। गोरखपुर के कैम्पियरगंज में एशिया के प्रथम नवनिर्मित जटायु संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया है। यहां पर जटायु और राजगिद्ध के संरक्षण व संवर्धन केंद्र में 6 राजगिद्धों (नर एवं मादा) को लाया जा चुका है। ब्रीडिंग एवरी, होल्डिंग एवरी, हॉस्पिटल एवरी, नर्सरी एवरी, वेटनरी सेक्शन, प्रशासनिक भवन, रिकवरी एवरी, गार्डरूम, जेनरेटर रूम एवं पाथवे का निर्माण किया गया है। वहीं पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ-पर्यावरण बचाओ जन अभियान, 2024 के तहत 20 जुलाई, 2024 को वन एवं वन्य जीव विभाग सहित 26 राजकीय विभागों की सहभागिता से निर्धारित लक्ष्य 36.50 करोड़ पौधरोपण के सापेक्ष प्रदेश में 36.51 करोड़ पौध रोपित किए हैं।



### वन मंत्री अरुण सक्सेना बोले- बरेली में स्थापित किया मित्र वन

वन मंत्री ने बताया कि वेटलैंड संरक्षण के तहत 223 महत्वपूर्ण वेटलैंड्स के जलागम क्षेत्र में वेटलैंड संरक्षण वन, प्रदेश में घोषित 948 विरासत वृक्षों से रोपण सामग्री प्राप्त कर प्रदेश के 11 जनपद, जिसमें गोरखपुर, अयोध्या, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, मेरठ, बरेली, मथुरा, सीतापुर, चित्रकूट एवं मिर्जापुर में विरासत वृक्ष वाटिका स्थापित की गई है, जबकि रामपुर, बरेली, पीलीभीत, लखीमपुरखीरी आदि जनपदों में मित्र वन स्थापित किये हैं। पौधरोपण के लिए विद्यार्थियों को जागरूक किया है। इस प्रकार निजी वृक्षों के लिए कार्बन क्रेडिट का भुगतान करने वाला उत्तर प्रदेश देश का प्रथम राज्य बन गया।

## पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम जैविक कचरा प्रबंधन

जैविक कचरा, जैसे भोजन के अवशेष, फल-सब्जियों के छिलके, सूखी पत्तियां और गोबर आदि, प्राकृतिक रूप से विघटित होने वाला कचरा होता है। इसका वैज्ञानिक व पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन न केवल प्रदूषण को रोकता है, बल्कि उर्वरक व ऊर्जा के रूप में इसका पुनः उपयोग भी संभव बनाता है। डॉ. निशा वर्मा के अनुसार जैविक कचरे का यदि उचित तरीके से निपटान न किया जाए तो यह मीथेन जैसी ग्रीनहाउस गैस उत्पन्न कर वातावरण को नुकसान पहुंचाता है। इसके अलावा यह जल व मृदा प्रदूषण का कारण भी बन सकता है। कंपोस्टिंग, वर्मी कंपोस्टिंग, बायोमेथेनाइजेशन तथा ब्लैक सोल्जर फ्लाई लार्वा जैसी आधुनिक तकनीकें जैविक कचरे को उपयोगी उत्पादों में बदलने में सहायक हैं। इससे खेतों की उर्वरता बढ़ती है और ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याएं कम होती हैं। डॉ. वर्मा ने कहा कि जैविक कचरा प्रबंधन न केवल पर्यावरण संरक्षण का एक सशक्त माध्यम है, बल्कि यह नागरिकों की सहभागिता से ही प्रभावी बन सकता है। आज जरूरत है कि हम सभी अपने स्तर पर कचरे का पृथक्करण करें और जैविक कचरे का सदुपयोग कर स्वच्छ, स्वस्थ और सतत भविष्य की ओर कदम बढ़ाएं। – **डॉ. निशा वर्मा**, असिस्टेंट प्रोफेसर व विभाग प्रभारी (वनस्पति शास्त्र), वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी राजकीय महिला महाविद्यालय, बरेली



## ऐसे सेहत को नुकसान पहुंचा रहा प्रदूषित पर्यावरण

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की रिपोर्ट के अनुसार, पर्यावरण परिवर्तन के कारण 2030 से 2050 के बीच मलेरिया, कुपोषण, गर्मी से होने वाले तनाव और दस्त के कारण 2,50,000 से अधिक मौतें होने का अनुमान है।
- डब्ल्यूएचओ के अनुमान के अनुसार, 2018 में दस में से नौ व्यक्ति स्वीकार्य प्रदूषित बाहरी हवा में सांस लेते थे और दुनिया भर में 70 लाख लोग बाहरी और आंतरिक वायु प्रदूषण के कारण मरते हैं।
- पांच साल से कम उम्र के लगभग 5,70,000 बच्चे हर साल सेकेंड हैंड स्मोक, इनडोर और आउटडोर वायु प्रदूषण और निमोनिया जैसी सांस की बीमारियों से मरते हैं।
- विश्व बैंक की 2020 की रिपोर्ट के अनुसार, अनुमान है कि दुनिया में प्रतिदिन 224 करोड़ टन ठोस कचरा उत्पन्न होता है।
- पर्यावरण संगठन टॉक्सिक्स लिंक की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर साल 1230 करोड़ से ज़्यादा पुराने सैनिटरी पैड लैंडफिल में फेंक दिए जाते हैं। इन सिंथेटिक सैनिटरी पैड को सड़ने में 250 से 800 साल लगते हैं।



समस्या आपकी समाधान

INTERNATIONAL SEXOLOGIST

Neat & Clean Hygiene Clinic Activity

Fast Appointment

for Maximum 25 Minute only
Offline, Online

Justdial

PHIMOSIS (फिमोसिस) संक्रमण
पोस्ट हाइटिस, वैलानो हाइटिस मधुमेह के कारण भी हो सकता है।

Foreskin Panis Not Open, No Eract
कभी-कभी यौन सम्बन्ध नहीं बनाते एवं नामर्दी के शिकार हो जाते हैं (नपुसंका)

Phimosis and Paraphimosis Adult ED
शीघ्रपतन से पीड़ित हो सकते हैं।

Adult Circumcision Buried Penis
व्यस्कों जवान युवाओं की स्कीन पूरी खुल नहीं पाती जिसके कारण यौन सम्बन्ध नहीं बना पाते दर्द होता है और हर समय दर्द बना रहता है जिसके कारण वह मानसिक तनाव से ग्रसित रहते हैं।

नरेन्द्र कुमार-
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।

पवन कुमार-
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया लिंग का विकास होने लगा और क्रमशः बेटा ठीक हो
धन्यवाद..DR. V.P. SINGH

नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।

Singh Clinic™
An ISO 9001-2008 Certify Clinic

Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant

Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist



रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली

9837057107
9837343729

Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com

Google Maps

FOLLOW US :


# सिंचाई विभाग के 17 पदों को अनुपयोगी मानने पर कर्मचारी भड़के, धरना दिया

## पदों को मृत घोषित करने का शासनादेश जारी होने के बाद से कर्मचारी विरोध में

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** सिंचाई विभाग में 17 उपयोगी पदों को अनुपयोगी मानते हुए समाप्त करने का शासनादेश जारी होने का विरोध तेज हो गया है। बुधवार को सिंचाई विभाग के संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति से जुड़े विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने दामोदर स्वरूप पार्क में धरना प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि शासनादेश को वापस न लेने तक आंदोलन जारी रहेगा। कर्मचारियों ने पार्क से जुलूस निकाला और कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा।

धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि सिंचाई विभाग में उप राजस्व अधिकारी, जिलेदार समेत अन्य पदों को समाप्त करने का शासनादेश जारी होने के बाद से कर्मचारियों में गुस्सा है। नेताओं का कहना है कि इन पदों को अनुपयोगी मानने से विभाग में नहरों, लघु नहरों एवं राजकीय नलकूपों के संचालन, रखरखाव एवं विभागीय परिसंपत्तियों



सेठ दामोदर स्वरूप पार्क से जुलूस के रूप में कलेक्ट्रेट जाते सिंचाई विभाग के कर्मचारी। ● अमृत विचार

● **संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति से जुड़े विभिन्न संगठनों ने की नारेबाजी**

की सुरक्षा में भारी दिक्कतें होंगी। शासनादेश के विरोध में कर्मचारियों ने सर्वसम्मति से सिंचाई विभाग संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति का गठन किया। कर्मचारी संगठन 20 मई से किसी न किसी स्वरूप में अपने आंदोलन को धार दे रहे हैं। बुधवार को धरना प्रदर्शन कर विरोध तेज किया। इस दौरान विमल कुमार, अहिबरन सिंह गौतम, संदीप कुमार, यशवंत राव अम्बेडकर, अजमपाल सिंह यादव, जितेन्द्र कुमार, ललित कुमार मिश्रा, ब्रजपाल गंगवार, विश्वनाथ गोयल, सईद अब्बास, विमल वशिष्ठ, नन्दलाल, संजय कुमार, रामपाल सिंह, विजय प्रताप सिंह, आशीष गंगवार, अनुज कुमार, चेतन आनंद, संजीव मेहरोत्रा आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

### इन पदों को समाप्त करने का शासनादेश

14 मई को अपर मुख्य सचिव सिंचाई विभाग की ओर से जारी शासनादेश में बताया गया है कि सिंचाई विभाग के आरमेचर, बाइंडर, पेंटर, टरवाइन मिस्त्री, फिल्टर हाउस आपरेटर, बढ़ई, फिटर एवं पेंटर, मिस्त्री कम ड्राइवर, डुप्लीकेटिंग मशीन ऑपरेटर, रोड रोलर ऑपरेटर, टेलीफोन आपरेटर, वेट क्लर्क, टिंडैल, नायब टिंडैल, रनर, नलकूप चालक, जिलेदार, सींचपाल के मौजूदा रिक्त पदों को मृत संवर्ग घोषित किया गया है। सिंचाई विभाग की जिलों में खुली डिस्पेंसरीज को चिकित्सा विभाग को हस्तांतरित करने, प्राइमरी स्कूलों को बेसिक शिक्षा विभाग को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया गया है। अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार की ओर से शासनादेश जारी कर प्रमुख सचिव को कॉपी भेजी गई है। शासनादेश की कॉपी जिलों में पहुंचने के बाद से विरोध शुरू हो गया है।

# नदीम कुरैशी की गिरफ्तारी की मांग कर किया थाने का घेराव



थाने में मौजूद विहिप और बजरंग दल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** विहिप और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने बुधवार की रात प्रेमनगर थाने का घेराव कर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रदेश महासचिव नदीम कुरैशी की गिरफ्तारी की मांग की। दोनों संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा, नदीम कुरैशी ने विहिप और बजरंग दल के पदाधिकारियों के संबंध में अभद्र टिप्पणी की है, जिससे लोगों में आक्रोश हैं। पदाधिकारियों ने नदीम कुरैशी की गिरफ्तारी की मांग कर थाने का घेराव किया। इंस्पेक्टर को ज्ञापन दिया। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के महानगर अध्यक्ष आशु अग्रवाल, महानगर सह मंत्री संजय शुक्ला, महानगर उपाध्यक्ष राजकुमार राजपूत, महानगर संयोजक केवलानंद गौड़ बजरंग दल गोरक्षा प्रमुख आशीष शर्मा मौजूद रहे।

## तंत्रमंत्र के नाम पर महिला से 40 हजार रुपये ठगे

**बरेली, अमृत विचार :** तांत्रिक ने तंत्रमंत्र से समस्या दूर करने के नाम पर महिला से 40 हजार रुपये ठग लिए। शिकायत पर इज्जतनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इज्जतनगर के मझोला मठ लक्ष्मीपुर निवासी आशा ने बताया कि वह भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव मसीद निवासी राजू माहोर को पहले से जानती हैं। राजू ने बताया कि वह तंत्र मंत्र से उनके घर की समस्या दूर कर देगा, लेकिन इसके लिए 51 हजार रुपये देने होंगे। भरोसा करके उन्होंने दो बार में राजू को 40 हजार रुपये दे दिए, मगर समस्या दूर नहीं हुई। उन्होंने राजू से रुपये वापस मांगे। इस पर राजू कहने लगा कि तंत्रमंत्र से वह उसका अहित कर देगा।

## खुले में न करें कुर्बानी: फरमान मियां

**बरेली, अमृत विचार:** दरगाह आला हजरत के संगठन जमात रजा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान हसन खान (फरमान मियां) ने कहा कि 7 जून को बकरीद का त्योहार मनाया जाएगा। उन्होंने मुसलमानों से अपील करते हुए कहा है कि कुर्बानी खुले या सार्वजनिक स्थान पर नहीं करके किसी बंद जगह में करें।

# नगर निगम में मृतक आश्रित कोटे से नौकरी में देरी, धरने पर बैठे आश्रित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** नगर निगम में मृतक आश्रित कोटे से नौकरी की राह देख रहे आश्रितों ने बुधवार को मेयर कार्यालय के सामने धरना दिया। मेयर डॉ. उमेश गौतम ने नौकरी का आश्वासन दिया तो वे मान गए। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने देरी होने के मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।

शाम को उत्तर प्रदेश सफाई मजदूर संघ के बैनर तले वर्षों पहले मृतक आश्रित कोटे से नौकरी के लिए आवेदन देने वाले और उनके परिजन नगर निगम पहुंचे। वे मेयर के कार्यालय के सामने धरना देने लगे तो मेयर, नगर आयुक्त, नगर स्वास्थ्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस पर आश्रितों ने बताया कि सफाई कर्मचारी संजय की 2022 में मौत हो चुकी है। उनके सरकारी आवास पर एक लिपिक ने जबरन कब्जा कर लिया है। एक साजिश के तहत एक युवक दत्तक पुत्र बनकर नौकरी मांग रहा है। जबकि उनकी शादी नहीं हुई थी।रंजीत ने नौकरी के लिए आवेदन किया है, लेकिन अभी तक नौकरी नहीं मिली



मृतक आश्रितों के परिवार के लोगों से वार्ता करते मेयर डॉ. उमेश गौतम।

है। कन्हैया चालक के पद पर थे और उनकी मौत 2022 में हुई। भाई संतोष ने आवेदन किया है। सफाई कर्मी संगम की मौत 2020 में हुई थी। पत्नी सीमा ने आश्रित कोटे में नौकरी मांगी है। संघ के जिलाध्यक्ष विजय कुमार ने मेयर को बताया कि लापरवाही के कारण आश्रितों को नौकरी नहीं मिल रही है। जबकि हाईकोर्ट के आदेश का भी पालन नहीं किया जा रहा है। इस पर मेयर ने आश्रितों को भरोसा दिलाया कि वह गुरुवार को संबंधित अधिकारी और लिपिक को बुलाएंगे और समस्या का निदान करेंगे। सभी आश्रितों को नौकरी हर हाल में दी जाएगी। इस पर धरना परिजनों ने समाप्त कर दिया। इस दौरान संघ के पदाधिकारी राजेंद्र, सुरेश शिंदे, मनीष और आश्रितों के परिजन मौजूद रहे।

● **मेयर ने आश्वासन दिया तो धरना हुआ समाप्त**


बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार

डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार

सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज

बवासीर को अनदेखा करना घातक हो सकता है
● मस्से होना ● सूजन होना
● जलन होना ● उठाने-बैठने में तकलीफ होना
● खूनी बवासीर होना

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:सन्तान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटानीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

नशा छुडाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।

नोट:- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।

सुबह 10:30 से 2:30 तक, शाम 6:30 से 8:30 तक
रविवार 10:30 से 2:30 तक

डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960

माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।

मो. 9259082174


# बिजली निजीकरण के खिलाफ किया प्रदर्शन

**बरेली, अमृत विचार:** क्रांतिकारी किसान मंच, इंकलाबी मजदूर केंद्र, बरेली ट्रेड यूनियन फेडरेशन, क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन, परिवर्तनकामी छात्र संगठन, मार्केट वर्कर्स एसोसिएशन और ऑटो चालक वेलफेयर एसोसिएशन ने बुधवार को बिजली के निजीकरण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।

संगठनों से जुड़े नेताओं ने ज्ञापन में 7 सूत्री मांगें रखीं। इसमें उत्तर प्रदेश में दक्षिणांचल और पूर्वांचल वितरण निगमों के निजीकरण पर पूर्ण रोक लगाने, सभी ग्रामीण उपभोक्ताओं को हर महीना 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने, ट्यूबवेलों को मुफ्त बिजली देने, स्मार्ट मीटर योजना रद्द करने, किसानों के ट्यूबवेलों को 18 घंटे बिना शर्त बिजली की आपूर्ति करने, कनेक्शन चार्ज, लाइन, ट्रांसफार्मर, बिलिंग मीटर, कनेक्शन काटने व जोड़ने, तमाम अधिभार आदि वसूलने पर रोक लगाने, निजी कम्पनियों से महंगी बिजली खरीदना बंद करने और बिजली विभाग में कर्मचारियों पर थोपी श्रमिक विरोधी नयी सेवा नियमावली वापस करने की मांग शामिल है। विरोध प्रदर्शन में हिमांशु, बिजेंदर, उमेश, विवेक, महिपाल, पिंटू, दिनेश, ध्यानचंद मौर्य, रामसेवक, कृष्णपाल, मोहम्मद फैसल, ललित, इरशाद, महामंत्री संजीव मेहरोत्रा, सर्वेश मौर्य आदि साथी उपस्थित रहे।

## सोना हड़पने के आरोपी का रिवीजन खारिज

**बरेली, अमृत विचार :** व्यापार में नुकसान की बात कहकर दामाद से सोने के जेवर लेने व वापस मांगने पर वापस देने से इंकार कर गालीगलौज करने के आरोपी बड़ी बमनपुरी निवासी सूरज प्रकाश रस्तोगी व लता रस्तोगी की फौजदारी निगरानी अपर सत्र न्यायाधीश देवाशीष ने खारिज कर दी।

प्रेमनगर निवासी वीरेन्द्र कुमार रस्तोगी ने वर्ष 2021 में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में परिवाद दायर कर उल्लेखित किया था कि उसकी शादी 28 वर्ष पूर्व हुई थी, पत्नी के परिजनों से कोई मनमुटाव नहीं था। 18 जनवरी 2020 को सास-ससुर मेरे घर आये और व्यापार में नुकसान की बात कहकर 50 लाख रुपये मांगे तो मैंने असमर्थता व्यक्त की। सास ने जिद की तो मैंने अपने दादी व मां के पुस्तैनी सोने के जेवर 646.800 ग्राम उन्हें दे दिये व गिरवी रखकर अपना काम चलाने को कहा उन दोनों ने एक साल में जेवर लौटाने की बात कही, जब मैंने अपने पुश्तैनी जेवर का तकाजा किया तो 2 अगस्त 2021 को मेरी सास व ससुर घर आये गाली गलौज करने लगे, सोना देने से मना कर दिया। अदालत ने आपराधिक विश्वासघात, धमकी देने की धाराओं में वादी के सास-ससुर को तलब किया था।

## चोरी करने के उद्देश्य से तोड़ा कैमरा, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** चोरी करने के उद्देश्य से आरोपी ने पीड़िता का कैमरा तोड़ दिया। शिकायत पर बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बारादरी के सतीपुर निवासी लज्जावती ने बताया कि उनके पड़ोस में रामबाबू उर्फ गोला रहता है। आरोप है कि 26 मई को रामबाबू ने चोरी के उद्देश्य से उनके घर के दरवाजे पर लगा सीसीटीवी कैमरा तोड़ दिया। रामबाबू पहले उनके घर में घुसकर चोरी का प्रयास कर चुका है। वह शराब पीकर आए दिन उनके परिजनों को गाली देता है।


BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow

Courses
■ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
■ BRIT (Intake-80 Seats)
■ BPT (Intake-40 Seats)
■ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
■ BOTT (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
■ MPT (Intake-20 Seats)
■ MMLS (Intake-20 Seats)

Admission Open
Session 2025-26

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
■ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
■ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
■ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
■ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com

Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# हर तहसील के लिए बनाएंगे लैंड बैंक, जमीन की नहीं होगी दिक्कत : डीएम

## उद्यमियों की हर समस्या का होगा समाधान, व्यापार-रोजगार के साथ समस्याओं पर हुई लंबी चर्चा, बेहतर बिजली आपूर्ति दिलाने का आश्वासन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 'इनवेस्ट बरेली' विषय पर आयोजित सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि बोले जिलाधिकारी

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कहा कि उद्योग चलाने के लिए सबसे बड़ी और जरूरी है कि कानून व्यवस्था बेहतर हो और जीरो टॉलरेंस की नीति पर हो। कानून व्यवस्था के मोर्चे पर वह सख्त रहेंगे। अच्छी कानून व्यवस्था की वजह से उद्योग धंधे चल पाते हैं। उन्होंने यह बातें बुधवार की रात सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री सोसाइटी की ओर से सिविल लाइंस स्थित एक होटल में ''इनवेस्ट बरेली'' विषय पर आयोजित सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि कही।

जिलाधिकारी ने कहा कि औद्योगिक इकाइयां लगाने के लिए जमीन की सबसे ज्यादा दिक्कत होती है, लेकिन उद्यमियों को भरोसा दिलाया कि जमीन की दिक्कत दूर करने के लिए लैंड बैंक बनाएंगे। अगर कोई उद्यमी बाहर से आकर औद्योगिक इकाई लगाना चाहता है तो उसे जमीन देंगे। कहा कि बैंक से लोन लेने में लोगों को कागजी कार्रवाई पूरी करने में बहुत समस्या है। सरकारी बैंक अच्छा काम कर रहे हैं, मगर प्राइवेट बैंक का काम संतोषजनक नहीं है। डीएम ने कहा कि वह प्रयास कर रहे हैं कि औद्योगिक क्षेत्र को निर्बाध 24 घंटे बिजली मिल सके। उन्होंने उद्यमियों से कहा कि, अगर भूमि परिवर्तित कराने और बंटवारे से संबंधित दिक्कत है तो तत्काल समाधान कराया जाएगा।


सेमिनार में डीएम अविनाश सिंह को सम्मानित करते चैंबर्स के पदाधिकारी।


सेमिनार में बड़ी संख्या में उद्यमियों ने भाग लिया। ● अमृत विचार

नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने कहा कि शहरवासियों को अच्छी सुविधा देने का प्रयास कर रहे हैं। डीडीपुरम में बनाई जा रही सड़क को लेकर कहा कि अभी धूल और कुछ अन्य समस्याएं हैं, जिससे शहर के लोग परेशान हैं, लेकिन अगले सात आठ महीनों में यहां की सड़क सबसे बेहतर होगी। बोले कि अगर कूड़ा कम कर देंगे तो यही उनका सबसे बड़ा टैक्स होगा। बीडीए के अधिशासी अभियंता एपीएन सिंह ने इंडस्ट्रियल पार्क की तमाम खूबियों के बारे में बताया। कहा कि कुछ अड़चनें थीं, जो दूर हो गई हैं। जल्द ही कार्य शुरू होगा। चालू इकाइयों के संचालन में आ रही समस्याओं पर भी चर्चा हुई, जिनके निस्तारण का अधिकारियों ने भरोसा दिलाया।

नेशनल प्राडक्टिविटी काउंसिल भारत सरकार के तहत उत्पाद की गुणवत्ता व उत्पादन बढ़ाने के बारे में जानकारी देने के लिए काउंसिल की डिप्टी डायरेक्टर प्रीति गंगवार ने कहा कि आज के दौर में गुणवत्ता में सुधार और उत्पादन वृद्धि कर लागत घटाने की बड़ी जरूरत है, ताकि बाजार की स्पर्धा में उद्यमी खुद को स्थापित कर सकें। कहा कि, इसके लिए प्रशिक्षण भी दिलाया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि बरेली में नए उद्योगों, पर्यटन इकाईयों के लिए सरकार की नई स्कीम का लाभ लेकर आगे आने का आवाह्न किया। उन्होंने भरोसा भी दिलाया कि संस्था अपने सदस्यों की हर समस्या को दूर कराएगा।

संचालन डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी ने किया। सचिव ने लोगों से अधिक से अधिक नए उद्योग लगाने की अपील की। इस दौरान सीडीओ देवयानी, उपायुक्त उद्योग विकास यादव, उप निदेशक पर्यटन ब्रजपाल सिंह, अधिशासी अभियंता ग्रामीण हरीश कुमार, अधिशासी अभियंता शहरी सुरेंद्र कुमार ने उद्यमियों की हर समस्या का समाधान करने का भरोसा दिया। इस दौरान उद्यमी वीएस अग्रवाल, सुधांशु अग्रवाल, देवमूर्ति, अरुण गुप्ता, केवी अग्रवाल, पीसी शर्मा, विकास शर्मा, पीयूष अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, सतीश अग्रवाल मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य विभाग को मिलेंगे 23 डॉक्टर

**बरेली, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग को जल्द 23 डॉक्टर मिलेंगे। इससे मरीजों को राहत मिलेगी। दरअसल, शासन के आदेश पर वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीडीओ देवयानी की अध्यक्षता में डॉक्टरों की साक्षात्कार प्रक्रिया पूर्ण हो गई है।

सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि कुल 23 पदों पर डॉक्टरों का चयन किया जाना है। इसके लिए पूर्व में 43 डॉक्टरों ने आवेदन किया था। बुधवार को सभी का साक्षात्कार ले लिया गया है। इस सप्ताह के अंत तक परिणाम घोषित कर सीएमओ कार्यालय में चयनित डॉक्टरों की सूची चस्पा कर दी जाएगी। सीएमओ ने बताया कि चयनित डॉक्टरों को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर तैनात किया जाएगा। इस दौरान जिला अस्पताल की एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# दो डॉक्टरों के भरोसे मरीजों का इलाज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** तीन सौ बेड अस्पताल में किस प्रकार ओपीडी में आने वाले मरीजों को बेहतर इलाज मिल रहा है, इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि मंगलवार और बुधवार को ओपीडी में सिर्फ दो डॉक्टर ही थे, जबकि यहां कुल 5 डॉक्टर ओपीडी में मरीज देखने के लिए तैनात किए गए हैं। एक वरिष्ठ डॉक्टर विभागीय कार्य के चलते बाहर गए हैं। वहीं एक अन्य का पता नहीं है। जबकि ओपीडी में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। तीन डॉक्टरों के कक्ष पर ताले लटके हैं।

यहां तीन फिजिशियन के साथ एक दंत, नेत्र रोग विशेषज्ञ को ओपीडी में मरीजों को परामर्श देने के लिए तैनात किया गया है, लेकिन बुधवार को ओपीडी में सिर्फ एक फिजिशियन, एक नेत्र रोग विशेषज्ञ और दंत चिकित्सक ही मरीज देख रहे थे। दो फिजिशियन के कक्ष पर ताला लगा होने पर दंत चिकित्सक को अन्य रोगों के मरीजों को परामर्श देना पड़ा।


तीन सौ बेड अस्पताल की ओपीडी में बंद पड़े डॉक्टरों के कक्ष। ● अमृत विचार

- तीन सौ बेड अस्पताल की ओपीडी में तीन डॉक्टरों के कक्षों पर लटका रहा ताला

> एक डॉक्टर पोस्टमार्टम ड्यूटी पर थे, जिस वजह से ओपीडी में उनका कक्ष बंद था। हालांकि जिला अस्पताल प्रशासन को प्रशिक्षु डॉक्टरों को यहां ओपीडी में सेवाएं देने के लिए मांग पत्र भेजा गया है।
> – डॉ. इंतजार हुसैन, सीएमएस

### जिला अस्पताल में बढ़ रहा मरीजों का भार

तीन सौ बेड अस्पताल में ओपीडी में समय पर डॉक्टर उपलब्ध न होने के चलते मजबूरन मरीजों को जिला अस्पताल में इलाज के लिए जाना पड़ रहा है। जिससे मरीजों को परेशानी के साथ ही जिला अस्पताल में भी मरीजों का भार बढ़ रहा है। जबकि तीन सौ अस्पताल में ओपीडी का आरंभ इस उद्देश्य से किया गया था कि मरीजों को उनके घर के पास ही इलाज मिल सके, लेकिन अव्यवस्था के चलते मरीज परेशान हो रहे हैं।

# काम अधूरा : नगर निगम की नई बिल्डिंग से गिरने लगा प्लास्टर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पीओपी भरभराकर गिरी, फाल्स सिलिंग में सीलन
- लिफ्ट फंसने से लेना पड़ा सीढ़ी का सहारा
- एक बार जांच में पाया गया था संतोषजनक काम

**अमृत विचार :** नगर निगम की नई बिल्डिंग का काम पूरा होने के पहले ही स्थिति खराब हो गई है। कई जगहों पर प्लास्टर और पीओपी गिरने लगी है। इतना नहीं लिफ्ट की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं, क्योंकि वह बार-बार फंस रही है। इस वजह से लोग लिफ्ट की जगह सीढ़ी का सहारा ले रहे हैं, जबकि काम में देरी होने के कारण बजट दोगुना हो गया है।

कमिश्नर के आदेश पर करीब तीन माह पहले नगर आयुक्त ने पार्षद की शिकायत पर समिति बनाकर नगर निगम की नई बिल्डिंग की जांच कराई गई थी। समिति में शामिल पीडब्ल्यूडी के भवन खंड, पावर कॉरपोरेशन, अग्निशमन और स्मार्ट सिटी कंपनी के इंजीनियरों ने बिल्डिंग की जांच कर रिपोर्ट नगर निगम के अधिकारियों को सौंपी थी।


नगर निगम की नई बिल्डिंग का प्लास्टर अभी से होने लगा है खराब। ● अमृत विचार

इसमें लोक निर्माण विभाग ने सभी सिविल कार्य को संतोषजनक बताते हुए सुधार करने को कहा था। इस जांच की रिपोर्ट की पोल एक बार फिर से खुलती नजर आ रही, क्योंकि 23 मई को नगर निगम के इंजीनियरों को निरीक्षण में कई कमियां मिली थीं। अब बुधवार को नई बिल्डिंग के ऊपरी तल का पीओपी अचानक गिर गया। इतना ही नहीं प्लास्टर भी खराब होकर गिर रहा है। करीब तीन बार लिफ्ट फंसने की वजह से लोगों को सीढ़ी का सहारा लेना पड़ा है। सबसे गंभीर बात तो यह है कि वीके कंस्ट्रक्शन को यह प्रोजेक्ट 2021 में मिला था और 2023 तक काम पूरा करना था, लेकिन दो साल की देरी के बाद भी बिल्डिंग पूरी नहीं हुई है। यही नहीं करीब 10 करोड़ रुपये बनने वाली बिल्डिंग का संशोधित बजट करीब 19 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। अभी भी आडिटोरियम का काम अधूरा है।

### नोटिस दी गई है, कार्रवाई की जाएगी

**बरेली :** अधिशासी अभियंता राजीव राठी ने बताया कि 23 मई को इंजीनियरों की टीम ने भवन का निरीक्षण किया था। इस दौरान कमियां मिली हैं। इसमें लिफ्ट बार-बार फंस रही है। फॉल सीलिंग और एसी सिस्टम में खराबी है और फिटिंग और इक्यूपमेंट सही से काम नहीं कर रहे हैं। फर्म की लापरवाही सामने आई है। इसके लिए अंतिम नोटिस दी गई है। साथ हिदायत दी गई है काम में सुधार लाएं अन्यथा कार्रवाई होगी।


पीओपी गिरी।

आवश्यकता है
- लैब टेक्निशियन (BMLT/DMLT)
- O.T. टेक्नीशियन
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male/Female)
- नर्स (Male/Female) (ANM/GNM)
- आयुर्वेद परिचारिका
- मैट्रन (नर्सिंग का अनुभव)
- वार्ड ब्वॉय/वार्ड आया
- कैंटीन कुक

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली।
मो. 8077808309, 9837357497

# रुविवि से गुहार, हमारी भी दुबारा कराएं प्रयोगात्मक परीक्षा

- विश्वविद्यालय में पहुंचे अमरोहा के बीएएमएस विद्यार्थियों ने परीक्षा नियंत्रक से की अपील

**बरेली, अमृत विचार :** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय (रुविवि) से संबद्ध डब्ल्यूटीएम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, अमरोहा के बीएएमएस विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से अपनी प्रयोगात्मक परीक्षा फिर से कराने की मांग की है। विवि परिसर में बुधवार को पहुंचकर इन विद्यार्थियों ने प्रयोगात्मक परीक्षा कराने के लिए परीक्षा नियंत्रक से निवेदन किया। इन विद्यार्थियों का आरोप है कि कॉलेज में हुई आंतरिक परीक्षा में 90 प्रतिशत छात्र-छात्राओं को फेल कर दिया गया, जिससे उनका भविष्य संकट में पड़ गया है। विद्यार्थियों ने कहा कि उन्होंने पूरे सत्र में नियमित रूप से कक्षाएं अटेंड की हैं और प्रयोगात्मक कार्य भी ईमानदारी से किए, लेकिन परीक्षा के परिणाम ने उन्हें मानसिक रूप से आहत किया है। छात्रों का आरोप है कि आंतरिक मूल्यांकन निष्पक्ष नहीं था और जानबूझकर अधिकतर विद्यार्थियों को अनुपयुक्त कारणों से फेल कर दिया गया।

कॉलेज के बीएएमएस प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का कहना है कि अन्य संबद्ध कॉलेजों में प्रयोगात्मक परीक्षा दोबारा कराई गई है या छात्रों को सुधार का अवसर दिया गया है, लेकिन उनके साथ ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने विश्वविद्यालय से मांग की है कि उनकी भी प्रैक्टिकल परीक्षा दोबारा कराई जाए ताकि वे अपने ज्ञान और तैयारी को साबित कर सकें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन करने को बाध्य होंगे। रुविवि प्रशासन ने छात्रों की मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक का कहना है कि मामले की जांच की जाएगी और यदि अनियमितता पाई गई तो निष्पक्ष निर्णय लिया जाएगा।

# बढ़े मरीज तो जिला अस्पताल में अतिरिक्त बेड हो गए फुल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वार्डों में बढ़ाए गए थे 40 बेड मरीजों को भर्ती करने का संकट

**अमृत विचार :** पिछले माह से जिला अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। एक माह पहले अस्पताल के सभी 327 बेड फुल होने पर अलग-अगल वार्डों में 40 अतिरिक्त बेड बढ़ाए गए थे, अब वो भी मरीजों से फुल हो गए हैं। ऐसे में अस्पताल प्रशासन के सामने मरीजों को भर्ती करने का संकट पैदा हो गया। भर्ती होने वालों में अधिकांश मरीज डायरिया व अन्य बीमारियों से ग्रसित हैं।

**वार्डों में नहीं बचा स्थान, कहां डालें बेड :** एडीएसआईसी डा. अलका शर्मा के अनुसार अतिरिक्त बेड भी फुल हो गए हैं। स्टोर में मरीजों के लिए बेड उपलब्ध हैं, लेकिन वार्डों में इन बेड को डलवाने का स्थान नहीं बचा है। हालांकि अस्पताल के पेईंग वार्ड में कुछ स्थान चिह्नित किया गया है। अब यहां बेड डलवाए जाएंगे। हालांकि, बारिश होने के बाद कुछ ठंडक बढ़ी है। बुधवार को बड़ी संख्या में स्वस्थ होने पर मरीजों को डिस्चार्ज भी किया गया है।

## तीन दिन आईवीआरआई का गहन निरीक्षण कर लौट गई नैक टीम

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) में तीन दिन बारीकी से निरीक्षण करने के बाद बुधवार को नैक टीम लौट गई।

तीन दिन नैक टीम ने आईवीआरआई के विभिन्न विभागों, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, हॉस्टल, अनुसंधान इकाइयों और अन्य शैक्षणिक-सुविधाओं का दौरा किया। टीम ने शिक्षकों, शोधार्थियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों से सीधे संवाद स्थापित कर संस्थान के कार्यप्रणाली, अनुसंधान की गुणवत्ता, नवाचार, सामाजिक सहभागिता और पर्यावरणीय योगदान से जुड़े पहलुओं की जानकारी जुटाई। टीम ने संस्थान की ओर से समाज के लिए किए जा रहे योगदान, शोध की प्रासंगिकता और वैश्विक स्तर पर हो रहे कार्यों की सराहना की। क्लोजिंग सेरेमनी के दौरान टीम ने संस्थान को कुछ रचनात्मक सुझाव भी दिए, जिससे आगे की गुणवत्ता और सुधारी जा सके। निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने नैक टीम का आभार जताया। नैक की रिपोर्ट से संस्थान को आगे की दिशा तय करने में मदद मिलेगी।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ
सत्र : 2025-26
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)
- M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
- M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
- M.H.A. (2 Years)
- M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैंने अपने पुत्र शोभित सैनी व पुत्रवधू दीपशिखा को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। मनोज सैनी उर्फ बब्लू पुत्र रामआसरे लाल सैनी निवासी पानी की टंकी के पास, जगतपुर, विवेकनगर, श्यामतगंज, थाना बारादरी, बरेली

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु लड़कों की
संपर्क करें
कंपटीशन बुक हाउस
कॉलेज बुक हाउस
5, 6, 7 न्यू कॉलेज रोड मार्केट बरेली

आवश्यकता है
प्राचार्य /असि. प्रो. एलएल.एम./एलएल.बी. व बी.ए.एलएल.बी. विधि, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी व इतिहास विषयों के लिए। इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिन के अन्दर अपने सम्पूर्ण शैक्षिक अभिलेखों सहित बायोडाटा भेजे। योग्यता व वेतन UGC मानकानुसार।
ईमेल-asianvidhi@gmail.com
मोबाइल नं. 9837175862
एशियन विधि एवं न्यायिक विज्ञान महाविद्यालय, खामपुर उर्फ गंगापुर नवाबगंज (बरेली)

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

मूर्खशिष्योपदेशेन दुष्टास्त्रीभरणेन च।
दु:खितै: सम्प्रयोगेण पण्डितोऽप्यवसीदति॥

मूर्ख शिष्य को पढ़ाने पर, दुष्ट स्त्री के साथ जीवन बिताने पर तथा दु:खियों–रोगियों के बीच में रहने पर विद्वान व्यक्ति भी दु:खी हो ही जाता है।

## संपादकीय

# साइबर सुरक्षा प्राथमिकता

भारत में बढ़ते डिजिटल बुनियादी ढांचे के साथ, साइबर सुरक्षा खतरे भी बढ़ रहे हैं जो देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती बन रहे हैं। सूचना युद्ध और साइबर हमलों से भारत की राजनीतिक व्यवस्था को नुकसान हो सकता है। वित्तीय धोखाधड़ी, जैसे ऑनलाइन निवेश घोटाले और अवैध ऋण देने वाले ऐप, डिजिटल वित्त में विश्वास को कमजोर करते हैं। साइबर अपराधियों ने 2024 में डिजिटल धोखाधड़ी के ज़रिए 1,750 करोड़ रुपये से अधिक की हानि पहुंचाई है। कहा जा सकता है कि भारत का बढ़ता डिजिटल बुनियादी ढांचा साइबर खतरे में है और सुरक्षा खतरे तेजी से जटिल होते जा रहे हैं। ये खतरे डेटा उल्लंघन, फिशिंग अटैक और रैनसमवेयर के रूप में सामने आते हैं। यह मुख्य रूप से साइबर अपराधों से निपटने के लिए मज़बूत बुनियादी अवसंरचना की कमी के कारण होता है। डेटा उल्लंघन एक प्रमुख चिंता है, जिसमें संवेदनशील जानकारी तक अनधिकृत पहुंच हो जाती है। फिशिंग अटैक में, साइबर अपराधी लोगों से संवेदनशील जानकारी प्राप्त करने के लिए ईमेल, संदेश या वेबसाइटों का उपयोग करते हैं। रैनसमवेयर हमले में, साइबर अपराधी डेटा को एन्क्रिप्ट कर देते हैं और उसे वापस प्राप्त करने के लिए फिरौती मांगते हैं।

साइबर सुरक्षा चुनौतियां बढ़ जाने की वजह से साइबर हमलों से विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सेवाएं बाधित हो सकती हैं। भारत के नेतृत्व, संस्थान और रणनीतिक संपत्ति डिजिटल निगरानी के निशाने पर रहे हैं। अधिकांश लोगों को साइबर सुरक्षा नियमों की जानकारी नहीं होती है, जिससे वे फ़िशिंग और अन्य सामाजिक इंजीनियरिंग तकनीकों के लिए अधिक असुरक्षित हो जाते हैं। देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था में विकसित हो रहे डिजिटल बुनियादी ढांचे को सुरक्षित करने के लिए देश में लगभग 7,90,000 साइबर सुरक्षा पेशेवरों की कमी है। साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए, नियमित प्रशिक्षण, सिमुलेशन, और साइबर सुरक्षा ऑडिट आवश्यक हैं। साइबर खतरों के तेजी से परिष्कृत और अंधाधुंध होने के साथ, नैतिक हैकर्स, साइबर विश्लेषकों और डिजिटल रक्षकों की आवश्यकता बढ़ेगी और भारत को पहले से कहीं ज्यादा साइबर योद्धाओं की जरूरत होगी। कुल मिलाकर जब भारत की अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचा डिजिटल होता जा रहा है, भारत डिजिटल क्रांति से गुज़र रहा है और साइबर सुरक्षा युद्ध अब हाशिये पर नहीं है, बल्कि यह सबसे आगे और केंद्र में है। साइबर सुरक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनना चाहिए।

# विरासत और विकास की नई इबारत लिख रहे योगी



डॉ. चंद्रमोहन
प्रदेश सचिव
उत्तर प्रदेश भाजपा

**कभी निवेश की राह देखने वाला उत्तर प्रदेश अब इंवेस्टमेंट के लिए पसंदीदा राज्य बन गया है। ग्लोबल इंवेस्टर समिट के माध्यम से यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने कई लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने का काम किया है।**

आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन है। ये अवसर इसलिए खास है, क्योंकि देश और दुनिया में आज जिस उत्तर प्रदेश के विकास की चर्चा हो रही है, उसका श्रेय योगी आदित्यनाथ को जाता है। योगी आदित्यनाथ ने 'जो कहा, वो करके दिखाया'। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज यूपी 'विरासत और विकास' की भावना को साथ लेकर एक दुनियाभर में एक नई पहचान बना रहा है। आपने देखा कि 14 जनवरी से लेकर 27 फरवरी तक तीर्थराज प्रयाग में अद्भुत तरीके से महाकुंभ का सफल आयोजन योगी के नेतृत्व में किया गया। मानवता के इस 'महायज्ञ' में, आस्था, एकता और समता का महापर्व में 66 करोड़ 21 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पावन त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। विश्व इतिहास में यह अभूतपूर्व और अविस्मरणीय आयोजन है। हमारी सांस्कृतिक विरासत को इतने भव्य तरीके से जीवंत करने और इस आयोजन में विभिन्न माध्यमों से लाखों लोगों को विकास और रोजगार की पावन धारा से जोड़ने का काम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इस आयोजन से लाखों लोगों को रोजगार मिला और उनके जीवन का कायाकल्प हुआ।

इसी तरह अयोध्या नगरी में रामलला का भव्य मंदिर बना, जो रामलला बरसों से टाट में थे, वो अब अपने भव्य और दिव्य भवन में विराजमान हैं। योगी सरकार का प्रयास ही है कि देश-विदेश से हर रोज लाखों की संख्या में भक्त रामनगरी अयोध्या में दर्शन पूजन के लिए पहुंचते हैं। अयोध्या नगरी आज फेवरेट टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनकर उभरा है। 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी, इसके बाद एक वर्ष के भीतर 13 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने अयोध्या में रामलला के दर्शन किए। अयोध्या में दान का रिकॉर्ड भी टूट रहा है। यहां दस काउंटरों पर प्रतिदिन 10 लाख रुपये से अधिक चढ़ावा आ रहा है। अयोध्या और उसके आसपास का



क्षेत्र आज विकास की एक नई इबारत लिख रहा है। विरासत को विकास से जोड़ने का यह अद्भुत उदाहरण है। भगवान राम का विचार था कि प्रजा का एक भी व्यक्ति अगर चैन से नहीं सो पा रहा है, तो राजा को भी नींद लेने का कोई हक नहीं। भगवान राम अपना सुख, चैन त्यागकर, मानव कल्याण के लिए राक्षसों का सर्वनाश करने निकल पड़े थे। 14 बरस भोग की हर वस्तु का त्यागकर प्रभु राम जमीन पर सोए और नंगे पैर कांटों भरे रास्ते पर चले। आज हमारे प्रदेश के मुखिया योगी, उन्हीं के पदचिन्हों पर चल रहे हैं और उनके बताए मार्ग पर चलकर दिन रात प्रदेश के जनता की सेवा कर रहे हैं।

संतकबीर नगर में बाबा तामेश्वरनाथ धाम का कायाकल्प कर इसे एक भव्य तीर्थस्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। बाबा तामेश्वरनाथ धाम को अयोध्या और काशी की तर्ज पर एक सुव्यवस्थित व भव्य तीर्थस्थल का स्वरूप दिया जाएगा। वृंदावन में भव्य और दिव्य बांकेबिहारी कॉरिडोर का निर्माण जल्द शुरू होने जा रहा है। 500 करोड़ रुपये से बांके बिहारी मंदिर के निकटवर्ती क्षेत्र में सुविधाओं का सुधार किया जाएगा और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर माहौल बनाया जाएगा। मिर्जापुर में मां विंध्यवासिनी धाम को दिव्य बनाने के लिए 331 करोड़ की लागत से कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है। सहारनपुर में सिद्ध पीठ मां शाकुंभरी देवी मंदिर के विकास के लिए करोड़ों रुपये का बजट योगी सरकार ने स्वीकृत किया है। उत्तर प्रदेश सरकार राज्य में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 4560 करोड़ रुपये की लागत से धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाले मार्गों का कायाकल्प किया जा रहा है। अयोध्या, वाराणसी, मथुरा, चित्रकूट, प्रयागराज, नैमिषारण्य और मीर्जापुर के धार्मिक स्थलों को विकसित कर नई पहचान दिलाने का काम योगी आदित्यनाथ की सरकार कर रही है। आज हर जनपद में जिस तरह मेडिकल कॉलेजों का निर्माण हो रहा है, पॉलिटेक्निक कॉलेज और आईटीआई कॉलेजों का कायाकल्प हो रहा है, उसी तरह वहां के प्रमुख धार्मिक स्थलों और विरासतों का मूलभूत विकास भी सरकार करा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज यूपी चहुंमुखी विकास की गाथा लिख रहा है। एक समय प्रभु राम की नगरी अयोध्या में जैसा शासन रहा होगा, उसी राम राज्य को स्थापित करने की कल्पना साकार होती दिख रही है।

स्वास्थ्य से लेकर शिक्षा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर हो रहा है। टूटी-फूटी सड़कें एक्सप्रेस का रूप ले रही हैं, गरीबों के खाते में सीधे सहायता राशि पहुंच रही है। आज योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी में रामराज्य की कल्पना साकार हो रही है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार, गुंडाराज, घोटाला, अपराध, जंगलराज, धांधली, तुष्टीकरण, कोरोना, जबरन धर्मांतरण आदि पर जबरदस्त प्रहार हो रहे हैं। गुंडे-माफियाओं पर शिकंजा कसता जा रहा है। बदमाश गले में तख्ती डालकर थाने में स्वयं सरेंडर करने आ रहे हैं। बाहुबली और माफिया योगी राज में थर-थर कांप रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने दूसरे कार्यकाल से पहले लोक कल्याण संकल्प पत्र में जो संकल्प लिए थे, उन्हें एक-एक कर पूर्ण कर दिखाया है। प्रदेश में युवाओं को रोजगार की बात हो, प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर को निवेश के लायक बनाने की चुनौती हो, एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हो या फिर माफिया-अपराधियों पर नकेल कसने का संकल्प हो, हर मुद्दे पर योगी आदित्यनाथ ने जनता के प्रति समर्पण के भाव से प्रभावशाली काम किया है। अपने ऐतिहासिक कार्यकाल में योगी आदित्यनाथ ने न सिर्फ योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया, बल्कि समय-समय पर योजनाओं के विकास की समीक्षा भी की, जिससे कोई योजना सरकारी फाइलों में दब नहीं सकी और पूरी पारदर्शिता के साथ लोगों को उनका लाभ मिल सका।

योगी आदित्यनाथ पांच अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डों वाले यूपी में सभी मंडलों को एयर कनेक्ट करने की महात्वाकांक्षी परियोजना पर मिशन मोड में काम कर रहे हैं। यूपी में 1,225 किलोमीटर तक फैले एक्सप्रेस-वे के जाल ने न सिर्फ यात्राओं को सुगम और तेज बनाया है, बल्कि इनके दोनों ओर डेवलप किए जा रहे औद्योगिक क्षेत्र प्रदेश के विकास को भी गति दे रहे हैं। हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर की बात करें तो प्रदेश के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में हेल्थ एटीएम लगाए जा रहे हैं। हर जिले में मेडिकल कॉलेज के अलावा गोरखपुर-रायबरेली में एम्स का संचालन किया जा रहा है। 6.51 करोड़ प्रदेशवासियों को आयुष्मान कार्ड के जरिए पांच लाख रुपये तक के बीमा से कवर किया जा चुका है। मेट्रो को अब गोरखपुर, प्रयागराज, वाराणसी, झांसी, बरेली और मेरठ में भी चलाने की योजना बनाई जा रही है। आगरा में मेट्रो की सवारी शुरू हो चुकी है।

कभी निवेश की राह देखने वाला उत्तर प्रदेश अब इंवेस्टमेंट के लिए पसंदीदा राज्य बन गया है। ग्लोबल इंवेस्टर समिट के माध्यम से यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने कई लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने का काम किया है। योगी सरकार के पहले कार्यकाल में सबसे ज्यादा निवेश आईटी और इलेक्ट्रानिक्स सेक्टर में 94,632 करोड़ रुपए का हुआ है। हर हाथ को रोजगार देने की दिशा में योगी आदित्यनाथ आगे बढ़ रहे हैं।

## प्रसंगवश

# गंगाजल भारतीय चिंतन और दर्शन का प्रतीक

श्रीकृष्ण ने गीता के अध्याय 10 श्लोक 31 में स्वयं मुख से कहा है- 'स्रोतसामस्मि जाह्नवि' अर्थात् दियों में भागीरथी गंगा मैं हूं। भगवद् स्कंद 11 अध्याय 16 में आता है-'तीर्थानां स्रोतसां गंगा' तीर्थों में गंगा सबसे श्रेष्ठ है। यों गंगाजल की लौकिक महत्ता भी कम नहीं है, पर इसका मूल महत्व तो परलौकिक एवं आध्यात्मिक ही है। गंगा से कितने मनुष्यों और अन्य जीव-जंतुओं की तृष्णा शांत होती है, कितनी भूमि हरी-भरी शस्यश्यामला बनती है, उसके जल से सिंचित होकर कितनी घास-पात, कितना अन्न, शाक, फलों का भंडार उत्पन्न होता है इसे सभी लोग जानते हैं।

सभी जानते हैं कि लाखों करोड़ों मनुष्यों और पशु-पक्षियों का जीवन गंगा पर निर्भर रहता है। यदि गंगा का अवतरण न हुआ होता तो आज जहां की भूमि हरी-भरी दीखती है, जहां अगणित मनुष्य और पशु-पक्षी आनंद से किलोल करते हैं, वहां का दृश्य दूसरा ही हुआ होता। उस भूमि पर आज श्मशान जैसी विभीषिका दृष्टिगोचर होती। गंगा जिस प्रदेश में होकर गुजरती है, वहां के समीपवर्ती लोगों को तो जीवन के बहुमूल्य आधार दिए ही हैं, साथ ही दूरवर्ती जनता को भी बहुत कुछ दिया है। यहां की समृद्धि दूर-दूर तक फैलकर प्रकारांतर से सारे देश की समृद्धि को बढ़ाती है। प्रसिद्ध नदीसूक्त में सर्वप्रथम गंगा का ही आह्वान किया गया है। ऋग्वेद में 'गंगय' शब्द आया है। महाभारत एवं पुराणों गंगा की महत्ता एवं पवित्रीकरण के विषय में सैकड़ों प्रशस्तिजनक श्लोक हैं। भारत की अनेक धार्मिक अवधारणाओं में गंगा नदी को देवी के रूप में निरुपित किया गया है।

बहुत से पवित्र तीर्थस्थल गंगा नदी के किनारे पर बसे हुए हैं। अनेक पर्वों और उत्सवों का गंगा से सीधा संबंध है। इस नदी के बारे में पं. जवाहर लाल नेहरू ने लिखा है, "गगा तो लोकतांत्रिक भारत की नदी है, जनता की प्रिय है, जिसकी झलक भारत की जातीय स्मृतियां, उसकी आशाएं और उसका भय, उसके विजयगान, उसकी विजय और पराजय है।" इसके तटों पर अनेक प्रसिद्ध मेलों का आयोजन किया जाता है और अनेक प्रसिद्ध मंदिर गंगा के तट पर ही बने हुए हैं। ये तीर्थ स्थल संपूर्ण भारत में सांस्कृतिक एकता स्थापित करते हैं। गंगा को लक्ष्य करके अनेक भक्ति ग्रंथ लिखे गए हैं। गंगाजल के बारे में प्रचलित मान्यताएं व तथ्य तो यहां तक कहते हैं कि यदि मृत्युशय्या पर पड़े व्यक्ति के मुख में गंगाजल डाल दिया जाए तो वह बंधनों से मुक्त हो जाता है। गंगा जी के प्रति हमारी श्रद्धा और आस्था अकारण नहीं है। इसका वैज्ञानिक आधार भी है।




आचार्य टेकनारायण उपाध्याय
वरिष्ठ अर्चक, श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी

अनेक शोधकर्ताओं ने परिक्षण से सिद्ध किया है कि गंगाजल में ऐसे बहुत से औषधीय गुण हैं, जो विविध शारीरिक और मानसिक रोगों से मुक्ति दिलाते हैं, इसके पान, स्नान, स्पर्शन और नव प्राणशक्ति का संचार होता है। पुरानी मान्यता है कि वृद्धावस्था में जब शरीर जर्जर और व्याधिग्रस्त हो जाए तो केवल गंगाजल ही इसका उपचार है। "शरीर जर्जरीभूते व्याधिग्रस्त कलेवर औषधि जाह्नवी तायं वैद्यो नारायणोहरि।" "वैज्ञानिक कहते हैं कि गंगा के पानी में बैक्टीरिया को खाने वाले बैक्टीरियोफाज वायरस होते हैं। ये वायरस बैक्टीरिया की तादाद बढ़ते ही सक्रिय होते हैं और बैक्टीरिया को मारने के बाद फिर छिप जाते हैं। पश्चिमी प्रकृति ने भी गंगा के जल की इस अद्भुत विशेषता को सिद्ध किया है। डॉ. एफ.सी. हरिसन के अनुसार गंगा जल में एक विशिष्ट गुण है, जिसका संतोषजनक वर्णन कठिन है। इसमें हैजे के जीवाणु की तीन से पांच घंटे में मृत्यु हो जाती है। जबकि कई नदियों में यही जीवाणु तेजी से फैलते हैं।

यह नदी उन खेतों के लिए पोषक तत्व भी प्रदान करती है, जिनसे यह गुजरती है। गंगा की सहायक नदियां 300 मिलियन से अधिक लोगों के लिए जीवनदायिनी हैं। गंगाजल को हर भारतीय अमृत तुल्य मानकर उसका पान करता है। अपने पूर्ण जीवन काल के अंतिम समय में हर भारतीय के प्राण गंगा की सिर्फ एक बूंद मात्र के लिए तरसते हैं। यहीं विशेषता गंगा को संसार की हर नदी से पृथक बनाती है और मुक्ति का यही विश्वास गंगा को एक सामान्य नदी के बजाय देवी के रूप में प्रतिष्ठित करता है।

# पर्यावरण संरक्षण में अग्रणी पहाड़वासी



प्रयाग पांडे
वरिष्ठ पत्रकार

**आजादी के बाद ग्रामीण समाज और वनों के बीच इस पुश्तैनी रिश्ते को पुनर्स्थापित करने के बजाय खटास को बढ़ाने की दिशा में ही ज्यादा जोर दिया गया।**

पहाड़ समस्त प्राणी जगत के मूलाधार हैं। पारिस्थितिकी और जैव विविधता के आश्रय स्थल हैं। बशर्ते कि पहाड़ विविध प्रजाति के जंगलों से आच्छादित हो। 'पहाड़' शब्द की कल्पना मात्र से मस्तिष्क में बर्फ की सफेद चादर से ढके हिमालय, श्रृंखलाबद्ध पहाड़ियों में गहनों की भांति सजे हरे वृक्ष, झरने, गाड-गधेरे और कल-कल करती नदियों का चित्र उभर आता है। पेड़, पानी और पहाड़ का वजूद एक-दूसरे से गहरे तौर पर जुड़ा है। पहाड़ हैं तो पेड़ हैं, पेड़ हैं तो पानी है। ये सब मिलकर पहाड़ को 'पहाड़' बनाते हैं। इनके बगैर पेड़, पहाड़, पानी और पर्यावरण की कल्पना भी नहीं की जा सकती है।

मनुष्य और जंगलों के बीच आदिम युग से अटूट रिश्ते रहे हैं। उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों की समूची अर्थव्यवस्था सदियों से प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर रही है। पर्वतीय समाज का पूरा जीवन चक्र वनों की ऊर्जा से घूमता था। वन यहां के निवासियों के जीवनाधार थे। ग्रामीण क्षेत्रों की अधिकांश जरूरतें वनों से ही पूरी होती थीं। यही वजह है कि यहां के निवासियों का वनों के प्रति भावनात्मक और आत्मीय लगाव था। जंगल, पेड़ और पहाड़ के प्रति पहाड़वासियों की संवेदनशीलता के चलते वन महोत्सव की शुरुआत भी पहाड़ से ही हुई।

अविभाजित उत्तर प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी ने 1953 में वन महोत्सव की शुभारंभ नैनीताल से की थी। इस अवसर पर श्री मुंशी ने नैनीताल के राजभवन परिसर में बांज का पौधा लगाया था। जंगल, पेड़ और पर्यावरण के संरक्षण के लिए जन्मे 'चिपको आंदोलन' के प्रणेता भी पहाड़वासी ही हैं। पहाड़वासी सदियों से जंगल, पेड़ और पर्यावरण का संरक्षण करते आ रहे हैं। जंगलों और यहां के बाशिंदों के बीच सहअस्तित्व का रिश्ता रहा है, लेकिन उत्तराखंड में ब्रिटिश राज कायम होने के बाद वनों के संरक्षण के नाम पर थोपे गए तमाम अव्यावहारिक वन कानूनों ने पहाड़ के ग्रामीण समाज और वनों के बीच एक गहरी खाई पैदा कर दी। यहां के निवासियों का वनों के प्रति दिनों-दिन लगाव कम होते चला गया।

आजादी के बाद ग्रामीण समाज और वनों के बीच इस पुश्तैनी रिश्ते को पुनर्स्थापित करने के बजाय खटास को बढ़ाने की दिशा में ही ज्यादा जोर दिया गया। परिणामस्वरूप गांव के लोगों और जंगलों के बीच दरार और चौड़ी होती चली गई। आज इसका खामियाजा ग्रामीण समाज, जंगल, पर्यावरण तीनों को उठाना पड़ रहा है। दो शताब्दी पहले तक पहाड़ के जंगलों और इसके आसपास रहने वाले मनुष्यों के मध्य भावनात्मक रिश्ता था। कुमाऊं में देशज राजवंश के शासनकाल में यहां के निवासी संपूर्ण वन संपदा का नियंत्रित दोहन नैसर्गिक अधिकार के रूप में करते थे। उनका समूचा जीवन चक्र जंगलों से जुड़ा था, सो जंगलों की सुरक्षा करना उनकी नैतिक जिम्मेदारी हुआ करती थी। 1790 में यहां गोरखा सैनिक शासन कायम हो गया था। गोरखों ने बेहिसाब जंगल काटे। 1815 में उत्तराखंड में ईस्ट इंडिया कंपनी का राज कायम हो गया। इसके बाद यहां के ग्रामीणों और जंगलों के बीच सदियों पुराने रिश्तों में दरारें आनी शुरू हुई। धीरे-धीरे जंगलों और स्थानीय निवासियों के आदिकाल से चले आ रहे रिश्ते तार-तार हो गए।

हालांकि अंग्रेजी शासनकाल में पहाड़ के भीतर यातायात व संचार का विकास सामरिक जरूरतों और यहां की अकूत वन संपदा के दोहन के नजरिए से ही हुआ। इसके बावजूद यह भी सच्चाई है कि अंग्रेजों ने जंगलों के एकतरफा दोहन की नीति नहीं अपनाई। अंग्रेज वनों के दोहन के साथ संरक्षण पर भी उतना ही ध्यान देते थे। अंग्रेजी शासनकाल में वनों की निगरानी और हिफाजत की पुख्ता व्यवस्था थी। आजाद भारत में अंग्रेजों की वनों के प्रति संरक्षणवादी और दूसरे सकारात्मक पक्षों को तो तिलांजलि दे दी गई है, लेकिन वनों को जनता से जोड़ने के सवाल पर गंभीरता से नहीं सोचा गया। ग्रामीण जन समुदाय को वनों से जोड़ने की नीति बनाने की दिशा में ठोस पहल नहीं हो पाई। जबकि उत्तराखंड के वन सिर्फ उत्तराखंड के लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारत के संदर्भ में अमूल्य संपत्ति हैं।

यदि वनों के प्रति सुविचारित नीति हो, तो इन्हें सरकार और आम जनता, दोनों के लिए लाभदायी बनाया जा सकता है। वन संपदा को समृद्ध बनाकर वनोत्पादों पर आधारित लघु एवं कुटीर उद्योगों के माध्यम से बेरोजगारी और पलायन जैसी गंभीर समस्याओं से निपटा जा सकता है। असल सवाल सोच और इच्छाशक्ति का है, जो फिलवक्त दिखलाई नहीं पड़ती। याद रहे कि पहाड़ के वनों और वनोपज के संरक्षण और संवर्धन की ठोस एवं व्यावहारिक नीति बनाए बगैर वन और पर्यावरण संरक्षण की बात बेमानी है।

## सोशल फोरम

# उदार होना अधिक जरूरी है

आर्थिक उदारीकरण आया, बाजार को मुक्त करके और समाज को विभक्त करके चला गया। इस समय दुनिया सामाजिक रूप से दो जनवर्गों में विभक्त है-कूपमंडूक और उदार। हमारे देश में भी हर विचारधारा, हर धर्म, हर जाति, हर प्रांत में दो तरह के लोग हैं- कूपमंडूक और उदार। कूपमंडूक के पास भी बुद्धि होती है, पर उसकी बुद्धि उसे कुआं के बाहर कुछ भी सोचने नहीं देती। वह कुआं को ही पूरा विश्व समझता है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

इसके विपरीत उदार व्यक्ति की बुद्धि में तर्क, संवेदना और खुलापन-ये तीन खास गुण होते हैं। यह एक बड़ी विडंबना है कि हमारे समय के लोग बाजार में उदार हैं, सब तरह के आधुनिक माल खरीदेंगे, चीन का भी माल खरीदेंगे, पर विचारों से धर्म, जाति और प्रांत के मामलों में कूपमंडूक होंगे। इस समय कूपमंडूकों की शक्ति और संख्या दोनों बढ़ी है। कूपमंडूक होने में फिलहाल बड़े फायदे हैं। निश्चय ही उनकी तुलना में उदार चित्त के लोग कम हो गए हैं, पर मनुष्यता या नागरिक भाव सचमुच यदि है, तो ऐसे ही लोगों में हैं, जो उदार हैं, उनकी सबसे बड़ी कमाई उनकी उदारता है, उन्हें इस मनुष्यता में ही आनंद है। जब समाज का भविष्य अंधकार में हो तो फिर उन्हें अपने लिए उज्ज्वल भविष्य क्यों चाहिए? उदारता क्या है, यह जानना हो तो, जिस 'वसुधैव कुटुंबकम्' को लोग तलवार की तरह इतना भांजते हैं, उसके पूरे श्लोक को एक बार देख लेना चाहिए- अयं निजः परे वेति गणना लघुचेतसाम्। उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुंबकम्॥ अर्थात् जो मोर-तोर की भिन्नता वाले लघु चित्त से ऊपर उठ जाए और उदार चरित्र का हो उसके लिए यह पृथ्वी घर-परिवार की तरह है।

भारत की सांस्कृतिक परंपरा का संबंध कूपमंडूकता से नहीं उदारवाद से है। यदि कुछ भी संस्कृति है, तो उसमें उदारता एक प्रमुख तत्व है। कूपमंडूकता विकृति है, जबकि उदारता संस्कृति है। प्रसाद ने 'लहर' में लिखा है : तुम हो कौन और मैं क्या हूं/इसमें क्या है धरा सुनो/ मानस जलधि रहे चिर चुंबित/ मेरे क्षितिज उदार बनो। साहित्य केवल पढ़ने-पढ़ाने के लिए ही नहीं है, अपने जीवन में जगह देने के लिए भी है। **-फेसबुक वॉल से**

# पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण की जरूरत



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

**जल का दोहन स्रोत सालाना रिचार्ज से कई गुना बढ़ गया है। पेयजल और कृषिजल का संकट गहराने लगा है। भारत की गंगा और यमुना जैसी अनगिनत नदियां सूखने के कगार पर हैं। वह प्रदूषण से कराह रही हैं।**

वैज्ञानिकों का मानना है कि पृथ्वी का तापमान जिस तेजी से बढ़ रहा है, अगर उस पर समय रहते काबू नहीं पाया गया तो अगली सदी में तापमान 60 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा। आज जब 48 डिग्री सेल्सियस की गर्मी मनुष्य के लिए असहनीय है, तो 60 डिग्री सेल्सियस गर्मी को कैसे बर्दाश्त कर सकता है। तापमान बढ़ने से सूर्य की किरणें कैंसर जैसे भयंकर रोगों में वृद्धि करेंगी। कहीं सूखा पड़ेगा, कहीं गरम हवाएं चलेंगी तो कहीं भीषण तूफान व बाढ़ का सामना करना पड़ेगा। यदि पृथ्वी के तापमान में मात्र 3.6 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो जाए, तो आर्कटिक एवं अंटाकर्टिका के विशाल हिमखंड पिघल जाएंगे, जिससे समुद्र के जल स्तर में 10 इंच से 5 फुट तक वृद्धि हो सकती है। इसका परिणाम यह होगा कि समुद्रतटीय नगर समुद्र में डूब जाएंगे। भारत के मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, पणजी, विशाखापट्टनम, कोचीन और त्रिवेंद्रम नगर समुद्र में होंगे। इसी तरह न्यूयॉर्क, लॉस एंजिल्स, पेरिस और लंदन आदि बड़े नगर भी जलमग्न हो जाएंगे।

प्रत्येक वर्ष 5 जून को पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हेतु पूरे विश्व भर में पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र ने पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक व सामाजिक जागृति लाने हेतु वर्ष 1972 में की थी। पर विडंबना यह है कि इस दिवस पर हम एक ओर पर्यावरण सुरक्षा के प्रति चिंता जाहिर करते हैं, संगोष्ठियां करते हैं, नए कानून गढ़ते हैं, वहीं दूसरी ओर अंधाधुंध विकास के नाम पर प्रति वर्ष 7 करोड़ हेक्टेयर वनों का विनाश करते हैं। आंकड़े बताते हैं कि पिछले सैकड़ों सालों में मनुष्य जाति ने विकास के नाम पर करोड़ों हेक्टेयर वनों का विनाश किया है। उसके इस कृत्य से प्रकृति की तकरीबन एक तिहाई से अधिक प्रजातियां नष्ट हुई हैं। जंगली जीवों की संख्या में 50 फीसद की कमी आई है। उदाहरण के लिए भारत में पिछले एक दशक में पर्यावरण को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गिद्धों की संख्या में 97 फीसद की गिरावट दर्ज की गई है। इससे मृत पशुओं की सफाई, बीजों का प्रकीर्णन और परागण कार्य काफी हद तक प्रभावित हुआ है। गिद्धों की तरह अन्य प्रजातियां भी तेजी से विलुप्त हो रही हैं। वनों के विनाश से वातारण भी जहरीला होता जा रहा है। यानी प्रतिवर्ष दो अरब टन अतिरिक्त कार्बन-डाईआक्साइड वायुमंडल में घुल-मिल रहा है। इससे जीवन का सुरक्षा कवच मानी जाने वाली ओजोन परत को नुकसान पहुंच रहा है।

विडंबना यह है कि ओजोन परत की सुरक्षा से संबंधित संयुक्त राष्ट्र के मांट्रियल प्रोटाकाल में इन तत्वों पर नियंत्रण की कोई अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था नहीं है। ऐसे में यदि इनमें लगातार इजाफा हो रहा है, तो ओजोन परत के लिए नुकसानदायक स्वाभाविक है। पर्यावरण के साथ खिलवाड़ का सबसे घातक असर ध्रुवीय क्षेत्रों पर पड़ रहा है। अंतर्राष्ट्रीय अनुपात को देखते हुए उत्तरी ध्रुव क्षेत्र दोहरी तेजी से गरम हो रहा है। उत्तरी ध्रुव समुद्र में फैली स्थायी बर्फ की मोटी परत कम हो रही है। सदियों से बर्फ के मजबूत चादर में ढके क्षेत्र पिघल रहे हैं। वर्ष 2007 की इंटरगवर्नमेंटल पैनल की रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर के करीब 30 पर्वतीय ग्लेशियरों की मोटाई वर्ष 2005 में आधे मीटर से ज्यादा कम हो गई। वैज्ञानिकों का मानना है कि इसके लिए मुख्य रूप से ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन जिम्मेदार है। हिमालय क्षेत्र में पिछले पांच दशकों में माउंट एवरेस्ट के ग्लेशियर 2 से 5 किलोमीटर सिकुड़ गए हैं। इसके अलावा हिमालय के 76 फीसद ग्लेशियर चिंताजनक गति से सिकुड़ रहे हैं। कश्मीर और नेपाल के बीच गंगोत्री ग्लेशियर तेजी से सिकुड़ते ग्लेशियर का एक अन्य उदाहरण है। अनुमानित भूमंडलीय तापन से जीवों का भौगोलिक वितरण भी प्रभावित हो सकता है। कई जातियां धीरे-धीरे ध्रुवीय दिशा या उच्च पर्वतों की ओर विस्थापित हो जाएंगी। जातियों के वितरण में इन परिवर्तनों का जाति विविधता तथा पारिस्थितिकी अभिक्रियाओं इत्यादि पर असर पड़ेगा। विकास के लिए बिजली आवश्यक है, लेकिन जिस तरह बिजली के उत्पादन के लिए नदियों के सतत प्रवाह को रोककर बांध बनाया जा रहा है, उससे खतरनाक पारिस्थितिकीय संकट उत्पन हो गया है।

जल का दोहन स्रोत सालाना रिचार्ज से कई गुना बढ़ गया है। पेयजल और कृषिजल का संकट गहराने लगा है। भारत की गंगा और यमुना जैसी अनगिनत नदियां सूखने के कगार पर हैं। वह प्रदूषण से कराह रही हैं। नतीजतन मनुष्य को मौसमी परिवर्तनों से जुझना होगा। गौर करें तो आज भी मनुष्य अपने दुराग्रहों के साथ ही खड़ा है। प्रकृति से उसका खिलवाड़ का तरीका पहले से भी जघन्य हो गया है। नतीजा सामने है। प्रकृति भी प्रतिक्रियावादी बनती जा रही है। विडंबना है कि मानव जाति समझने को तैयार नहीं, किंतु उसे समझना ही होगा कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाकर वह स्वयं को सुरक्षित नहीं रख सकता।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### लेखपाल पर रिश्वत लेने का आरोप, शिकायत

**नवाबगंज, अमृत विचार** : कस्बे के एक युवक ने लेखपाल पर 50 हजार रुपये लेने के बाद भी गलत तूदाबंदी करने का आरोप लगाया हैं । उसने अधिकारियों से इसकी शिकायत कर रिश्वत की रकम वापस कराने के साथ ही लेखपाल के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला आदर्श नगर निवासी रामसिंह का आरोप है कि उसने ग्राम सिजौलिया स्थित खेत की तूदाबन्दी का वाद एसडीएम न्यायालय में दायर किया था । उसका आरोप है लेखपाल ने उससे तुदाबंदी करने के लिए एक लाख रुपये की मांग की और काफी अनुनय विनय करने के बाद 50 हजार रुपये लिए । रामसिंह का आरोप है रुपए लेने के बाद भी उसने तूदाबंदी गलत कर दी और अब रुपये वापस नहीं कर रहा है ।

### चोरी रोकने के लिए क्षेत्र में गश्त कराने की मांग

**भुता, अमृत विचार** : गांव नवादा ब्रहमांन में सोमवार रात 10 :00 बजे ग्रामीणों ने कुछ बाहरी लोगों को देखा गया। ग्रामीणों का कहना है, हम अपने आसपास के गांव के सभी लोगों को भली भाति जानते हैं। जिन लोगों को रात के समय गांव में देखा गया। वह सब अनजान व्यक्ति थे। बाहरियों के आवाजाही से ग्रामीणों में डर का माहौल है। ग्रामीण रात भर जागकर पहरेदारी कर रहे है। बुधवार को ग्रामीणों ने हिंदू युवा वाहिनी भारत के जिला अध्यक्ष अजय पटेल के नेतृत्व में थाना प्रभारी भारत सिंह को ज्ञापन देकर गांव में गश्त की मांग की है। इस मौके पर अजय पटेल, योगेश पटेल, मुकेश पटेल, सुरेश, चंद्रपाल आदि लोग उपस्थित रहे।

### प्रधानपति ने प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

**मीरगंज,अमृत विचार** : गांव सिंधौली में एक दिवसीय वालीबॉल टूर्नामेंट का प्रधानपति मुकेश कश्यप ने फीता काटकर उद्घाटन किया। प्रधानपति ने बताया हमारे गांव के बच्चे अन्य गांवों में भी खेलने जाते हैं। कई टीमों ने इसमें प्रतिभाग किया है। गांव के ही हारून अंसारी, मुजाहिद अंसारी, आसिफ शेख, शानू मंसूरी इसके आयोजक रहे। जिसमे गांव जौनेर, सिंधौली, नौसना, परौरा, सिल्लापुर आदि गांव के प्रतिभागी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

### एसडीएम न्यायिक ने संभाला ईओ का चार्ज

**नवाबगंज, अमृत विचार** : जिलाधिकारी के आदेश पर यहां पहुंचे बहेडी एसडीएम न्यायिक रामजनम यादव ने बुधवार को नगर परिषद के ईओ का चार्ज संभाल लिया । उन्होंने बताया वह प्रत्येक सोमवार और शनिवार को नगर परिषद में मौजूद रहकर कार्यो को देखेंगे ।

### घरेलू विवाद में भाई को बेरहमी से पीटा

**भोजीपुरा, अमृत विचार** : आपसी विवाद में एक युवक ने भाई की को लाठी से पीटकर लहूलुहान कर दिया। घायल के ससुर ने आरोपी के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव बैकुंठापुर निवासी खुर्शीद को उसके बड़े भाई ने मंगलवार शाम घरेलू विवाद को लेकर लाठी से पीट दिया। सूचना पर घायल के ससुराल वाले आ गए। जब घायल के ससुर महबूब अली ने समझाया तो उन्हें भी गालियां दीं। घायल को ससुराल वाले थाने लेकर पहुंचे। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेज दिया।

### किशोरी को निकाह के लिए घर से उठाने की दी धमकी

**नवाबगंज, अमृत विचार** : एक महिला ने थाने में तहरीर देकर बताया उसकी 15 वर्षीय पुत्री पर गांव का ही अफरोज बुरी नजर रखता है। उसके घर आकर उसकी बेटी को मोबाइल में अश्लील वीडियो दिखाता है, और जबरन निकाह करने का दबाव बनाता है। किशोरी ने यह बात मां को बताई तो उसने आरोपी को का प्रयास किया। आरोपी जबरन निकाह पर उतारू है, वह उसकी बेटी को घर से उठाकर ले जाने की धमकी देता है। पीड़िता का आरोप है, एक दिन मौका देखकर आरोपी उसके घर में घुस आया और उसकी बेटी से छेड़खानी की। शोर सुनकर पड़ोसी आ गए तो आरोपी धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस ने किशोरी की मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### एक ही नंबर की दो बाइकें चलाने की शिकायत

**नवाबगंज, अमृत विचार** : एक व्यापारी ने अपनी बाइक अपने ही कर्मचारी को बेच दी और इसी नंबर की उसी कंपनी की दूसरी बाइक खरीदकर चलाने लगा, जिसकी जानकारी उसके कर्मचारी को भी रही । कई बार कहने के बाद भी जब व्यापारी ने बाइक ट्रांसफर नहीं किए तो कर्मचारी ने इसकी वीडियो बनाकर पुलिस से शिकायत की। कोतवाल राहुल सिंह ने बताया कि शिकायत मिली है जांच की जा रही है ।

### मंदिर में तोड़फोड़ व पुजारी को पीटने का आरोप

**देवरनियां, अमृत विचार** : एक मंदिर में दबंगों ने तोड़फोड़ कर पुजारी से मारपीट की, और दान-पात्र उठा ले गए। ऐसी तहरीर पुलिस को दी गई है। पुलिस जांच करने गई तो मामला शराब पीकर मारपीट का निकला। ग्रामीणों ने बताया चुनाव को लेकर दोनों पक्षों में शराब पीकर गाली गलौज और मारपीट हुई थी। किसी ने न तो दान पात्र चुराया और न ही घंटा । खुद मंदिर के बहार लगी टाइल्स को तोड़कर मामला धार्मिक स्थल से जोड़ा गया है ।

# घर वालों के शोर मचाने पर भागे चोर

## ग्रामीणों ने घेरने की कोशिश की तो भागते हुए एक चोर ने प्रधान पति पर ताना तमंचा

संवाददाता, देवरनियां

- दो मकानों में चोरों ने लगाया नकब, जागने पर भागे
- सूचना के पांच घंटे बाद पहुंची पुलिस, 12 दिन में तीसरी वारदात

**अमृत विचार**: क्षेत्र में चोरियों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार रात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए सेंध लगाई, दीवार तोड़ते समय खटपट की आवाज होने पर घर वालों ने शोर मचाया तो पहले से सतर्क ग्रामीणों ने घेरने की कोशिश की, इस दौरान भागते हुए बदमाश ने प्रधानपति के सिर पर तमंचा तानकर रास्ते से हटने की धमकी दी। सूचना के पांच घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन बगैर कार्रवाई के लौट आई।

कोतवाली क्षेत्र के गांव इटौआ में 24 मई की रात चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाते हुए लाखों के सोने-चांदी के जेवर और नकदी चुराकर ले गए थे। अभी इस घटना का पुलिस खुलासा भी नहीं कर सकी, दो दिन बाद 26 मई की रात गांव बिहारीपुर इस्मुरार निवासी मुमताज अहमद के घर धावा बोलकर गहने और नकदी चुरा ले गया। पुलिस ने तहरीर न मिलने की बात कहकर इस घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। मंगवार रात चोरों ने गांव पखुर्नी में धावा बोलकर दो घरों को निशाना बनाने की कोशिश की। मनोज कुमार और कोटेदार दीपेन्द्र गुप्ता के घर में चोरी के लिए नकब लगाए गए, आहट होने पर लोग जाग गए , शोर मचाया तो चोर भाग निकले। ग्रामीणों ने बताया भागते हुए चेहरे पर नकब लगाए एक चोर प्रधान पति धर्मेन्द्र कुमार मौर्य के सामने आ गया । और तमंचा तान कर गोली मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। इसकी सूचना ग्रामीणों ने सुबह 5:00 बजे ही पुलिस को दे दी थी । मगर पुलिस सुबह 10 बजे मौके पर पहुंची, और मौका मुआयना कर वापस लौट आई।

**लापरवाही पर दो सिपाही हो चुके हैं सस्पेंड**:गांव पखुर्नी में पांच माह पहले जनवरी में मकानों और घरों में चोरी हुई हैं । चोरी होने और ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में सिपाही महेन्द्र सिंह और संजय कुमार को एसएसपी ने सस्पेंड कर दिया था । इस कार्रवाई के बाद भी पूर्व में हुई चोरियों का खुलासा नहीं हो सका है। अब फिर लगातार चोरियों की वारदात हो रही है।

### बेलभोझी गांव में मकान से नकदी और गहने चोरी

**गुलड़िया, अमृत विचा** : गांव बेलभोझी में मंगलवार रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाया, यहां से आभूषण चुरा ले गए। पीड़ित दुर्गा प्रसाद ने बताया रात 12 :30 बजे आहट होने पर उठे तो देखा तीन चोर घर से सामान चुराकर भाग रहे थे। जब तक परिवार वाले शोर मचाते तब तक वह अंधेरे में ओझल हो गए। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। एक सप्ताह में लगभग एक दर्जन घरों में चोरियां हो चुकी हैं, पर अभी तक पुलिस एक भी चोरी का खुलासा नहीं कर पाई। ग्रामीण रात भर जागकर पहरेदारी कर रहे है। थाना अध्यक्ष सिरौली रामरतन सिंह ने बताया कि चोरी की तहरीर मिली है, मामला संदिग्ध लग रहा है जांच की जा रही है।

**इन घरों को चोरों ने बनाया निशाना** : एक सप्ताह में गनेशपुर गांव में विद्याराम,प्रेमपाल, पप्पू ,श्रीपाल, अमरपाल, कन्हैयालाल, वीरपाल। पिपरिया गांव में सुबोध कुमार, आंचल चौहान ,शिखा गांव में हरि सिंह। केसरपुरा में जाकिर खान, इलियास खान नवापुर में पूर्व प्रधान महावीर के भाई प्रताप सिंह समेत दर्जनों घरों में अभी तक चोरियां हो चुकी हैं।

## रुपये छीनने के दो आरोपी गिरफ्तार

**मीरगंज, अमृत विचार** : बैंक से रुपये निकालकर जा रहे युवक से छिनैती करने के दो आरोपियों को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक प्रयागराज सिंह ने पिछले दिनों हुई छिनैती का खुलासा करते हुए दो आरोपियों मारूफ और तंजील अहमद निवासी मुरादाबाद को कुल्छा खुर्द जारत के पास से बुधवार को दोपहर 1:20 पर गिरफ्तार किया। दोनों ने बताया वह लोग बुधवार को भी बैंक और एटीएम से पैसे निकालने वाले लोगों से लूटपाट करने वाले थे। दोनों ने अपने साथी शाहिद निवासी मोहल्ला दीपा सराय थाना नखाशा जनपद संभल ने मिलकर 17 मई को बैंक से पैसे निकाल कर आ रहे गांव दियोरिया अब्दुल्लागंज के मझरा सलामतगंज निवासी धार्म से 15000 रुपये उसे गिराकर छीन लिए थे ।

## बदमाशों ने जूस विक्रेता को पीटकर मोबाइल-रुपये लूटे

संवाददाता, भुता

**अमृत विचार**: म्यूड़ी मोड़ से जूस विक्रेता घर जा रहा था रास्ते में कार पर सवार सशस्त्र बदमाशों ने 2200 और मोबाइल लूट ले लिए। विरोध करने पर जूस विक्रेता को डंडों से पिटाई की।

सूचना पर पहुंची पुलिस भी बदमाशों की तलाश की, लेकिन कोई बदमाश हाथ नहीं आया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर बदमाशों को पकड़ने की मांग की । ग्राम गूंगा निवासी छंगे लाल ने बताया वह जेल गेट पर जूस का ठेला लगाता है। रोज की तरह देर शाम जूस का ठेला लेकर अपने गांव गूंगा वापस आ रहा था। उसी समय लगभग 9:00 बजे ग्राम म्यूड़ी चौराहे के पास पहले से घात लगाए बैठे कार सवार सशस्त्र आधा दर्जन बदमाशों ने रोक लिया उसके पास से 2200 नकद और मोबाइल छीन लिया, विरोध पर उसकी पिटाई कर दी। वह जैसे -तैसे से छूटकर गांव आया। इसके बाद दर्जनों ग्रामीण एकत्र होकर थाने पहुंचे। फरीदपुर सीओ संदीप सिंह ने टीमें लगाकर बदमाशों को शीघ्र पकड़ने का आश्वासन दिया है।

## गंगा दशहरा: श्रद्धालु आज लगाएंगे डुबकी

संवाददाता, कैंट

**अमृत विचार** : चौबारी के रामगंगा घाट पर ज्येष्ठ गंगा दशहरा मेला पर गुरुवार को हजारों श्रद्धालु गंगा में आस्था की डुबकी लगाएंगे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। मेला नोडल अधिकारी सीओ सिटी प्रथम आशुतोष शिवम ने बताया श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था एवं निगरानी के मद्देनजर दो प्लाटून पीएसी और 300 पुलिस कर्मियों के साथ पांच गोताखोर मौजूद रहेंगे।

**नखासा पहुंचे करीब 100 घोड़े**: नखासा मेला में बिकने के लिए बुधवार शाम तक करीब 100 घोड़े पहुंच चुके थे। स्नान घाट पर दर्जनों प्रसाद की दुकानें सज गई थी। मेले में नाव झूला के साथ मिकी माउस इत्यादि झूले लगाए गए हैं। साथ ही खिलौने इत्यादि की काफी दुकानें लगाई गई हैं। पेयजल व्यवस्था के लिए घाट के पास दो हैंडपंप के अलावा आधा दर्जन चेंजिंग रूम के साथ निगरानी टावर भी बनाए बनाए गए हैं। बायो टॉयलेट की भी व्यवस्था की गई है।


गंगा स्नान की पूर्व संध्या पर घाट का निरीक्षण करते हैं सीओ प्रथम और द्वितीय।

- प्रशासन ने स्नान घाट पर किए व्यापक इंतजाम, गोताखोर और भारी पुलिस बल रहेगा मुस्तैद

## डिपो में टैंकरों को खड़ा करने से किया मना

संवाददाता, आंवला

- प्रशासन से नौ निजी पार्किंगों में खड़ा कराने की मांगी अनुमति

**अमृत विचार**: इंडियन ऑयल डिपो के अधिकारियों ने खाली टैंकरों को परिसर में खड़ा कराने से मना कर दिया है। एसडीएम को पत्र भेजकर कस्बे की नौ निजी पार्किंग अथवा स्थलों पर खाली टैंकर खड़े करने की अनुमति मांगी है।

इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड आंवला के वरिष्ठ डिपो प्रबंधक अंशूल अग्रवाल ने बताया उनके डिपो में हाईस्पीड डीजल, एविएशन टरबाइन फ्यूल आता है। जिसका भंडारण और आपूर्ति की जाती है। 30 अप्रैल को अनुबंधित परिवहनकर्ताओं की ओर से एक पत्र डिपो को सौंपा गया था। जिसमें प्रशासन की ओर से खाली टैंकरों को डिपो से बाहर सड़क किनारे अथवा निजी पार्किंग स्थलों पर खड़ा करने की अनुमति न देने की शिकायत की गई थी। टैंकर मालिकों ने कहा था रात विश्राम अथवा अवकाश के समय में खाली टैंकर खड़े करने के लिए डिपो परिसर, निजी पार्किंग स्थलों और सड़क किनारे टैंकर खड़ा करने की अनुमति नहीं दी गई तो वह लोग हड़ताल करेंगे। मंगलवार को टैंकर मालिकों ने डिपो में टैंकर की रिपोर्ट नहीं की। उन्होंने कहा कि डिपो परिसर में टैंकर खड़े नहीं किए जा सकते हैं। टैंकर मालिकों ने कस्बे के 9 निजी पार्किंग स्थलों को चयनित किया है। जिनका आंवला इंस्पेक्टर ने अवलोकन भी कर लिया है। उक्त पार्किंग स्थलों का डिपो से कोई संबंध नहीं है। न ही डिपो ने कोई अनुमति दी है। यहां होने वाली अवैध गतिविध पर प्रशासन कार्रवाई करने को स्वतंत्र है। वरिष्ठ डिपो प्रबंधक ने रात में टैंकरों का डिपो में खड़ा न कराने की बात कहते हुए टैंकर मालिकों के निजी स्तर पर पार्किंगों में टैंकर खड़े करने की अनुमति देने का अनुरोध किया है।

### सड़क किनारे खड़ा करने पर रोक

टैंकर मालिकों ने निजी पार्किंग स्थलों में नगरिया सतन में नन्हे, नितिन, धीरेंद्र, सियाराम, मोहब्बत गंज गौंटिया में शिवा ढाबा के पीछे, बजरिया मोहल्ले में गुड्डू भाई, कृष्ण कोल्ड स्टोर, पुरैना पर एग्रो पेट्रोल पंप, बेहटा जुनू में किसान सेवा केंद्र पर टैंकर खड़े करने देने की अनुमति मांगी है। टैंकर मालिकों ने वरिष्ठ डिपो प्रबंधक को दिए पत्र में बताया उनके टैंकरों को डिपो परिसर में खड़ा करवाया जाए। क्योंकि बेल्डिंग के दौरान एक टैंकर फटने की घटना में एक युवक की मौत हो गई थी। जिसके बाद प्रशासन ने सड़क किनारे और निजी पार्किंगों में टैंकर खड़ा करने पर प्रतिबंध लगा दिया। भारत पेट्रोलियम के सभी टैंकर डिपो की पार्किंग में खड़े होते हैं। जबकि इंडियन ऑयल के टैंकरों को डिपो की पार्किंग में खड़ा नहीं करने दिया जाता है। जिस कारण टैंकर चालक और ट्रांसपोर्टरों के सामने टैंकर खड़ा करने की समस्या खड़ी हो गई है।

## होमगार्ड ने की थी भाभी की हत्या, भेजा जेल

संवाददाता, बिथरी चैनपुर



- जमीन के विवाद में आरोपी ने बांका से वारकर ली थी जान

**अमृत विचार** : लंबे समय से चल रहे जमीन के विवाद को लेकर होमगार्ड देवर ने ही अपनी भाभी की हत्या की थी। वह पहले भी हत्या के एक मामले में जेल जा चुका है। बुधवार को पुलिस ने हत्या का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

15 दिन पहले नवदिया हरकिशन निवासी हरप्यारी की हत्या धार हथियार से गर्दन पर 11 वार कर हत्या कर दी गई थी। हत्या का आरोप हरप्यारी के बेटों ने चाचा होमगार्ड रामपाल, चचेरे भाई राहुल और प्रियांशु पर लगाया था ।जिसके बाद पुलिस ने कई पहलुओं पर जांच की। जांच में पूरा मामला साफ हो गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी रामपाल हरप्यारी का देवर है, दोनों के परिवारों में काफी समय से जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। हालांकि विवाद का निस्तारण हो चुका था, लेकिन आरोपी ने सभी विवादों की जड़ हरप्यारी को मान लिया था। जिसकी वजह से वह उससे दुश्मनी मानने लगा था। इसी के चलते उसने उसकी हत्या कर दी । आरोपी रामपाल की निशानदेही पर पुलिस ने उसके पास से एक बांका बरामद किया है। इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार ने बताया आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## कोर्ट से भी वृंदावन धाम कॉलोनी का नक्शा निरस्त

संवाददाता, फरीदपुर

- जल्द होगी कॉलोनी के निर्माण के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

**अमृत विचार** : मार्च 2025 में नगर पालिका परिषद फरीदपुर की ओर से अवैध घोषित वृंदावनधाम कॉलोनी के कॉलोनाइजर को कोर्ट से भी राहत नहीं मिली। अब जल्द ही हुए निर्माण को ध्वस्त किया जाएगा।

मार्च में नगर पालिका परिषद ने कॉलोनाइजर को एक माह का समय देते हुए नोटिस देकर अवैध निर्माण को स्वतः हटाने को कहा था। जिसे अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था, इसके बाद वहां प्लाट खरीदने वालों में हड़कंप मच गया था। दरअसल कॉलोनाइजर जुनैद खान ने वृन्दावन धाम कॉलोनी का मानचित्र नगर पालिका परिषद में पास कराने को आवेदन किया था, जिसे मानक पूरे न होने पर मार्च 2025 में ही निरस्त कर दिया। उसके बाद उसने नगर पालिका को ही पार्टी बनाते हुए उच्च न्यायालय में नक्शा पास करने के लिए याचिका दायर की। कोर्ट ने उसे भी निरस्त करते हुए उन्हें निर्देशित किया है कि निचले स्तर से सभी अभिलेख पूरे करते हुए आगे को बढ़े। नगर पालिका परिषद फरीदपुर अधिशासी अधिकारी को जांच कर कॉलोनी के मानचित्र को जांच कर कार्रवाई करने के लिए आदेशित किया, जिस पर नगर पालिका परिषद फरीदपुर ने कॉलोनी के पास तालाब होने से उनके कई मानक पूरे न होने का हवाला देते हुए मानचित्र को निरस्त किया। सूत्रों के अनुसार तालाब का अभी सीमांकन नहीं हुआ है, जिससे यह तय नहीं हुआ कि खजुआ तालाब कहा तक हैं, इसलिए कॉलोनी के नक्शे को निरस्त कर दिया गया। नक्शा निरस्त होने की जानकारी मिलते ही वहां निर्माण कराने वालों में खलबली मची हुई है, कई लोग नोटिस के बाद भी निर्माण करा रहे थे।

> वृंदावन धाम कॉलोनी का नक्शा दो बार निरस्त कर अवैध घोषित हो चुकी है, कॉलोनी पूरी तरह अवैध है जल्द ही वहां निर्माण को ध्वस्त कराया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं कॉलोनाइजर की होगी। समय रहते अपना निर्माण स्वयं हटा ले अन्यथा पालिका अपनी कार्रवाई करेगी।
>
> **-शैलेंद्र मिश्रा** ,ईओ नगर पालिका परिषद

> यदि हमारी कॉलोनी अवैध है तो हमारे पास अन्य कॉलोनी भी अवैध होनी चाहिए, अगर हम गलत हैं तो हम पर कार्रवाई होनी चाहिए।
>
> **- मोहम्मद जुनैद**, कॉलोनाइजर

## संदिग्ध हालात में युवक की मौत

संवाददाता, कैंट

- परिजनों ने लगाई पड़ोसी की पिटाई से मौत होने का आरोप
- शरीर पर नहीं मिले चोट के निशान, बिसरा सुरक्षित

**अमृत विचार** : नकटिया की चेतना कॉलोनी में बुधवार सुबह एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पड़ोसी और उसके साथियों पर पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है, हालांकि परिजनों कोई तहरीर नहीं दी ।

मृतक के भाई सुधांशु पाठक निवासी चेतना कॉलोनी ने बताया उनके बड़े भाई शिव शक्ति पाठक (45) ट्रांसपोर्ट का कार्य करते थे, डेढ़ साल पहले सड़क हादसे में उनके पैर में फ्रैक्चर हो गया था। तब से वह पत्नी के साथ घर पर ही रहते थे। करीब एक माह पहले वह चेतना कॉलोनी के पीछे स्थित गणेश धाम कॉलोनी में नया मकान बनाकर रहने लगे थे। आरोप है कि उनके मकान के सामने रहने वाला एक युवक अपने मकान में कॉल गर्ल लेकर आता था। जिसका उनका भाई और भाभी विरोध करते थे। मंगलवार देर रात करीब 11:30 बजे आरोपी अपने साथ कुछ युवक और युवतियों को देह व्यापार के उद्देश्य से लेकर आया। उसके भाई और भाभी ने देख लिया, विरोध करने पर उन लोगों ने उसके भाई से मारपीट की, बताया जा रहा है बुधवार सुबह वह बेहोश हो गए। बेहोशी की हालत में परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों में उन्हें मृत घोषित कर दिया। शिव शक्ति पाठक तीन भाईयों में सबसे बड़े थे, पिता की कुछ साल पहले मृत्यु हो चुकी है। 5 साल पहले हुई शादी के बाद भी शिव शक्ति के कोई संतान नहीं हुई।

### नहीं दी तहरीर

इंस्पेक्टर कैंट राजेश कुमार ने बताया शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने की वजह से बिसरा प्रिजर्व किया गया है। मृतक के शरीर पर किसी प्रकार की कोई चोट का निशान नहीं पाया गया है। परिजन पीटकर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। हालांकि अभी किसी प्रकार की तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध संबंध के विरोध पर पति-जेठ ने पीटा

**फरीदपुर, अमृत विचार**: पति के दूसरी महिला से अवैध संबंध की पुलिस से शिकायत करने पर पति और जेठ ने शराब के नशे में पत्नी को मारापीटा, बचाने आई बेटी के भी पीटकर हाथ तोड़ दिया।

सूचना पर पहुंची यूपी 112 टीम भी बिना किसी कार्रवाई के लौट गई। घायल महिला और उसकी बेटी को अस्पताल छोड़कर दोनों भाग गए। आरोप है शिकायत के बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। मोहल्ला कानून गोयान निवासी महिला ने बताया उसके पति किराने की दुकान चलाते है, उनके तीन साल से एक महिला से अवैध संबंध हैं । विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई। उस समय आसपास के लोगों ने समझौता करा दिया। मंगलवार को उसका पति फिर पीटने लगा, शिकायत करने पर परिजनों ने भी अपने बेटे का साथ दिया। पति से परेशान महिला बेटी को लेकर थाने गई और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। शिकायत के 24 घंटे बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। इसके बाद बुधवार शाम को फिर उससे मारपीट की गई।

## बस की टक्कर से युवक घायल

**भमोरा, अमृत विचार** : बाजार से खरीदारी करके लौट रहे बाइक सवार को एक रोडवेज बस ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

ग्राम मझारा निवासी ओमेंद्र घर से भमोरा मिठाई लेने आया था, बरेली-बदायूं रोड पर भमोरा मस्जिद के पास एक मिठाई की दुकान से मिठाई लेकर वापस जा रहा था। इसी दौरान एटा डिपो की बस ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया।

## सार-संक्षेप

### खुले में कुर्बानी नहीं होने देने की अपील



**बहेड़ी, अमृत विचार** : कोतवाली परिसर में एसपी ग्रामीण मुकेश मिश्र ने शांति समिति की बैठक की, उन्होंने लोगों से त्योहार पर शांति बनाए रखने के लिए चर्चा की। एसपी ग्रामीण ने कहा बकरीद पर खुले में जानवरों की कुर्बानी नहीं करें और प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी न करें। प्रशासन और स्थानीय लोगों ने मिलकर बकरीद को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया। बैठक में सीओ अरुण कुमार सिंह, कोतवाल संजय तोमर, सैनेट्री इंस्पेक्टर अहमद हसन, चेयरमैन, नगर अध्यक्ष सुनील रस्तोगी, जेई बिजली रमेश सैनी, जेई जल हाफ़िज़ अनवार, सलीम चंदा,राकेश मिश्रा,वाजिद अंसारी, आदि लोग मौजूद रहे।

### दबंगों ने जेसीबी से खेत से जबरन उठाई मिट्टी

**बहेड़ी, अमृत विचार** : एक किसान ने दबंगों पर खेत से जबरन जेसीबी से मिट्टी उठाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस के उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़ित का कहना है शिकायत के बाद आरोपी उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लोधीपुर निवासी दर्शन लाल का आरोप है क्षेत्र के दबंग उसके खेत से जबरी मिट्टी निकाल रहे है। विरोध करने पर झगड़ा और मारपीट पर उतारू हो जाते है । पीड़ित का कहना है उसने मिट्टी खनन का वीडियो बनाकर एसडीएम, एसएसपी और जिलाधिकारी को भेजकर कार्रवाई की मांग की।

### प्रधान ने रामगंगा घाट पर कराई सफाई

**मीरगंज, अमृत विचार** : गांव गोरा लोकनाथपुर में गंगा दशहरा पर रामगंगा घाट पर गंगा स्नान का मेला लगेगा। मेला कमेटी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। बीडीओ भगवानदास और एडीओ पंचायत वीरपाल सिंह भी गांव पहुंचे और सफाई का जायजा लिया ।व हीं प्रधान धर्मेंद्र चौधरी और सचिव सुशील कुमार ने घाट के आसपास की झाड़ियों साफ कराया ।गांव गोरा लोकनाथपुर के ही अमित शर्मा, बाबू खान, नरपत शर्मा, केशव राठी, रोहित सक्सेना आदि ने घाट पर सुरक्षा की दृष्टि बल्ली और रस्सी बांधने का कार्य किया। प्रभारी निरीक्षक प्रयागराज सिंह ने बताया कि उन्होंने भी बुधवार को गांव गोरा लोकनाथपुर रामगंगा घाट पर लगने वाले मेले का सुरक्षा की दृष्टि से मौके का मुआयना किया।

### बिजली व सिंचाई विभाग की कार्यशैली से किसान बेहाल



**बरेली, अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन (भानू) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी और वरिष्ठ राष्ट्रीय महासचिव शोयब इजहार खान पदाधिकारियों के साथ बुधवार को एसडीएम बहेड़ी रत्निका श्रीवास्तव से मिले और किसानों की समस्याएं रखीं। पदाधिकारियों ने 10 और 11 जून से कमिश्नरी में किसानों की समस्याओं, बिजली और सिंचाई विभाग के विरुद्ध धरना देने का ऐलान किया है। पदाधिकारियों ने एसडीएम को बताया बहेड़ी क्षेत्र के किसानों को समय से बिजली नहीं मिल रही। हफ्ते में दो-तीन दिन बिजली आने और बाकी दिनों में फॉल्ट होने सेसिंचाई में दिक्कत हो रही हैं। सिंचाई विभाग के अधिकारियों की साठगांठ खोलने के लिए भाकूयि 10 जून व 11 जून को दो दिवसीय धरना कमिश्नरी पर करेगी। इस दौरान उप जिलाधिकारी के केबिन में तहसीलदार भानु प्रताप और नायब तहसीलदार शोभित चौधरी भी मौजूद रहे। मिलने वालों में अमर सिंह गंगवार, जुबेर सिद्दीकी, मोहम्मद आसिफ आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

### ट्रक की टक्कर से गाय की मौत, दो पर रिपोर्ट

**आंवला, अमृत विचार** : राष्ट्रीय बजरंगदल के पदाधिकारी की गाय को एक ट्रक ने टक्कर मार दी और उसे रौंदते हुए काफी दूर तक ले गया। जिससे गाय की मौत हो गई। पीड़ित ने ट्रक चालक और उसके साथी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मोहल्ला अनूपुरा देवी मन्दिर नालापार निवासी प्रेमपाल ने बताया कि वह राष्ट्रीय बजरंग दल में बार्ड अध्यक्ष के पद पर है। उनके घर पर गाय है। बुधवार की सुबह उनकी मां गाय को घर के बाहर गाय बांधने जा रही थीं। इसी दौरान बरेली की ओर से आए एक ट्रक ने उनकी गाय को टक्कर मार दी, उनकी मां मुश्किल से बच सकीं। ट्रक चालक गाय को रौंदता हुआ काफी दूर तक ले गया। जिससे गाय ट्रक के पहिए के नीचे आ गई और उसकी मौत हो गई। उसने आरोप लगाया कि ट्रक चालक ने सड़क पर कितनी ही गाय मार देने की बात कही। पुलिस ने शिकायत के आधार पर ट्रक चालक साहिल और उसका साथी नरेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### बस को ओवरटेक करते समय साइड लगने पर विवाद



**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार** : नेशनल हाईवे पर मंगलवार रात दौड़ रही दो निजी यात्री बसों में ओवरटेक करते समय साइड लगने पर एक बस चालक ने अपने साथियों को बुलाकर आगे चलकर दूसरी बस के शीशे तोड़ डाले, उसमें सवार यात्री भी घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को निकालकर इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। साथ ही क्षतिग्रस्त बस को थाना परिसर में खड़ा कर लिया। मंगलवार रात एक निजी बस पलिया से सवारी लेकर हरियाणा जा रही थी। झुमका चौराहे से आगे पहुंचने पर आगे जा रही दूसरी बस को ओवरटेक करने पर उसमें साइड लग गई। जिसे लेकर दोनों बस चालकों में झगड़ा होने लगा, वहां मौजूद लोगों ने समझाकर दोनों को गंतव्य की ओर भेज दिया। जिसके बाद दूसरी बस चालक ने अपने साथियों को लाठी-डंडे लेकर बुला लिया। आगे जाकर माधौपुर ओवरब्रिज के पास दूसरी बस चालक ने पानीपत जाने वाली बस में टक्कर मारने के बावजूद जब उसने बस नहीं रोकी तो उसने आगे बस लगाकर पहली बस को रोक लिया। बचाने के चक्कर में पानीपत जा रही बस डिवाइडर पर भी चढ़ गई। बस के रुकने पर पीछे दौड़ रहे बाइक सवार लोगों ने लाठी डंडों से बस के शीशे तोड़ दिए, जिससे कई यात्री घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर हमलावर भाग गए। दोनों बस के चालक, हेल्पर भी भाग गए।

### दो हादसे में बाइक सवार की मौत, चार घायल

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार** : अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए भेजा गया, जहां दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। पहली घटना में बाइक सवार अखिलेश (30) निवासी ग्राम कुआंडांडा जनपद मैनपुरी जो कि कटरा शाहजहांपुर में रहकर सर्फ (कपड़े धोने का पावडर) बेचता था । बुधवार शाम को वह बाइक से सर्फ बेचने टिसुआ गांव जा रहा था, रास्ते में एक ट्रक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया । पुलिस ने उसे इलाज के लिए बरेली भेजा, जहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाचा। वहीं दूसरी घटना में राजमार्ग पर कार को एक ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे कार सवार शैलेंद्र कुमार शर्मा निवासी नवदिया शाहजहांपुर समेत तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। शैलेंद्र मिश्रा कार बाजार पर कार्य करता है जो एक कार को ड्राइव टेस्ट कराने के लिए तीन खरीदार लोगों के साथ राजमार्ग पर कटरा की ओर जा रहा था । अचानक शाहजहांपुर की ओर से आ रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे चारों लोग घायल हो गए । कस्बा प्रभारी धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि सभी घायलों को इलाज के भेजा गया है, ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

### बच्चे नहीं होने पर हाफिज ने दिया तीन तलाक

**नवाबगंज, अमृत विचार** : संतान नहीं होने पर हाफिज ने पत्नी को तलाक दे दिया । समझौते में तय रकम वह नहीं देना चाहता। महिला का आरोप है तलाक देने के बाद भी उससे जबरन संबंध बनाने की धमकी दे रहा है। क्षेत्र की एक युवती का निकाह तीन साल पहले रामपुर मिलक क्षेत्र के एक ग्राम में हुआ था । आरोप है सन्तान न होने के कारण ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करने लगे। उसका पति जबरन अप्राकृतिक संबंध बनाने लगा, जिसका विरोध करने पर उसने डेढ़ माह पहले उसे तलाक दे दिया । जिसके बाद हुई पंचायत में साढ़े सात लाख रुपये महिला को देने का फैसला किया गया । लेकिन मात्र 20 हजार देने के बाद अब आरोपी मुकर गया और अपने आप को बचाने के लिए उसे तलाक के बाद भी रखने का नाटक कर जबरन संबंध बनाने की धमकी दे रहा है । महिला ने पुलिस को तहरीर देकर तयशुदा रकम दिलाने के साथ ही सुरक्षा की गुहार की है।

### घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म की कोशिश

**भोजीपुरा, अमृत विचार** : बच्चों के साथ अकेली रह रही महिला से गांव के युवक ने आधी रात को घर में घुसकर दुष्कर्म की कोशिश की। महिला ने शोर मचाया तो आरोपी दीवार कूदकर भाग गया। पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर आरोपी और उसके पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़िता का पति बाहर रहकर मजदूरी करता है। वह दो बच्चों के साथ गांव में रहती है। आरोप लगाया गांव का रहने वाला कुलदीप उस पर बुरी नजर रखता था, उसने आरोपी के पिता से शिकायत की तो उन्होंने भी बेटे का पक्ष लिया। पीड़िता ने पुलिस को बताया 29 मई की आधी रात को कुलदीप दीवार कूदकर घर में घुस आया और उससे दुष्कर्म की कोशिश की। महिला ने शोर मचाया तो आरोपी अपने को घिरता देख दीवार कूदकर भाग गया। पीड़िता ने एसएसपी से शिकायत की। पुलिस ने उनके आदेश पर आरोपी कुलदीप और उसके पिता महेंद्र पाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## छात्रों से निर्धारित शुल्क से अधिक वसूला तो होगी कार्रवाई

● रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने कॉलेजों को दी चेतावनी

**बरेली, अमृत विचार:** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने संबद्ध महाविद्यालयों को स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए छात्रों से निर्धारित से अधिक शुल्क वसूलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि कुछ महाविद्यालयों की विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों से निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क वसूलने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। कुलसचिव संजीव कुमार सिंह ने बताया कि छात्र एवं छात्राओं को निर्धारित शुल्क की जानकारी विश्वविद्यालय द्वारा दी जाती है, लेकिन उसके बावजूद कुछ महाविद्यालय अपने स्तर पर अधिक शुल्क वसूल कर रहे हैं। यह न केवल अनुचित है बल्कि विश्वविद्यालय की नीति के खिलाफ भी है। विश्वविद्यालय ने साफ किया है कि किसी भी दशा में छात्रों से अतिरिक्त शुल्क लेना पूर्णतः वर्जित है और यदि किसी महाविद्यालय द्वारा ऐसा किया जाता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी महाविद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि वे छात्रों से केवल विश्वविद्यालय की ओर से निर्धारित शुल्क ही लें और पूरी पारदर्शिता बरतें।

# जिस गांव से ज्यादा शिकायतें, वहां अफसर जाएं

## जिलाधिकारी ने आईजीआरएस, मुख्यमंत्री संदर्भ की समीक्षा कर सुधार के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली



कलेक्ट्रेट सभागार में अफसरों के साथ बैठक करते डीएम अविनाश सिंह।

● कहा-जिस शिकायतकर्ता की शिकायत का निस्तारण करें, उससे फीडबैक लें

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बुधवार को आईजीआरएस, मुख्यमंत्री संदर्भ की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिस गांव से सर्वाधिक शिकायतें हैं, वहां भ्रमण कर अतिशीघ्र शिकायतों का निस्तारण करें। जिस शिकायतकर्ता की शिकायत का निस्तारण करें, उससे फीडबैक लेने के भी निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में बैठक करते हुए जिलाधिकारी ने सीएम हेल्पलाइन, जनता दर्शन, संपूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग की शिकायतें पोर्टल पर अधिक आ रही हैं, जिनका शीघ्र निस्तारण किया जाए। डीएम ने समीक्षा में पाया कि आंगनबाड़ी केंद्र शेरगढ़ से अधिक शिकायतें आ रही हैं, जिस पर जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि संबंधित सीडीपीओ के खिलाफ कार्रवाई करें। जल जीवन मिशन ग्रामीण योजना में अब तक 182 शिकायतकर्ताओं के असंतोषजनक फीडबैक आए, 52 शिकायतकर्ताओं से वार्ता नहीं की गई है, जिस पर अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ताओं से वार्ता कर शीघ्र निस्तारण कर सुधार करें। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पूर्णिमा सिंह, सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह आदि मौजूद रहे।

### रामगंगा घाट पर गोताखोरों एवं नाव की व्यवस्था कराएं

**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने ग्राम चौबारी स्थित रामगंगा के घाट पर लगने वाले ज्येष्ठ दशहरा मेले की तैयारियां परखीं। कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में बैठक करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि रामगंगा ज्येष्ठ दशहरा मेला बहुत ही प्राचीन मेला है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामगंगा में स्नान करने आते हैं। जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देश दिए कि घाट के आसपास व मेले में साफ-सफाई की व्यवस्था उचित रखें। मेला प्रबंधक कमेटी को निर्देश दिए कि मेले में बिजली, पानी तथा घाट के आस-पास गोताखोर एवं नाव की उचित व्यवस्था करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरतें। बैठक में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि ज्येष्ठ दशहरा मेला 7 जून तक चलेगा। मुख्य स्नान 5 जून यानि बृहस्पतिवार को है। बैठक में पुलिस अधीक्षक नगर को निर्देश दिए कि खोया-पाया केंद्र पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाएं।

## घर का ताला तोड़कर एक लाख रुपये चुराए

**बरेली, अमृत विचार :** शांति विहार निवासी जोगराज ने सुभाषनगर थाना में दी तहरीर में बताया कि 2 जून की शाम करीब 6 बजे वह घर में ताला लगाकर बाहर गए थे। आरोप है कि निशात मिश्रा और टीकम निवासी विकासनगर ने घर का ताला तोड़कर एक लाख रुपये और सिलेंडर चोरी कर लिया। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# हॉकी : बरेली को हराकर शाहजहांपुर की महिलाएं चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● पुरुष वर्ग में मुरादाबाद और बरेली के बीच आज खेला जाएगा फाइनल मुकाबल

**अमृत विचार :** रिजर्व पुलिस लाइन मैदान में 73वीं अंतर जनपदीय बरेली जोन पुलिस हॉकी प्रतियोगिता वर्ष-2025 (महिला और पुरुष वर्ग) का आयोजन किया जा रहा है। दूसरे दिन महिला वर्ग का फाइनल मैच बरेली और शाहजहांपुर के बीच खेला गया। कांटे की टक्कर में शाहजहांपुर ने बरेली की टीम को 2-1 से हराकर फाइनल मैच अपने नाम कर लिया।


पुलिस लाइन ग्राउंड पर प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

पुरुष वर्ग का प्रथम क्वार्टर फाइनल मैच में मुरादाबाद ने शाहजहांपुर को 3-0 से शिकस्त दी। प्रतियोगिता के प्रथम सेमी फाइनल मैच में बरेली ने रामपुर को हरा दिया। दूसरे सेमीफाइनल मैच में मुरादाबाद ने बदायूं को शिकस्त दी। पुरुष वर्ग का फाइनल मैच गुरुवार को बरेली और मुरादाबाद के बीच खेला जाएगा। प्रतियोगिता के दौरान आरआई हरमीत सिंह, पीटीआई प्रदीप कसाना समेत अन्य पुलिस कर्मियों का सहयोग रहा।

## सार-संक्षेप

### 70 साल में कांग्रेस ने नहीं किया, वह भाजपा ने कर दिखाया




**बरेली, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंत्योदय को समर्पित एवं समग्र विकास को संकल्पित केंद्र की भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार को पार्टी कार्यालय सिविल लाइंस पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस दौरान बृज क्षेत्र के महामंत्री राकेश मिश्रा ने कहा कि जो कांग्रेस 70 वर्षों में नहीं कर पाई, वह भाजपा ने कर दिखाया। उन्होंने कहा कि जब भाजपा सत्ता में आई तो धारा 370, तीन तलाक, राम मंदिर जैसे मुद्दों का निस्तारण हुआ। सरकार जनता के बीच विकास के रूप में निरंतर कार्य कर रही है। महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, अनिल सक्सेना एडवोकेट, गुलशन आनंद, रामगोपाल मिश्रा, प्रभु दयाल लोधी, तृप्ति गुप्ता, देवेंद्र जोशी, विष्णु शर्मा, महानगर मीडिया प्रभारी प्रतिपाल सिंह (बंटी ठाकुर), आईटी विभाग संयोजक विशाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया



**बरेली, अमृत विचार :** ज्येष्ठ के बड़े मंगलवार को पंजाब नेशनल बैंक की राजेंद्र नगर स्थित शाखा के सामने विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मंडल प्रमुख रंजीत कुमार चौबे ने हनुमान जी की पूजा कर किया। इस अवसर पर उप मंडल प्रमुख रोमेश अग्रवाल, मुख्य प्रबंधक संजय चौधरी, शाखा प्रमुख विक्की मैसी सहित मंडल और शाखा से स्टाफ उपस्थित रहे। भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### किसानों को मिली फसल प्रबंधन की जानकारी



**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में देशव्यापी अभियान 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' में वैज्ञानिकों तथा तकनीकी अधिकारियों तथा छात्रों के दल ने बरेली, बदायूं और रामपुर जिले के 27 गांवों में जाकर 3001 किसानों को जानकारी मुहैया कराई। दल ने इन किसानों को पशु स्वास्थ्य प्रबन्धन एवं दुग्ध उत्पादों के मूल्यवर्धन, दुग्ध एवं मांस आधारित प्रसंस्करण उत्पाद, कृषि से जुड़ी नवीन तकनीकियों के बारे में जानकारी दी।

### जिला मंत्री ने पद से दिया त्यागपत्र



**बरेली, अमृत विचार :** शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ के जिला मंत्री हरि शंकर ने बुधवार को पद से त्यागपत्र दे दिया। बताते हैं कि बीते दिनों उनसे फरीदपुर के एक विद्यालय के प्रधानाचार्य ने फोन पर अभद्र तरीके से बात की थी। जिसकी शिकायत हरिशंकर ने हर स्तर पर की। आरोप है कि संघ के कुछ सदस्यों से पर्याप्त समर्थन नहीं मिलने के कारण उन्होंने त्याग पत्र देने का निर्णय लिया।

### गायब मोबाइल बरामद कर मालिकों को सौंपे




**बरेली, अमृत विचार :** चोरी हुए 290 मोबाइलों को एसपी सिटी ने बुधवार को असली मालिकों को सौंपे। मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। पुलिस के अनुसार बरामद मोबाइलों की कीमत करीब 60 लाख रुपये है। पुलिस लाइन सभागार में एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि जिन लोगों के मोबाइल गायब हो गए थे। पुलिस ने उन्हें बरामद कर असली मालिकों को सौंप दिया। बताया कि 290 मोबाइल असली मालिकों को सौंपे गए हैं। मोबाइल बरामदगी में सर्विलांस सेल और थानों पर तैनात कंप्यूटर ऑपरेटरों की टीम का सहयोग रहा।

### आरसीबी की जीत पर विराट कोहली का पोर्ट्रेट बनाया



**बरेली, अमृत विचार :** आईपीएल में आरसीबी की जीत पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित चित्रकार डॉ. महेंद्र कुमार सक्सेना ने बुधवार को विराट कोहली का पोर्ट्रेट बनाकर देशवासियों को बधाई दी। उन्होंने आईपीएल जीतने की खुशी में यह पोर्ट्रेट विराट कोहली को समर्पित किया।

### पर्यावरण पोस्टर प्रतियोगिता में इशिका और तनु प्रथम




**बरेली, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर मानव सेवा क्लब की ओर से बुधवार को कहरवान स्थित कार्यालय सभागार में पर्यावरण पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें जूनियर वर्ग में डॉ. सुशीला गिरीश इंटर कालेज की कक्षा छह की इशिका और सीनियर वर्ग में कक्षा 10 की तनु कश्यप प्रथम रहीं। जूनियर वर्ग में अंजलि द्वितीय, फैजा हुसैन तृतीय स्थान पर रहीं। सीनियर वर्ग में नीतू मौर्य द्वितीय, उर्वशी शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। कोमल और त्रिशिका को सांत्वना पुरस्कार मिला। बच्चों और क्लब के सदस्यों ने तुलसी, नीम, नीबू, अशोक, जामुन के पौधे भी रोपे। पीयूष गुप्ता को पर्यावरण मित्र सम्मान दिया गया। विजयी बच्चों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा, साहित्य भूषण सुरेश बाबू मिश्रा, इन्द्र देव त्रिवेदी, निर्भय सक्सेना, जितेंद्र सक्सेना, साधना गुप्ता, डॉ. सुरेश रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

### विद्युत आपूर्ति में सुधार कराने की मांग

**नवाबगंज, अमृत विचार :** कांग्रेसियों ने नगर की विद्युत आपूर्ति में सुधार के साथ ही इस्लाम नगर की वर्षों पुरानी जर्जर हो चुकी लाइन को बंच केबिल में बदलने की मांग की है। कांग्रेस नगर अध्यक्ष अरशद अली के नेतृत्व में जलालुद्दीन, शाविज अली, मो. समीर, आफताब, शमशुल व अली हसन आदि ने एसडीओ को संबोधित मांग पत्र लिपिक मदन लाल को सौंपकर शीघ्र ही ट्रिपिंग आदि में सुधार कराए जाने की मांग की है।

### युवती को लेकर युवक फरार, दो खिलाफ रिपोर्ट

**आंवला, अमृत विचार :** एक युवक दूसरे समुदाय की युवती को भगाकर ले गया। युवती अपने साथ घर में रखी नकदी और जेवर ले गई है। युवती के पिता ने आरोपी युवक और उसके दोस्त के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि दो दिन पूर्व उसकी बेटी को दूसरे समुदाय का युवक बहला फुसलाकर भगाकर ले गया। उसकी बेटी अपने साथ सोने चांदी के जेवर और 15 हजार की नकदी ले गई है। उसकी बेटी को युवक का दोस्त बाइक से पहुंचाकर आया है।

# रुविवि को मिला प्रकृति का आशियाना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के सामने हुई योग वाटिका की शुरूआत

**अमृत विचार:** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में बुधवार को प्रशासनिक भवन के सामने स्थित पार्क में प्रकृति और शांति का आशियाना नामक योग वाटिका की शुरुआत हुई। कार्यक्रम के साथ ही योग प्रदर्शनी-कार्यशाला भी आयोजित हुई।

वैदिक मंत्रोच्चार और शंखनाद के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न आसनों, प्राणायाम एवं योग क्रियाओं का प्रदर्शन किया गया। विश्वविद्यालय के पीजी डिप्लोमा इन योग के छात्रों एवं शिक्षकों ने योग की विभिन्न विधियों को प्रस्तुत करते हुए उनके स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।


योग वाटिका में योगाभ्यास करते शिक्षक और कर्मचारी।

मुख्य अतिथि एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करने की एक पवित्र कला है। कुलपति प्रोफेसर केपी सिंह ने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति की अमूल्य देन है, जो हमें स्वस्थ जीवन जीने की कला सिखाता है। दौरान कुलसचिव संजीव कुमार सिंह, वित्त अधिकारी विनोद कुमार, उप कुल सचिव सुनीता यादव, ममता सिंह, प्रो पीबी सिंह, प्रो रविंद्र सिंह, प्रो विनय रिशिवाल, प्रो एसएस बेदी, प्रो एके सिंह, डॉ अमित सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 02 वर्ष 2025-26**

अधोलिखित कार्यों के लिए मुहरबन्द खुली निविदाएँ भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मण्डल रेल प्रबन्धक (सिगनल एवं दूरसंचार), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती हैः- **कार्यों का विवरण : 1.** कन्नौज स्टेशन पर विविध सिंगनलिंग कार्य तथा गुड्स शेड/मानीमऊ को कनेक्ट करने हेतु निर्माणाधीन साइडिंग लाइन के लिए कन्नौज–अरोल खण्ड के सिगनल एवं दूरसंचार यूटिलिटी को शिफ्ट करना, **अनुमानित लागत :** ₹ 3,16,71,446.65, **बयाना राशि :** ₹ 3,08,400/-, **कार्य समापन अवधि :** 9 माह। **कार्यों का विवरण : 2.** महत्वपूर्ण सिगनलिंग एवं दूरसंचार सर्किटों की विश्वसनीयता उन्नयन हेतु 16 किमी से अधिक सेक्शनल लम्बाई के शेष ब्लॉक सेक्शनों में अतिरिक्त ओ.एफ.सी. केबिल का प्रावधान (लालकुआँ–गूलरभोज, गूलरभोज–बाजपुर, लालकुआँ–हल्द्वानी एवं भोपतपुरा–बीसलपुर) और इज्जतनगर मंडल के रुद्रपुर सिटी–लालकुआँ खण्ड में सेफ्टी फेंसिंग के प्रावधान हेतु विविध दूरसंचार कार्य, **अनुमानित लागत :** ₹ 2,26,25,490.86, **बयाना राशि :** ₹ 2,63,100/-, **कार्य समापन अवधि :** 6 माह। **कार्यों का विवरण : 3.** इज्जतनगर मंडल में स्थापित Efftronics मेक डाटा लॉगर, आर.टी.यू. एवं सी.ओ.ए. सिस्टम की तीन वर्ष के लिए Comprehensive ए.एम.सी., **अनुमानित लागत :** ₹ 2,70,71,584.68, **बयाना राशि :** ₹ 2,85,400/-, **कार्य समापन अवधि :** 36 माह। **ई-निविदायें जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :** दिनांक 26.06.2025 को 11:00 बजे। • पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहियें।

**वरि. मण्डल सिगनल व दूरसंचार इंजीनियर,**
**मुजाधि/सिगनल-18 पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर**

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 25/2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैः– **क्रम सं.-1,** कार्य का विवरणः **(1)** इज्जतनगर डिवीजन में राया–सोनाई अनुभाग के मध्य ट्रैक के साथ सी.आर.ओ. की रोकथाम के लिये डब्ल्यू–बीम टाइप की मेटल की फेन्सिग लगाने का कार्य। **(2)** इज्जतनगर डिवीजन में हाथरस सिटी–मुरसान अनुभाग के मध्य ट्रैक के साथ सी.आर.ओ. की रोकथाम के लिये डब्ल्यू–बीम टाइप की मेटल की फेन्सिग लगाने का कार्य। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 11,17,69,390.38, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 7,08,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह।
**(1)** ई-निविदा दिनांक 30-06-2025 को 15:00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।
**(2)** ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाईट *www.ireps.gov.in* पर देखें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.),**
मुजाधि / डब्लू-96 **इज्जतनगर**

**गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, लखीमपुर-खीरी**

पत्रांकः 1119/जननिर्माण/एम.बी.एल./2025–26 दिनांकः 03.06.2025

**पुनः ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

नगरीय सेवायें और अवस्थापना विकास परियोजनाएं (मा. मुख्यमंत्री वैश्विक रनगरोदय योजना CM-VNY) के अन्तर्गत स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग / राज्य सरकार / केन्द्र सरकार / अन्य सरकारी विभाग में विभिन्न श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निर्माण/ विकास कार्यो हेतु दिनांक 04.06.2025 सायं 05:00 बजे से दिनांक 18.06.2025 अपरान्ह 05:00 बजे तक प्रतिशत दर के आधार पर ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्न विवरणानुसार निविदा में प्रतिभाग कर सकते है।

5. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेंट की उपलब्धता की तिथि– 04.06.2025 सायं 05:00 बजे से।
6. ई–निविदा के माध्यम निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि– 18.06.2025 अपरान्ह 05:00 बजे तक।
7. ई–निविदा के माध्यम से टेक्निकल बिड निविदा खोलने की तिथि– 18.06.2025 सायं 06:00 बजे।
8. फाइनेन्शियल बिड टेक्निकल बिड स्वीकृत होने के उपरान्त खोली जायेगी।

निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है। कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी व शर्तों के लिए कृपया वेबसाइट http://etender.up.nic.in एवं www.npplakhimpur.in पर लॉगिन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

**संजय कुमार**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, लखीमपुर**

**डॉ. इरा श्रीवास्तव**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, लखीमपुर**

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बरेली।**
**कार्यालय का पता :–विकास भवन, बरेली।**
**(ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना द्वितीय आमंत्रण)**
**पत्रांक :– 588/ग्रा0अ0वि0/निविदा/2025–26/दिनांक 27.05.2025**

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदाएं प्रतिशत दर में श्रेणी ए0/बी0/सी0/डी0 में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो के लिए निविदा डाल सकता है :–

1. तालिका के अनुसार कार्यों का विवरण :–

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख मे) (जीएसटी सहित) | धरोहर धनराशि (बिड सिक्योरिटी) (रूपये मे) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 मूल्य सहित रूपये मे) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सम्मिलित करते हुये) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | बरेली | ग्राम बराथानपुर में एक बारात घर का निर्माण कार्य। (विधायक निधि–रामनगरं) | 22.039 | 44100.00 | 2354.00 | 03 माह |

2. आनलाइन निविदा उपलब्धता का दिनांक : 09-06-2025
3. आनलाइन निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक एवं समय : दिनांक 25-06-2025 मध्याहन 12.00 वजे तक
4. आनलाइन निविदा खुलने का दिनांक एवं समय : दिनांक 25-06-2025, अपरान्ह 12.30 वजे तक
5. अधोहस्ताक्षरी को आई वी टी क्लाज 9 के अनुसार अपरिहार्य परिस्थिति मे निविदा में आनलाइन संशोधन पत्र जारी करने का अधिकार प्राप्त है, जिसे किसी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा, जिसकी जानकारी आनलाइन प्राप्त की जा सकेगी, अतएव समस्त निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि नियिमित रूप से निविदा पोर्टल पर जानकारी प्राप्त करते रहें।

अधिक जानकारी के लिये https://etender.up.nic.in लागिन करें एवं विड डाक्यूमेन्ट डाउनलोड करें।

**(विनय कुमार शर्मा)**
**अधिशासी अभियन्ता**
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–बरेली।
राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से

**UP-234480 दिनांक 02.06.2025 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**


## नोडल अधिकारी का दो दिवसीय सत्यापन पूरा

**बरेली, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के सर्वे के सत्यापन की नोडल अधिकारी एवं एसआईआरडी की उपायुक्त निरिजा गुप्ता दौरे के दूसरे दिन बुधवार को क्यारा ब्लॉक की दो ग्राम पंचायतों में पहुंचीं। उन्होंने स्थलीय सत्यापन के दौरान सर्वे में शामिल किए गए लोगों से बातचीत की और मौके की स्थिति का हाल देखा। इस दौरान लोगों ने आवास उपलब्ध कराने के लिए आग्रह किया।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए एक जनवरी से शुरू हुए सर्वे में 15 मई तक 63301 लोगों को सूचीबद्ध किया गया। टीमों ने 38602 का सर्वे किया और 24699 लोगों ने सेल्फ सर्वे किया। सर्वे में गड़बड़ी की आशंका के मद्देनजर सत्यापन के लिए ग्राम्य विकास आयुक्त ने एसआईआरडी की उपायुक्त निरिजा गुप्ता को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

मंगलवार को भोजीपुरा ब्लॉक क्षेत्र के बोहित और चौपारा जनूबी में सत्यापन के बाद दौरे के दूसरे दिन नोडल अधिकारी क्यारा ब्लॉक की ग्राम पंचायत खजुहाई मुस्तकिल, अंगुरी ठाकुरान पहुंचीं, जहां पर एक ग्राम पंचायत में टीम की ओर से और एक ग्राम पंचायत में हुए सेल्फ सर्वे का उन्होंने सत्यापन किया। सर्वे में शामिल लोगों से बातचीत की। सत्यापन का कार्य पूरा होने के बाद वह लखनऊ रवाना हो गईं। बताया जाता है कि दो दिवसीय दौरे में दो ब्लॉकों की चार ग्राम पंचायतों में किए गए सत्यापन के आधार पर वे रिपोर्ट शासन को सौंपेगी।

# वीपी ध्यानी को दी श्रद्धांजलि


बार भवन सभागार में आयोजित शोकसभा में मौजूद अधिवक्ता।

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बरेली बार एसोसिएशन सचिव वीरेन्द्र प्रसाद ध्यानी के असमय देहांत से शोकाकुल अधिवक्ताओं ने बुधवार को कचहरी स्थित बार सभागार में शोक सभा की। इस दौरान अधिवक्ताओं ने हरदिल अजीज वीपी ध्यानी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी और उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा।

इस अवसर पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष मनोज हरित, बाबू कौसर अली खान, अनिल कुमार भटनागर, अरुण कुमार सक्सेना, नन्द किशोर भगत, वी के भोजवाल, श्याम शर्मा, काजी जुबैर अहमद, दीपक पाण्डेय, आजम अली खान, एम आर मलिक, जहांगीर बेग, आमिर खान, प्रेरणा, धर्मवीर सिंह, रोहित यादव, जुबैर अमजद, अमित सिंह, अंतरिक्ष सक्सेना, गौरव सिंह राठौर, शशिकांत तिवारी, आलोक प्रधान, पुरुषोत्तम पटेल, शीलम कन्नौजिया, डीडी पाण्डेय, शेर सिंह, अमित बिसरिया, प्रदीप सिंह यादव आदि उपस्थित रहे। वहीं, अधिवक्ता संघ ने भी कचहरी में शोक सभा की। ध्यानी को श्रद्धांजलि देते हुए मोबीन अंसारी एडवोकेट ने कहा कि ध्यानी ने अपना पूरा जीवन अधिवक्ता हित के कार्यों को समर्पित किया, उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। शीलम कन्नौजिया, शशि शंकर सक्सेना, आलोक सक्सेना, श्यामदीप सक्सेना, जबर सिंह यादव, अतीक बेग, दिनेश दद्दा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# जीवन का लक्ष्य तलाशें, तभी मिलेगी खुशी : सुंदर गोपाल प्रभु

● एसआरएमएस में सफलता क्या है और क्यों इसे कुछ लोग ही हासिल कर पाते हैं विषय पर व्याख्यान

**बरेली, अमृत विचार :** अलग-अलग व्यक्तियों के लिए सफलता के मायने अलग- अलग हैं। कोई धन- संपत्ति को सफलता मानता है तो कोई बड़े पद को। आप कुछ भी हों, किसी भी पद पर हों, आपके पास कितना भी पैसा और प्रभाव हो, लेकिन अगर खुशी नहीं है तो उसे सफल नहीं कहा जा सकता। ज्यादातर लोग शारीरिक रूप से हासिल भौतिक उपलब्धियों को सफलता मान लेते हैं, लेकिन यह वास्तव में सफलता नहीं है। यह बात श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में बुधवार को आयोजित ''''सफलता क्या है और क्यों इसे कुछ लोग ही हासिल कर पाते हैं'''' विषय पर यह बातें इस्कॉन इंडिया यूथ काउंसिल के अध्यक्ष आध्यात्मिक गुरु सुंदर गोपाल प्रभु ने कही।


कार्यक्रम की शुरुआत करते गुरु सुंदर गोपाल प्रभु।

सुंदर गोपाल प्रभु ने इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, मेडिकल, पैरामेडिकल, नर्सिंग और लॉ के विद्यार्थियों को सफलता के निहितार्थ बताया। उन्होंने कहा कि सफलता से पहले हमें समझना पड़ेगा कि यह है क्या। क्योंकि हर व्यक्ति के लिए सफलता अलग- अलग है। अगर सफलता एक ही तरह की होती तो सभी सफल हो जाते, लेकिन ऐसा है नहीं, क्योंकि कुछ लोग ही सफल हैं। ज्यादातर लोग लक्ष्य निर्धारित कर उसे हासिल करते हैं, समाज इसे सफलता हासिल करना कहता है और यह सफलता का सामान्य नियम है भी। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों दो खबरों पर आप लोगों ने भी गौर किया होगा। जिसमें एक खबर करियर में सफल एक आईएएस ने आत्महत्या की थी तो दूसरी एक सफल बिजनेसमैन के आत्महत्या की। क्या इनके पास धन-सम्पत्ति और रुतबा नहीं था। सब कुछ था इनके पास, लेकिन नहीं थी तो खुशी। सिर्फ पैसा हासिल करना, करियर में सफल होना सफलता नहीं। खुशी सबसे महत्वपूर्ण है। खुशी के लिए परिवार के साथ सकारात्मक संबंध होना जरूरी है। इस मौके पर इस्कॉन बरेली के जीएम भीमा अर्जुनदास, सुभाष मेहरा, डॉ.प्रभाकर गुप्ता, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ.अनुज कुमार, डॉ. ऋतु सिंह, सौरभ गुप्ता, डॉ.सत्य देव व साक्षी गोयल सहित अन्य मौजूद रहे।



आईपीएल में आरसीबी की जीत का जश्न मनाने बेंगलुरू में एकत्रित हुई प्रशंसकों की भीड़

# 35 हजार क्षमता, पहुंचे 3 लाख लोग

## अनियंत्रित प्रशंसक, तैयारियों में चूके अधिकारी, मातम में बदला जश्न

**बेंगलुरू, एजेंसी**

मुझे नहीं पता कि मेरी गलती क्या है? हमारे पास टिकट थे, आरसीबी के एक समर्थक ने चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर यह बात कही जो आईपीएल में टीम की जीत के जश्न को देखने आया था लेकिन भगदड़ में प्रशंसकों की मौत के बाद का मातम देखकर स्तब्ध था। वहीं एक प्रशंसक ने कहा कि क्षमता से अधिक भीड़ का पहुंचना लापरवाही उजागर करता है। स्टेडियम की क्षमता 35 हजार है, जबकि करीब 3 लाख भीड़ वहां पहुंच गई। भगदड़ में 33 चोटिल प्रशंसकों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा ।

आनन फानन में आयोजित इस कार्यक्रम के टिकट भी हड़बड़ी में बेचे गए । मुख्य द्वार नंबर 12 और 13 के अलावा क्लब हाउस प्रवेश द्वार नंबर 10 पर भी भारी भीड़ जमा हो गई जिन पर नियंत्रण के लिए पर्याप्त सुरक्षाबल नहीं था। दोपहर साढ़े तीन बजे तक प्रशंसकों की संख्या कई गुना बढ़ गई जिससे पुलिस और स्टेडियम के सुरक्षा अधिकारियों को सारे दरवाजे बंद करने पड़े ताकि वे लोग भीतर नहीं आ सकें जिनके पास टिकट नहीं था। अपने दोस्तों के साथ आये पोस्ट ग्रेजुएट छात्र प्रशांत शेट्टी ने कहा, हम अपने सितारों को देखने आए थे।

प्रशांत ने कहा, मैंने समारोह के टिकट लिए थे लेकिन भीतर नहीं जा सका। पुलिस ने अचानक सारे रास्ते और दरवाजे बंद कर दिये और मुख्य द्वार के पास लाठीचार्ज शुरू कर दिया । उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि हमारी क्या गलती थी। हमें समारोह का न्यौता मिला था, हमने टिकट खरीदे थे लेकिन मार और गालियां खाई। हमारे जैसे प्रशंसकों के लिये भयावह दिन। करीब साढ़े चार बजे कुबोन पार्क मेट्रो स्टेशन से और भीड़ आ गई जिससे पुलिस को हल्का बलप्रयोग करना पड़ा। गेट नंबर दस पर बच्चे और महिला भगदड़ का शिकार हुए और पुलिस ने एक रिपोर्टर पर भी लाठी चलाई और स्थानीय भाषा में अपशब्द कहे। दूर से भी महिलाओं को बेहोश होकर गिरते देखना और प्रशंसकों को एक दूसरे को कुचलकर भागते देखना दुखद था। स्टेडियम के भीतर कार्यक्रम एक घंटे तक चला और टीम साढे छह बजे वापस लौट गई लेकिन प्रशंसक स्टेडियम के पास ही रहे जिससे ट्राफिक जाम हो गया और अफरा तफरी फैलती रही।

इस भगदड़ ने प्रशासन के कुप्रबंधन और लापरवाही को उजाहर कर दिया है। सरकार भले ही दावे कर रही हो कि सुरक्षा के लिए 5000 से अधिकर पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था, लेकिन जिस परिवार ने किसी अपने को खो दिया, उसका दुख इस तर्क से कम नहीं किया जा सकता।

**33**
चोटिल प्रशंसकों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया

**5000**
से अधिक पुलिस कर्मी कार्यक्रम स्थल पर तैनात करने का दावा

**10**
नंबर गेट पर उमड़ी थी सबसे ज्यादा भीड़, नहीं थी पर्याप्त पुलिस

### गेट को धक्का देकर तोड़ने की कोशिश

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, चिन्नास्वामी स्टेडियम के गेट पर भगदड़ मच गई। जब यह हादसा हुआ, उस समय स्टेडियम का गेट नहीं खुला था और बड़ी संख्या में लोग एक छोटे से गेट को धक्का देकर तोड़ने की कोशिश कर रहे थे कि इसी दौरान भगदड़ मच गई। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने भगदड़ को लेकर दुख जताया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को छोटा कर दिया। कार्यक्रम 10 मिनट में ही खत्म हो गया। हम सब कुछ सामान्य बनाने की कोशिश कर रहे हैं। लाखों लोग आए थे।

### पिछले कुछ वर्षों में यहां मची भगदड़

**जनवरी 2025, महाकुंभ**
प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन हुआ था। मौनी अमावस्या के दिन घाट पर भगदड़ मच गई और 30 लोगों की मौत हो गई थी।

**जनवरी 2025, तिरुपति मंदिर**
आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में वैकुंठ धाम दर्शन के लिए टोकन की बिक्री के दौरान मची भगदड़ में 6 लोगों की जान चली गई थी, कई घायल हुए।

**दिसंबर 2024, हैदराबाद थियेटर हादसा**
को हैदराबाद के संध्या थिएटर में अभिनेता अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 का प्रीमियर के दौरान जब अल्लू थिएटर में पहुंचे तो समर्थकों की भीड़ उत्साहित हो गई और भगदड़ महिला की मौत हो गई थी।

**जुलाई 2024, हाथरस सत्संग**
उत्तर प्रदेश के हाथरस में भोले बाबा के नाम से चर्चित नारायण साकार हरि के सत्संग कार्यक्रम में मची भगदड़ से 121 लोगों की मौत।

**मई 2025, गोवा मंदिर**
नॉर्थ गोवा के एक मंदिर में 3 मई को भगदड़ की वजह से 6 लोगों की जान गई थी और कई घायल हो गए थे।

**2023: इंदौर प्राचीन बावड़ी**
यहां के एक मंदिर में 31 मार्च 2023 रामनवमी के अवसर पर आयोजित हवन समारोह के दौरान एक प्राचीन बावड़ी के ऊपर बनी स्लैब के ढह जाने से कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई।

**एक जनवरी, 2022: वैष्णो देवी**
जम्मू कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण मची भगदड़ में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और एक दर्जन घायल हो गए।

**29 सितंबर, 2017: मुबई**
मुंबई में प. रेलवे के एलफिंस्टन रोड स्टेशन को मध्य रेलवे के परेल स्टेशन से जोड़ने वाले संकरे पुल पर भगदड़ में 23 की मौत हो गई और 36 घायल हो गए।

**14 जुलाई, 2015: आंध्र प्रदेश**
यहां के राजमुंदरी में 'पुष्करम' उत्सव के पहले दिन गोदावरी नदी के तट पर एक प्रमुख स्नान स्थल पर भगदड़ मचने से 27 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए।

**अक्टूबर, 2014: दशहरा समारोह**
पटना के गांधी मैदान में दशहरा समाराह समाप्त होने के तुरंत बाद भगदड़ मचने से 32 लोग मारे गए और 26 अन्य घायल हो गए।

## उपमुख्यमंत्री ने की अपील, शांत रहें और घबराएं नहीं

**बेंगलुरू।** चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने के बाद कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि भीड़ अनियंत्रित हो गई और पुलिस के लिए स्थिति को संभालना मुश्किल हो गया था, जिससे हमें जुलूस रोकना पड़ा। शिवकुमार ने लोगों से शांत रहने और नहीं घबराने की अपील की। उन्होंने पुलिस कमिश्नर और अन्य अधिकारियों से बात की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि स्थिति नियंत्रण में है। कार्यक्रम के दौरान कुप्रबंधन के लिए आयोजकों पर सवाल उठाए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, समारोह स्थल पर प्रशंसकों की भीड़ उमड़ने से भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। तस्वीरों में पुलिस को घायलों और बेहोश हुए लोगों को एंबुलेंस में डालकर पास के अस्पतालों में ले जाते हुए दिखाया गया।



चिन्नास्वामी स्टेडियम में घुसने के लिए जद्दोजहद करती भीड़ पर लाठी भांजते पुलिसकर्मी। एजेंसी

## भाजपा ने कर्नाटक सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाया

**नई दिल्ली।** भाजपा ने बुधवार को आईपीएल में आरसीबी की जीत का जश्न मनाए जाने के दौरान बेंगलुरु में मची भगदड़ में हुई मौतों को लेकर कर्नाटक की कांग्रेस सरकार की आलोचना की और मांग की कि मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और गृह मंत्री जी. परमेश्वर इस घटना की जिम्मेदारी लें।

भाजपा की कर्नाटक इकाई के प्रमुख बी वाई विजयेंद्र ने सिद्धरमैया सरकार पर पुलिस पर दबाव डालने तथा बिना किसी तैयारी और पर्याप्त पुलिस तैनाती के समारोह आयोजित करने का आरोप लगाया। विजयेंद्र ने बेंगलुरु में कहा क्या उन्हें पता नहीं था कि लाखों लोग समारोह में आएंगे?

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने इस घटना के लिए कर्नाटक सरकार को जिम्मेदार ठहराया और जवाबदेही तय करने की मांग की।

### क्रिकेट के सितारों ने जताई संवेदना

मेरे पर कोई शब्द नहीं हैं, इस घटना से मैं पूरी तरह टूट गया हूं।
**– विराट कोहली, आरसीबी के सदस्य**

बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में जो कुछ हुआ वह बेहद दुखद है। मेरी संवेदनाएं हर पीड़ित परिवार के साथ हैं। सभी के लिए शांति और शक्ति की कामना करता हूं।
**– सचिन तेंदुलकर**

क्रिकेट के लिए यह एक दुखद दिन है। आरसीबी की जीत का जश्न मनाते हुए अपनी जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति मेरी संवेदना है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं, दुखद।
**– अनिल कुंबले**

प्रशंसक क्रिकेट और हमारे जीवन का दिल हैं। बेंगलूरू में हुई भगदड़ में हुई दुखद मौत दिल दहला देने वाली है। मेरी संवेदनाएं इस अकल्पनीय त्रासदी से प्रभावित परिवारों के साथ हैं।
**– इरफान पठान**

स्टेडियम के बाहर भगदड़ की दिल दहला देने वाली घटना ने उस खेल की भावना पर काला साया डाल दिया है जो हमारे देश भर में लाखों लोगों को एकजुट करती है। जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों और प्रियजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। मैं इस कठिन समय में उनके साथ खड़ा हूं।
**– हरभजन सिंह**

बंगलूरू में विजय परेड में भगदड़ की खबर सुनकर दिल टूट गया। प्रभावित परिवारों के लिए प्रार्थना करता हूं। उम्मीद है कि सभी सुरक्षित रहेंगे।
**– शिखर धवन**

जो जश्न का क्षण था वह एक अकल्पनीय त्रासदी में बदल गया। घटना से प्रभावित लोगों के प्रति मेरी संवेदना है। परिवारों को शक्ति मिले और दिवंगत आत्माओं को शांति मिले।
**– युवराज सिंह**

खुशी एक त्रासदी में बदल गई। भगवान उनके परिवारों को शक्ति प्रदान करें। एक क्रिकेटर होने के नाते, मैंने हमेशा बेंगलुरु में क्रिकेट प्रशंसकों के जुनून की प्रशंसा की है, यह घटना मेरे लिए झटका है। पता नहीं कैसे प्रतिक्रिया दूं!
**–मनोज तिवारी**

## राज्यपाल का सरकार से भगदड़ की वजह की जांच करने का आग्रह

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने राज्य सरकार से आग्रह किया कि वह उन खामियों की गहन जांच करे, जिनके कारण आरसीबी की जीत के जश्न के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर दुखद घटना हुई। उन्होंने सरकार से मृतकों के परिवारों के लिए उचित मुआवजा और सहायता सुनिश्चित करने को भी कहा।

आरसीबी की पहली आईपीएल जीत का जश्न उस समय दुखद हो गया जब हजारों आरसीबी प्रशंसक टीम की एक झलक पाने के लिए स्टेडियम के बाहर एकत्र हुए और भगदड़ मच गई। इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए गहलोत ने सरकार को आगाह किया कि ऐसी घटनाएं दोबारा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा, मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि वह एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई दुखद घटना के लिए जिम्मेदार चूक की गहन जांच करे और मृतकों के परिवारों को उचित मुआवजा और सहायता सुनिश्चित करे।



### जश्न के नारों से लेकर दर्द की चीखों तक

**बेंगलुरु।** चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास मची भगदड़ के बाद वहां जूते-चप्पलों के ढेर, खेलकूद के कपड़े और सामान के टुकड़े बिखरे हुए देखे गए। आरसीबी द्वारा पहली बार आईपीएल खिताब जीतने के उपलक्ष्य में जैसे ही जश्न का माहौल शुरू हुआ, लाखों की संख्या में युवा पुरुषों और महिलाओं की भीड़ स्टेडियम के बाहर एकत्र हो गई। कई युवा विशाल वृक्षों की शाखाओं पर चढ़ने में सफल रहे, युवक खंभों से चिपके रहे और यहां तक कि विशाल दीवारों पर चढ़कर स्टेडियम में प्रवेश करने में सफल रहे, ताकि वे अपने सितारों की एक झलक पा सकें। कुछ भी उन्हें रोक नहीं सका और भीड़ बढ़ती गई तथा व्यस्त इलाके में आरसीबी के नारे लगने से सड़कों पर उत्सव का माहौल बन गया था।

## खरगे और राहुल ने कहा- सरकार सुरक्षा प्रोटोकॉल की करे समीक्षा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु' (आरसीबी) की जीत का जश्न मनाए जाने के दौरान आयोजन स्थल पर मची भगदड़ में कई लोगों की मौत पर बुधवार को दुख जताया और कहा कि राज्य सरकार को ऐसे आयोजनों के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल की तुरंत समीक्षा करनी चाहिए और उन्हें मजबूत करना चाहिए।

खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की आईपीएल, 2025 की जीत के जश्न के दौरान बेंगलुरु में हुई दुखद भगदड़ से मैं बहुत दुखी हूं। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में बहुमूल्य जिंदगियों की क्षति हुई है और कई लोगों को चोटें आई हैं, जो अत्यंत दुखद है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बेंगलुरु के लोगों के साथ खड़ी है और कर्नाटक सरकार द्वारा प्रभावित परिवारों को राहत और चिकित्सा सहायता प्रदान किए जाने के सभी प्रयासों में सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है।

खरगे ने कहा, राज्य सरकार और संबंधित अधिकारियों को ऐसी त्रासदी की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए ऐसे आयोजनों के वास्ते सुरक्षा प्रोटोकॉल की तुरंत समीक्षा करनी चाहिए और उन्हें मजबूत करना चाहिए। जीत की खुशी कभी भी जान की कीमत पर नहीं होनी चाहिए।

राहुल गांधी ने पर पोस्ट किया, आरसीबी की आईपीएल जीत के जश्न के दौरान बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई दुखद भगदड़ दिल दहला देने वाली है। सभी घायलों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करता हूँ। उन्होंने कहा, दुख की इस घड़ी में, मैं बेंगलुरु के लोगों के साथ खड़ा हूँ।



बेंगलुरू के एक स्टेडियम में हुई दुखद घटना में लोगों की मौत खौफनाक और हृदयविदारक है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।
**– द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**



बेंगलुरु में हुई दुखद भगदड़ से मैं बहुत दुखी हूं। । मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है, मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।
**– मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**



बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई दुखद भगदड़ दिल दहला देने वाली है। उन परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया। सभी घायलों के शीघ्र एवं पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करता हूं।
**– राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष**



बेंगलुरू में स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने के बाद बेसुध हुए युवक को अस्पताल ले जाते लोग। एजेंसी

# टैंक की सफाई करते समय पिता-पुत्री व दामाद की मौत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पीलीभीत के माधोटांडा क्षेत्र के सेल्हा गांव में हुआ हादसा
- जहरीली गैस के कारण जताई जा रही मौत की आशंका

**अमृत विचार :** सीवर टैंक की सफाई के दौरान पिता-पुत्री और दामाद की मौत हो गई। पुराने सीवर टैंक की जहरीली गैस से दम घुटने के कारण मौत होने की आशंका जताई गई है। फिलहाल पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिए हैं।

हादसा माधोटांडा थाना क्षेत्र के ग्राम सेल्हा में हुआ। गांव के ही प्रह्लाद मंडल (60) ने कुछ दिन पहले घर के पास नया सीवर टैंक बनवाया था। जिसकी सफाई का काम चल रहा था। बुधवार को प्रह्लाद मंडल अपनी पुत्री तनु विश्वास (32) और दामाद कार्तिक विश्वास (40) के साथ इसी की सफाई के लिए टैंक में उतरे थे। परिवार वालों के अनुसार सफाई के दौरान पास ही बने पुराने टैंक से गैस का रिसाव हो गया। बताया गया कि गहराई अधिक होने के कारण तीनों नीचे ही बेसुध होकर गिर पड़े। कुछ देर बाद प्रह्लाद की पत्नी मौके पर पहुंची तो तीनों को बेसुध देखकर शोर मचाया।

ग्रामीणों की मदद से तीनों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर रमनगरा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। कलीनगर तहसीलदार वीरेंद्र कुमार भी मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

## अभिजीत मुहूर्त में 800 मीटर की परिधि में बने परकोटे में स्थापित प्रतिमाओं को भी किया जाएगा प्रतिष्ठित

# राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा आज, सीएम उतारेंगे पहली आरती

अयोध्या कार्यालय

- अनुष्ठान के दूसरे दिन विग्रहों की निकाली गई पालकी यात्रा

**अमृत विचार :** राम मंदिर के प्रथम तल पर गर्भगृह में राम दरबार और 800 मीटर की परिधि में बने छह देवी देवताओं के मंदिरों में स्थापित प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा गुरुवार को होगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राम दरबार की पहली आरती उतारेंगे। इसके पूर्व सभी वैदिक परंपरा को पूरा करने का कार्य सुबह 6 बजे से प्रारंभ होगा और लगभग 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में इस कार्यक्रम को संपन्न किया जाएगा। कार्यक्रम को संपन्न करने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सभी सदस्य अयोध्या पहुंच चुके हैं।

वहीं बुधवार सुबह 6:30 बजे से अनुष्ठान प्रारंभ हुआ। यज्ञमंडप में कर्मकांडी विद्वान जयप्रकाश त्रिपाठी समेत 101 आचार्यों ने लगभग दो घंटे तक आह्वानित देवताओं का पूजन किया। इसके बाद सभी देवस्थानों का वैदिक मंत्रों से पूजन सम्पन्न हुआ। सुबह 9 से 9:30 तक अन्नाधिवास को रीति रिवाज से पूरा किया गया।

वहीं यज्ञमंडप में 9:35 से 10:35 तक स्थापित सभी उत्सव प्रतिमाओं का विधि विधान पूर्वक पूजन के बाद हवन कुंड मंत्रों के द्वारा आहुति डाली गई। जिसके बाद 10:40 से 12:40 तक मंदिरों में स्थापित होने वाले उत्सव प्रतिमाओं का भी देवस्नपन व प्रासादस्नपन (देवविग्रहों का स्नान व तत्संबंधित



प्राण प्रतिष्ठा आयोजन को लेकर सजा दिव्य और भव्य राम मंदिर। ● अमृत विचार

प्रासाद का पवित्रीकरण) संपन्न हुआ। इस दौरान सभी देव मूर्तियों को वस्त्र धारण करा भव्य श्रृंगार किया गया।

मुख्य यजमान डॉ. अनिल मिश्रा ने श्रीराम जय राम, जय-जय राम की धुन के साथ सभी मंदिरों में स्थापित होने वाले उत्सव विग्रहों को एक साथ पालकी पर सवार कर परिसर भ्रमण कराया गया। हालांकि यह यात्रा नगर भ्रमण के रूप में मानी जाती है, लेकिन सुरक्षा के कारण यह यात्रा परिसर में ही संपन्न की गई। वहीं अनुष्ठान की अंतिम प्रक्रिया की ओर बढ़ते हुए पूजन आचार्य के द्वारा लगभग 3 से 4:30 बजे तक शय्या निवास कराया गया। फिर 4:30 से 5 बजे तक के बीच प्रासाद वास्तु पूजन हुआ। सभी मंदिरों में मूर्तियों के संस्कार पूजन के बाद, घृताधिवास, जलाधिवास, पुष्पा निवास, शर्कराधिवास के क्रम को भी विधि विधान से संपन्न किया गया।

### अपने जन्मदिन पर श्रीराम का आशीर्वाद लेंगे योगी

**अयोध्या, अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि परिसर अयोध्या में राजा राम और परकोटे में विराजमान अन्य देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा का गुरुवार को भव्य आयोजन होगा जिसके साक्षी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे। अपने 53वें जन्मदिन पर वे श्रीराम का आशीर्वाद भी लेंगे। मुख्यमंत्री के सरयू नदी के त्रयोदशी महोत्सव में पहुंचने की संभावना है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा समारोह सुबह 11 बजे से शुरू होगा। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, हवन और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ देव विग्रहों की स्थापना होगी। मुख्यमंत्री पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देंगे। इस बीच राम मंदिर के प्रथम तल पर चल रही प्राण प्रतिष्ठा के दौरान हैदराबाद निवासी श्रीनिवासन श्रीराम को सोने और चांदी से बने धनुषबाण को अर्पित करने के लिए अयोध्या पहुंचे। उन्होंने बताया कि यह धनुष बाण 14 किलो चांदी और 250 ग्राम सोने से निर्मित किया गया है। इसके पहले भी चांदी की ईंट समर्पित की गई थी।

## पैतृक गांव में शहीद लखविंदर को दी गई अंतिम विदाई

**माधोटांडा, अमृत विचार :** सिक्किम में आए भूस्खलन में शहीद हुए लखविंदर का पार्थिव शरीर सेना के वाहन से पैतृक गांव पहुंचा तो हर आंख नम दिखाई दी। भारत माता के जयकारे गूंज उठे। परिवार व अन्य ग्रामीणों को अंतिम दर्शन कराए गए। सेना के जवानों ने सलामी दी। इसके बाद गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। सात वर्षीय पुत्र ने शहीद पिता को मुखाग्नि दी।



शहीद लखविंदर सिंह।

मूल रूप से पूरनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम धुरिया पलिया के रहने वाले किसान गुरदेव सिंह के पुत्र लखविंदर सिंह सेना में हवलदार थे। वर्तमान में उनकी तैनाती सिक्किम में चल रही थी। सिक्किम भूस्खलन में लखविंदर शहीद हो गए थे। चार दिन पहले ही परिवार से दूरभाष पर बात हुई थी। इधर, सोमवार शाम बेटे के शहीद होने की जानकारी मिली तो परिवार में मातम छा गया।

# डी-फार्मा का कोर्स कराने के नाम पर 23 लाख ठगे

## कोर्ट के आदेश पर कालेज प्रबंधक के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव

- आनलाइन वेरीफिकेशन पर सभी छात्रों के प्रमाणपत्र फर्जी निकले

**अमृत विचार :** लखनऊ के फर्जी पैरामेडिकल कालेज के प्रबंधक ने गांव अटवा अवैक स्थित एक विद्यालय के प्रबंधक को धोखा देकर डी-फार्मा का डिप्लोमा करवाने के नाम पर 23 लाख रुपए ऐंठ लिए और छात्रों को फर्जी प्रमाणपत्र व अंकपत्र सौंप दिए। बाद में आनलाइन वेरीफिकेशन होने पर सभी छात्रों के प्रमाणपत्र फर्जी निकलने पर विद्यालय प्रबंधक ने धोखेबाज पैरामेडिकल कालेज प्रबंधक के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बता दें कि बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव अटवा अवैक स्थित दुर्गा प्रसाद रामस्वरूप विद्यालय के प्रबंधक तेजकुमार पुत्र सत्यपाल ने थाने में दर्ज





कराई रिपोर्ट में कहा कि वह अपने कालेज के छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए उनका प्रवेश तकनीकी स्कूलों में कराते रहते हैं। अरसा पूर्व उनके विद्यालय में आयोजित सम्मेलन में उनकी मुलाकात लखनऊ के मोहल्ला हज़रतगंज अंतर्गत गुडलक एपार्टमेंट नजरबाग निवासी आयुष पुत्र विमलेश भूषण तिवारी से हुई थी। तब आयुष ने बताया था कि वह अटल पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट का प्रबंधक है और उसके स्कूल में डी-फार्मा डिप्लोमा का कोर्स कराया जाता है। आयुष के झांसे में आकर उन्होंने पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट के विस्तार पटल पर कई छात्रों की फीस कुल 23 लाख रुपए जमा कर दिए और रसीद भी ले ली।

बाद में प्रबंधक आयुष ने छात्रों को डी-फार्मा का प्रमाणपत्र व अंकपत्र दे दिया। किंतु फार्मेसी कौंसिल आफ इंडिया में रजिस्ट्रेशन कराने के दौरान वेरीफिकेशन में डी-फार्मा के सभी प्रमाणपत्र व अंकपत्र फर्जी पाए गए। तब उन्होंने ठगी की तहरीर बेहटा मुजावर थाने में दी। थाना स्तर से कार्यवाही न होने पर उन्होंने कोर्ट से न्याय की मांग की। थाना प्रभारी मुन्ना कुमार ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

## मोमबत्ती से झोपड़ी में लगी आग, जिंदा जला बालक

**देहरादून, अमृत विचार :** हरिद्वार जनपद में मंगलवार देर रात झोपड़ी में अचानक आग लगने से एक अबोध बालक की जिंदा जलकर मौत हो गई जबकि एक अन्य बालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

श्यामपुर थाना प्रभारी नितेश शर्मा ने बुधवार को बताया कि चंडी घाट पुल के समीप गौरीशंकर पार्किंग स्थित एक झोपड़ी में आग लग गई, जिसकी चपेट में आने से तीन वर्षीय बालक की मौत हो गई। जबकि चार वर्षीय बालक गंभीर रूप से झुलस गया, उसे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि झोपड़ी में जल रही मोमबत्ती से यह दुर्घटना हुई है। पटना, बिहार निवासी सोनू (34) पत्नी और बच्चों के साथ, गौरीशंकर पार्किंग क्षेत्र में अस्थायी झोपड़ी बनाकर रह रहा था। रोज़गार के सिलसिले में यहां आए सोनू ने झोपड़ी में अपने दो छोटे बेटों कृष्णा (3) और मुन्ना (4) को सुला दिया था। वहीं, पत्नी और दो पुत्रियों के साथ झोपड़ी के बाहर सो रहा था। इसी बीच यह हादसा हो गया।

# जिसकी हत्या में जेल में बंद था, वह जिंदा मिला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कोर्ट ने किया बरी, मोबाइल चोरी के आरोपी को ट्रेन से फेंककर मारने का था आरोप

**अमृत विचार :** जिसकी हत्या के आरोप में नरेंद्र कुमार दुबे ढाई साल से जेल में बंद था, वह जिंदा मिला। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद कोर्ट ने आरोपी को बरी करने का आदेश दिया है। हालांकि कोर्ट ने बरी किए गए नरेंद्र के खिलाफ भविष्य में मुकदमा चलाने का विकल्प खुला रखा है।



ऐताब, इसी की हत्या का आरोप था नरेंद्र पर।

इस फैसले का वास्तव में ट्रेन से फेंके गए व्यक्ति की शिनाख्त होने की स्थिति में उस केस पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि उस रात किसी को तो ट्रेन से फेंका गया था। किसी के नरेंद्र के हाथों मारे जाने की आशंका है। बरेली जंक्शन थाने के हेड कांस्टेबल सत्यवीर सिंह ने 15 दिसंबर 2022 को घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

कहा गया था कि अयोध्या निवासी आलोक ने सीयूजी नंबर पर सूचना दी थी कि दिल्ली-अयोध्या ट्रेन के जनरल कोच डी-2 में एक व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति को मारपीट कर तिलहर रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेन से बाहर फेंक दिया है। ट्रेन जब बरेली में रुकी तो पुलिस ने वीडियो के आधार पर मारपीट करने वाले नरेंद्र कुमार दुबे निवासी गाजियाबाद को पकड़ लिया। बाद में तिलहर क्षेत्र में रेलवे पटरी पर एक शव मिला था, जिसकी शिनाख्त बिहार के मुजफ्फरपुर के मोहम्मद याकूब ने अपने बेटे मोहम्मद ऐताब के रूप में की थी।

घटना के छह महीने के बाद ऐताब गुजरात से अपने घर पहुंचा तो सब लोग उसे जिंदा देखकर चौंक गए। ऐताब ने बताया था कि जिस ट्रेन में उसकी हत्या की बात कही जा रही है, वह तो उसमें था ही नहीं। इधर मुकदमे में गवाहों के बयान के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार श्रीवास्तव ने नरेंद्र कुमार दुबे को हत्या के अपराध से दोषमुक्त कर दिया।

## बीटेक के छात्र की सड़क हादसे में मौत

**रामपुर, अमृत विचार :** बुलेट से नैनीताल जा रहे बीटेक के फाइनल इयर के छात्र को ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। दो साथी घायल हो गए। उनको अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मथुरा के मयूर विहार निवासी 23 वर्षीय पीयूष कुमार बीएचयू में बीटेक का फाइनल ईयर का छात्र था। बताया जा रहा है कि वह अपने 5 दोस्तों के साथ बुलेट से नैनीताल जाने के लिए निकले थे। एक बुलेट पर पीयूष और उसके दो दोस्त सवार थे, जबकि एक अन्य बाइक पर और दोस्त थे। दोपहर के समय फैजुल्लानगर के पास ट्रक ने बुलेट में टक्कर मार दी। जिसके बाद तीनों युवक घायल होकर वहीं पर गिर गए। हादसे के बाद आसपास के लोग आ गए। उसके बाद तीनों को अस्पताल लेकर गए। जहां पीयूष को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया। जहां उसके दोस्तों का बुरा हाल है। बताया जाता है कि उसके माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी है।

# हरिद्वार में मां की शह पर बेटी से सामूहिक दुष्कर्म

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** घोर कलयुग आ चुका है। हरिद्वार के रानीपुर क्षेत्र में एक मां की शह पर उसकी 13 वर्षीय से मां के प्रेमी और उसके दोस्त द्वारा सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़ित बच्ची के पिता की तरफ से आरोपी महिला और उसके प्रेमी व दोस्त के खिलाफ अभियोग दर्ज कराया गया, पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई कर आरोपी मां और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, रानीपुर कोतवाली क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने बुधवार को थाने पर दी तहरीर में आरोप लगाते हुए बताया कि उसकी 13 साल की नाबालिग पुत्री को उसकी मां घुमाने के बहाने इसी साल जनवरी माह में अपने दोस्त सुमित पटवाल (33) निवासी न्यू कैनाल कालोनी बहादराबाद, हरिद्वार व शुभम के साथ गाड़ी में बीएचईएल स्टेडियम की तरफ लेकर गयी जहां पर उसकी पत्नी की सहमति पर उसके दोस्तों द्वारा शराब पीकर जबरदस्ती डरा धमकाकर बच्ची के साथ गलत काम किया गया।

उसके बाद यह सिलसिला चलता रहा और बच्ची को डरा धमकाकर आगरा, वृंदावन और हरिद्वार स्थित होटल में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म करवाया गया। साथ ही, धमकी भी दी गई कि यह बात किसी को बताई तो बच्ची और उसके पिता को जान से मार देंगे। तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं के अलावा पॉक्सो एक्ट में अभियोग दर्ज किया गया। बच्ची से जुड़े इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी हरिद्वार प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के निर्देश पर पीड़िता बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया गया।

## बहन ने दरवाजा नहीं खोला, भाई ने कर ली आत्महत्या

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बहन के घर आए दिन पैसे मांगने और शराब पीने के आदी व्यक्ति के लिए बहन ने एक दिन दरवाजा नहीं खोला तो शराबी भाई ने लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली।


चौक कोतवाली के मोहल्ला बाबूजई निवासी 55 वर्षीय विनोद राठौर की बहन ललिता राठौर इसी मोहल्ले में रहती है। उसके पति का निधन हो चुका है। वह आंगनबाड़ी में चतुर्थ श्रेणी पद पर है। विनोद आए दिन ललिता के घर जाकर रुपये मांगता था। बहन से रुपये लेकर वह शराब पीता था। मंगलवार की रात 11 बजे वह अपनी बहन ललिता के घर पर अपनी लाइसेंसी बंदूक लेकर गया। ललिता ने भाई के हाथ में बंदूक देखी तो दरवाजा नहीं खोला और सुबह आने की बात कही। दरवाजा नहीं खुला तो विनोद ने अपने माथे पर आंख के नीचे गोली मार ली।

# लापरवाही की हद, ब्लड बैंक के फॉर्म पर टी-स्टाल की मुहर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज में एक गर्भवती को दो यूनिट खून की जरूरत पड़ने पर डॉक्टर ने फॉर्म भरकर दिया, जिस पर अस्पताल की मुहर लगाने की जगह चाय स्टॉल वाले की मुहर लगाकर दे दी। यह गलती तब उजागर हुई, जब मरीज के परिजन ब्लड बैंक पहुंचे और उन्हें बताया गया कि फॉर्म मान्य नहीं है। अब डॉक्टर की लापरवाही का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

मामला मेडिकल कॉलेज का है। शहर की रहने वाली 23 वर्षीय गर्भवती महिला को दो यूनिट खून की आवश्यकता थी, जहां ऑन ड्यूटी डॉ. रिया ने मरीज के तीमारदार को ब्लड की जरूरत बताते हुए ब्लड का फॉर्म भरकर दिया। फॉर्म पर अस्पताल की मुहर लगाने की जगह राम विलास टी स्टाल, मेन गेट, जिला अस्पताल



मेडिकल कॉलेज से ब्लड बैंक के इस फॉर्म पर लगाई गई थी मुहर।

पीलीभीत की मुहर लगाकर दे दी गई। यही नहीं, लगाने वाले का दिल एक बार मुहर लगाकर नहीं भरा। उसने एक ही फॉर्म पर दो बार टी स्टाल की मुहर लगाकर तीमारदार को दी। तीमारदार जब फॉर्म लेकर ब्लड बैंक पहुंचा तो उसे जानकारी हुई कि अस्पताल की मुहर के स्थान पर टी स्टाल की मुहर लगा दी गई है।

## कैंसर का कारण बन सकती हैं प्लास्टिक की बोतल : डॉ. अरुण

**लखनऊ, अमृत विचार :** पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि जब भी कहीं जाएं घर से पानी लेकर जाएं, प्लास्टिक बोतलों और पाउच के पानी, खासकर सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल से बचें। प्लास्टिक की बोतल के कण पानी में घुल कर कैंसर का कारण बन सकते हैं। प्लास्टिक पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के साथ हमारे स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालती है। पर्यावरण मंत्री बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर गोमतीनगर स्थित सीएमएस स्कूल में उप्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्लास्टिक प्रदूषण की रोकथाम के लिए आयोजित कार्यक्रम का उद्‌घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी उपस्थित विद्यार्थियों उनके अभिभावकों तथा श्रोताओं से अपील की कि हम सबको प्लास्टिक के प्रयोग से बचना चाहिए।

# राज्यपाल ने महिला बंदियों को बांटी साड़ी और फलों की टोकरी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल दो दिवसीय दौरे पर बुधवार को पीलीभीत पहुंचीं। जनपद सीमा में प्रवेश करने पर डीएम-एसपी ने राज्यपाल का स्वागत किया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच राज्यपाल के काफिला सीधे जिला कारागार पहुंचा। जिला कारागार में कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने स्कूली बच्चों से संवाद किया और महिला बंदियों को साड़ी ओर फल की टोकरी वितरित की। अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की और रेडक्रॉस सदस्यों को भी दिशा-निर्देश दिए।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का काफिला बुधवार को दुधवा टाइगर रिजर्व से असम-बस्ती हाईवे होते हुए सुबह 10.15 बजे पीलीभीत पहुंचा। जनपद सीमा में प्रवेश करने पर डीएम ज्ञानेंद्र सिंह एवं अभिषेक सिंह ने राज्यपाल को स्वागत किया। इसके



जिला कारागार पीलीभीत में महिला बंदी को साड़ी देतीं राज्यपाल।

बाद कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच राज्यपाल का काफिला शहर के असम चौराहे होते हुए सीधे जिला कारागार पहुंचा। राज्यपाल का काफिला गुजरने के दौरान रूट से जुड़े सभी मार्गों को पूरी तरह बंद कर दिया चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात दिखी। जिला कारागार पहुंचने पर डीएम-एसपी समेत जेल अधीक्षक ने राज्यपाल का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन, सेनेटरी डिस्ट्रायर मशीन, एलईडी टीवी एवं वाटर कूलर का फीता काटकर उद्‌घाटन किया।

**हेमकुंड साहिब यात्रा** | पुलिस, एसडीआरएफ और आईटीबीपी के साथ एटीएस भी सुरक्षा में तैनात

# आठ दिन में 30 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** सिखों की आस्था के प्रमुख केंद्रों में से एक, उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का उत्साह अब चरम की ओर है। खराब मौसम और बर्फबारी के बीच सबसे कठिन यात्रा को 'वाहे गुरु.. वाहे गुरु' सिमरन करते हुए सिख श्रद्धालु अपनी धार्मिक मंजिल पर सफलतापूर्वक पहुंच रहे हैं।

यात्रा के शुरुआती आठ दिनों में बुधवार तक 30 हजार से अधिक यात्री हेमकुंड साहिब पहुंच चुके हैं। श्रद्धालुओं की सेवा और सुरक्षा में राज्य सरकार के साथ ही पुलिस, एसडीआरएफ, आईटीबीपी और एटीएस के जवान अपने कर्तव्य



को बखूबी निभा रहे हैं। श्री हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा सिख धर्म के सबसे पवित्र तीर्थ स्थलों में से एक है। पिछले चार दिनों से रुक-रुककर हो रही बर्फबारी के बावजूद तीर्थयात्रियों का उत्साह चरम पर है।

हिमालय की गोद में 15,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर स्थित इस पवित्र गुरुद्वारे में तीर्थयात्रियों की अटूट श्रद्धा और विश्वास हैं। पिछले आठ दिनों में श्री हेमकुंड साहिब में तीर्थयात्रियों की



हेमकुंड साहिब यात्रा पर जाते श्रद्धालु और मौके पर मौजूद जवान।

संख्या ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस दौरान 30,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारे के दर्शन किए हैं। श्री हेमकुंड साहिब प्रबंधन ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा के अनुसार, हेमकुंड साहिब यात्रा में जो आस्था और उत्साह यात्रियों में है, वह निःसंदेह उल्लेखनीय है।

### बर्फबारी के बीच श्रद्धालुओं की सुरक्षा चुनौती

**देहरादून :** चमोली जिले में स्थित पवित्र तीर्थ स्थल श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा बर्फबारी और प्रतिकूल मौसम के बीच जारी है। इस पवित्र स्थान तक पहुंचने का मार्ग बेहद चुनौतीपूर्ण है और ऐसे कठिन हालातों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चमोली पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से एटीएस के जवान भी श्री हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग पर तैनात किए गए हैं। एटीएस के जवान बर्फबारी और अत्यधिक ठंड के बावजूद पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं। वे श्रद्धालुओं की आवाजाही पर पैनी नजर रख रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हर कोई सुरक्षित रहे।

# उत्तराखंड में इलेक्ट्रिक वाहनों पर नहीं लगेगा टैक्स

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक, 12 अन्य प्रस्ताव हुए पास

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में मंत्रिमंडल की बैठक हुई। इसमें इलेक्ट्रिक वाहनों पर टैक्स माफी, 859 आउटसोर्स पर्यावरण मित्रों की मृतक आश्रित नियमावली का लाभ देने समेत 12 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी।

मुख्यमंत्री धामी की कैबिनेट बैठक में सर्वप्रथम प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट चारधाम में से एक श्री बद्रीनाथ धाम के आगमन प्लाजा में विशिष्ट आर्ट वर्क ऑफ सुदर्शन चक्र स्कल्पचर, पर्यटन प्रबंधन भवन में भी विशिष्ट कलाकृति और बद्रीनारायण चौक पर पेड़ और नदियां बनाने की स्वीकृति दी गई। वर्तमान में बद्रीनाथ में मास्टर प्लान के तहत पुनर्निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा स्थानीय निकायों में विनियमितीकरण नियमावली-2013 के अंतर्गत 859 पर्यावरण मित्रों को वन टाइम सेटलमेंट के तहत विनियमित किया गया था। इस विनियमितीकरण शासनादेश में प्रावधान था कि एक बार के लिए विनियमित किए कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति अथवा अन्य किसी दशा में उक्त पद रिक्त होने पर यह आउटसोर्स में परिवर्तित हो जाएगा। इस प्रावधान की वजह से कर्मचारियों के आश्रितों को मृतक आश्रित नियमावली का लाभ नहीं मिल पा रहा था। इसे देखते हुए उक्त प्रावधान में संशोधन कर उन्हें मृतक आश्रित नियमावली का लाभ देने का निर्णय लिया गया।

## सीतापुर जेल में बंदी ने की खुदकुशी

**सीतापुर, अमृत विचार :** सीतापुर जेल में बुधवार उस समय हड़कंप मच गया। जब चहारदीवारी के पीछे बैरक के बाहर हत्यारोपी बंदी का शव उसकी ही तहमद से लटका मिला। मामले में डीआईजी रामधनी ने मौका मुआयना कर बंदियों से पूछताछ के बाद अधिकारियों के बयान लिये। सदरपुर थानाक्षेत्र की ग्राम पंचायत भलवाही मजरा रसूलाबाद का रामदास (53) पत्नी विमला के साथ पुत्र दीपू की हत्या के आरोप में 16 मार्च वर्ष 2024 से जेल में निरुद्ध था। बताते हैं कि सुबह सभी बंदी बैरक से निकले। रामदास भी अपने बैरक से बाहर आया, सुबह 7:40 मिनट पर उसका शव बैरक के बाहर तहमद से लटका हुआ मिला। कारागार अधीक्षक सुरेश सिंह मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू करते डीएम अभिषेक आनंद और एसपी अंकुर अग्रवाल को अवगत कराया।

## एक नजर

### संयुक्त आयकर आयुक्त योगेंद्र मिश्रा निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** इनकम टैक्स ऑफिस में ही एक आईआरएस अफसर पर दूसरे आईआरएस अफसर के हमला कर देने के मामले में सख्त कार्रवाई की गई है। हमला करने वाले ज्वाइंट कमिश्नर योगेंद्र मिश्रा को बुधवार को निलंबित कर दिया गया। उन्हें बंगाल और सिक्किम रीजन से अटैच कर दिया गया है। 29 मई को हुई इस घटना में आईआरएस अफसर उपायुक्त गौरव गर्ग ने योगेंद्र मिश्रा पर हमला करने, कांच का गिलास फेंककर मारने और प्राइवेट पार्ट पर पैर से मारने का आरोप लगाया था।

### वीआईपी सुविधाएं देने पर डिप्टी जेलर निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** ललितपुर जेल में बंद पूर्व सांसद रिजवान जहीर को नियमों के खिलाफ जाकर वीआईपी सुविधाएं देने के आरोप में डिप्टी जेलर जय नारायण भारती को निलंबित कर दिया गया है। उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही भी शुरू की गई है। इसके अलावा जेल अधीक्षक मुकेश कुमार के खिलाफ विभागीय कार्यवाही करने की शासन से संस्तुति की गई है। वहीं जेलर जीवन सिंह के खिलाफ भी विभागीय कार्यवाही की जा रही है।

### दो पीसीएस अधिकारियों के तबादले

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने बुधवार को दो पीसीएस अफसरों के तबादले कर दिये। विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी उन्नाव प्रमेश श्रीवास्तव को जिले में ही उप जिलाधिकारी पुरवा बनाया गया है। सहायक अभिलेख अधिकारी उन्नाव प्रशांत नायक को वर्तमान कार्यभार के साथ विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी उन्नाव का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है।

### सर्वाधिक डॉल्फिन उप्र. में, बाघों की संख्या हुई 205

**अमृत विचार, लखनऊ :** देश में सबसे अधिक डॉल्फिन की संख्या उत्तर प्रदेश में है। बाघों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। वन विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार राज्य में 2018 में इनकी संख्या 173 थी जो 2022 में बढ़कर 205 हो गई। इस बीच राज्य सरकार कछुओं के अवैध शिकार एवं इनके व्यावसायिक उपयोग पर अंकुश लगाने के साथ संरक्षण योजना चला रही है।

### वनावरण व वृक्षावरण में उत्तर प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश का वनावरण व वृक्षावरण 23437 .53 वर्ग किमी (9 .73 प्रतिशत) से बढ़ कर 23996 .72 वर्ग किमी (9 .96 प्रतिशत) 559 .19 वर्ग किमी . बढ़ गया है। वनावरण का अर्थ है वन के द्वारा आच्छादित क्षेत्र, जबकि वृक्षावरण का अर्थ है किसी भी प्रकार के वृक्षों द्वारा आच्छादित क्षेत्र, चाहे वह वन का हिस्सा हो या न हो। भारतीय वन सर्वेक्षण देहरादून द्वारा वर्ष 2023 में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार वनावरण व वृक्षावरण वृद्धि की नजर से उत्तर प्रदेश, पूरे देश में दूसरे स्थान पर रहा है।

# पुख्ता होगी सहकारी बैंकों की सुरक्षा, बनेगा साइबर सिक्योरिटी कवच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उप्र. कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड व 50 जिला सहकारी बैंकों में टेक्नोलॉजी एडॉप्शन की बड़ी तैयारी

**अमृत विचार:** राज्य सरकार राज्य में सहकारी बैंकों को आधुनिक और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है।

अब प्रदेश के 50 जिला सहकारी बैंकों और उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड को साइबर सुरक्षा कवच से लैस किया जाएगा। इसके लिए बैंकों को कोर बैंकिंग सिस्टम (सीबीएस) आधारित क्लाउड प्लेटफॉर्म पर ऑनबोर्ड किया जाएगा। जिससे ग्राहकों की बैंकिंग से जुड़ी हर गतिविधि सुरक्षित और पारदर्शी होगी।

इस महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर उतारने के लिए तकनीकी क्षेत्र की अग्रणी टीसीएस और विप्रो जैसी कंपनियां सहयोग करेंगी। ये कंपनियां सहकारी बैंकों के डाटा सुरक्षा, सर्वर मैनेजमेंट और साइबर हमलों से बचाव जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के साथ पूरे सिस्टम को सशक्त बनाएंगी। इस पूरी परियोजना के संचालन में नाबार्ड का सहयोग लिया जाएगा। इसमें तकनीकी मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और निगरानी के साथ-साथ आर्थिक सहायता भी मिलेगी। इससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी सहकारी बैंक सुरक्षित, सशक्त और ग्राहकों के लिए और ज्यादा भरोसेमंद बनें।

### 10 करोड़ रुपये का विशेष प्रावधान

राज्य सरकार ने योजना को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 10 करोड़ रुपये का विशेष बजटीय प्रावधान किया है। यह राशि तकनीकी संसाधनों की स्थापना, सर्वर सुरक्षा, प्रशिक्षण, साइबर जागरूकता और क्लाउड प्लेटफॉर्म पर व्यय की जाएगी। इस पहल के तहत जिला सहकारी बैंकों की न केवल साइबर सुरक्षा को मजबूती दी जाएगी, बल्कि उनकी वित्तीय स्थिति को भी सशक्त बनाया जाएगा।

## उप्र. में एयरोस्पेस और डिफेन्स निवेश को एसओपी जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने डिफेन्स एवं एयरोस्पेस सेक्टर में भारी निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'एयरोस्पेस तथा रक्षा इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2024' के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को अधिसूचित किया है। इसके अंतर्गत अलीगढ़, आगरा, लखनऊ, कानपुर, झांसी और चित्रकूट राज्य के 6 डिफेन्स नोड विकास के केंद्र बनेंगे। सरकार का मानना है इन क्षेत्रों में एयरोस्पेस और रक्षा उद्योगों की स्थापना के लिए प्रचुर संभावनाएं हैं। सरकार का लक्ष्य है कि इन नोड्स के माध्यम से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, स्थानीय उत्पादन और रोजगार के अवसरों में भारी वृद्धि हो। इस नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उप्र . राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) को नोडल एजेंसी नामित किया है। इसी क्रम में शासनादेश के तहत एसओपी को लागू किया गया है, जिससे निवेश प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, अनुमोदन की तीव्रता और उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया जा सकेगा।

## पीएम व सीएम को अपशब्द बोलने वाला सपा नेता गिरफ्तार

**हरदोई, अमृत विचार:** पुलिस ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के खिलाफ अपशब्द बोलने व नारेबाज़ी करने वाले सपा नेता कुलदीप यादव को गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि सवायजपुर कोतवाली के सोने पुर निवासी कुलदीप यादव के खिलाफ सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के खिलाफ अपशब्द कहे थे।

# भारी खर्च फिर क्यों नहीं सुधरी बिजली कंपनियों की दक्षता

## विद्युत नियामक आयोग ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से मांगा जवाब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य विद्युत नियामक आयोग ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से पूछा है कि भारी-भरकम रकम खर्च होने के बाद भी बिजली कंपनियों की दक्षता में सुधार क्यों नहीं हुआ। आयोग ने पावर कॉरपोरेशन को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

आयोग ने पावर कॉरपोरेशन की ओर से दाखिल वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नई बिजली दरों के प्रस्ताव पर यह सवाल उठाए हैं। आयोग ने राजस्व वसूली का भी पूरा विवरण मांगा है। यह भी कहा है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग जाने के बाद 'कलेक्शन एफिशिएंसी' कितनी हो जाएगी।

नियामक आयोग ने बिजली कंपनियों के लिए 'लॉस रिडक्शन' में लगभग 16,112 करोड़ अनुमोदित किया था। इसमें वर्ष 2024-25 के अंत तक बिजली कंपनियों ने लगभग 12,693 करोड़ खर्च किया। स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के लिए आयोग ने 27,342 करोड़ अनुमोदित किया, इसके बाद भी बिजली कंपनियों की लाइन हानियां बढ़ गईं। आयोग ने इस पर सवाल उठाया है।

मालूम हो कि पावर कॉरपोरेशन ने बिजली दर के प्रस्ताव में पहले 10 हजार करोड़ का घाटा दिखाया था, पर एक सप्ताह बाद बिजली दरों में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी का प्रस्ताव देते हुए घाटा 19,600 करोड़ दिखा दिया। आयोग ने बिजली दर संबंधी प्रस्ताव 'वार्षिक राजस्व आवश्यकता' को तीन दिन में समाचार पत्रों में प्रकाशित करने का निर्देश दिया है।

### मनगढंत आंकड़ों पर सुनवाई कराना गलत

विद्युत उपभोक्ता परिषद ने बिजली दरों पर आम जनता की सुनवाई को लेकर बुधवार को नियामक आयोग में याचिका दाखिल की। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली कंपनियों के मनगढंत आंकड़ों पर आम जनता की सुनवाई कराना गलत है।

| वितरण कंपनी | अनुमोदित हानियां (भारत सरकार) | प्रस्तावित हानियां पावर कॉरपोरेशन |
|---|---|---|
| दक्षिणांचल | 18.97 | 28.48 |
| मध्यांचल | 17.97 | 21.93 |
| पश्चिमांचल | 12.69 | 13.35 |
| पूर्वांचल | 18.49 | 36.08 |
| केस्को | 8.07 | 10.37 |
| कुल | 16.43 | 23.44 |

(नोट-लाइन हानियां प्रतिशत में)



मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अधिकारी को देते किसान संगठन के प्रतिनिधि।

### निजीकरण के विरोध में किसानों ने किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में किसानों ने प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन किया और जिलाधिकारियों के जरिये मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। इस बीच, बिजली कर्मियों का विरोध प्रदर्शन जारी रहा। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने पावर कॉर्पोरेशन प्रबंधन पर आरोप लगाया कि इस भीषण गर्मी में प्रबंधन अनावश्यक तौर पर बड़े पैमाने पर अभियंताओं का उत्पीड़न कर ऊर्जा निगमों में औद्योगिक अशांति फैला रहा है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के नाम पर 87 अभियंताओं पर उत्पीड़नात्मक कार्रवाई की जा रही है। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मचारी व अभियंता इस भीषण गर्मी में उपभोक्ता सेवाओं के प्रति संवेदनशील हैं। इसीलिए संघर्ष समिति की नोटिस में कहा गया है कि आंदोलन के कारण उपभोक्ता सेवाएं प्रभावित नहीं होनी चाहिए। ऐसे वातावरण में जब उपभोक्ता सेवाओं की प्राथमिकता सबसे ऊपर है तब पावर कॉरपोरेशन के शीर्ष अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर अभियंताओं को डांटने-फटकारने में लगे हैं। उपभोक्ता सेवाओं की दृष्टि से ही संघर्ष समिति ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का बहिष्कार करने का निर्णय लिया था, जो कार्पोरेशन प्रबंधन को सूचित कर दिया गया था। इसके बाद भी प्रबंधन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के नाम पर 87 अभियंताओं को चार्ज शीट दी है। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक ने कई अभियंताओं को दंडित करने की दृष्टि से उनका स्थानांतरण कर दिया है।

## इलेक्ट्रिक बसों में तब्दील होंगी डीजल बसें, ट्रॉयल की तैयारी

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम पुरानी डीजल बसों को इलेक्ट्रिक बसों में बदलने जा रहा है। इस कवायद के तहत कानपुर की राम मनोहर लोहिया वर्कशाप में दो डीजल बसों को इलेक्ट्रिक में बदला जा चुका है। इन बसों को झांसी-ललितपुर रूट पर ट्रायल के लिए चलाया जाएगा। दरअसल, पुरानी डीजल बसों को परिवहन निगम की गाइडलाइन के अनुसार 10 वर्ष या 11 लाख किमी की दूरी तय करने पर बस बेडे.से हटाया जाना अनिवार्य है। बड़ी संख्या में परिवहन निगम की बसों का प्रतिवर्ष नीलामी होती है। डीजल बसों को इलेक्ट्रिक बसों में परिवर्तित करने से विभाग को बसों की खरीदारी पर अतिरिक्त व्यय नहीं करना होगा।

# जोशी और सावंत को ओबीसी सूची में शामिल करने की कवायद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पिछड़ा वर्ग आयोग 23 को करेगा प्रारंभिक सुनवाई
- आयोग ने आवेदन के पक्ष व विपक्ष में सुझाव मांगे

**अमृत विचार:** जोशी (भड्डरी) और सावंत को अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल करने की कवायद शुरू कर दी गई है। दोनों जातियों के आवेदन पर पिछड़ा वर्ग आयोग 23 जून को प्रारंभिक सुनवाई करेगा। आयोग ने पक्ष व विपक्ष से सुझाव मांगे हैं।

आयोग के सचिव मनोज कुमार ने बताया कि दोनों जातियों के प्रतिनिधियों ने आयोग में आवेदन प्रस्तुत किया था। जिसमें इन जातियों को प्रदेश की अन्य पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल करने का अनुरोध किया गया है। जोशी भड्डरी महासभा के अध्यक्ष सुमित कुमार जोशी की ओर से दिए गए आवेदन में कहा गया है कि महाकवि घाघ भड्डरी से संबंधित जोशी भड्डरी डाकोत समाज लाखों की संख्या में प्रदेश में निवास करता है।

इन्हें देश भर में बोलचाल की भाषा में जोशी, जोशी भड्डरी, भडरी, भतरी, भटरी, भठरी, डाकोत, देशांतरि, पडिया, ज्योतिषी आदि नामों से पुकारा जाता है। यह समुदाय ज्योतिष का पैतृक कार्य करता है। शनिवार को शनिदेव का दान लेती है। मूल शांति कराती है।

वर्तमान तकनीकी युग में यह समुदाय काफी पिछड़ गया है। इनके पास खेती के लिए भूमि भी नहीं है। इसी तरह, सावंत समुदाय के प्रतिनिधियों ने खुद को पिछड़ा बताते हुए तर्क पेश किये हैं।

### इन जिलों में हैं जोशी भड्डरी

जोशी भड्डरी लखनऊ के अलावा बाराबंकी, रायबरेली, सीतापुर, कानपुर, फतेहपुर, इटावा, औरैया, फर्रुखाबाद, जालौन, मैनपुरी, आगरा, एटा, बिजनौर, मेरठ, सहारनपुर, बदायूं, रामपुर, बरेली, मुरादाबाद, पीलीभीत और प्रयागराज आदि में निवास कर रही है।

# सरकार ने शुरू किया हर बच्चा खास है पोस्टर अभियान

## 1,32,716 विद्यालयों तक पहुंच रहे छह प्रकार के 2.65 लाख पोस्टर सेट्स

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए पोस्टर अभियान

**अमृत विचार :** ऐसे बच्चे जो बोल नहीं सकते है, सुन नहीं सकते हैं या वो बच्चे जो सामान्य बच्चों की तरह पढ़ने में कठिनाई महसूस करते हैं, उन विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को सामान्य बच्चों की तरह सम्मान व दक्ष बनाने के लिए राज्य सरकार ने जन-जागरूकता अभियान शुरू किया है। यह अभियान सिर्फ नीति की बात नहीं करता, बल्कि बेसिक शिक्षा विभाग की देखरेख में तैयार किए गए पोस्टर के माध्यम से दिलों को छूने का प्रयास करता है।

अभियान की शुरुआत से अब तक 75 जिलों के सभी प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों, पंचायत भवनों, सीएचसी-पीएचसी, बाल विकास केंद्रों और आशा केंद्रों पर पोस्टर लगाए जा रहे हैं। प्रदेश में 15,92,592 पोस्टरों के माध्यम से अभियान चलाया जा रहा है। पोस्टरों में इन बच्चों के अधिकारों, आवश्यकताओं और समाज की भूमिका को केंद्र में रखा गया है। पोस्टर वितरण के साथ-साथ स्कूल शिक्षकों को प्रशिक्षण, अभिभावकों से संवाद और समुदाय स्तर पर जागरूकता

गतिविधियों को भी प्राथमिकता दी गई है। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा कि हम केवल स्कूलों में बेंच बढ़ाने की बात नहीं कर रहे, हम दायरे बढ़ाने की बात कर रहे हैं। समावेशी शिक्षा बच्चों के साथ-साथ पूरे समाज को बेहतर बनाती है। राज्य सरकार पोस्टर को केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि संवेदनशीलता और संवाद की चिंगारी मान रही है। यह एक ऐसा प्रयास है जो किसी बजट, टेंडर या स्कीम से आगे जाकर समाज की सोच में बदलाव लाने की क्षमता रखता है, क्योंकि असली समावेश वही है, जो सिर्फ नीति में नहीं, नजरिए में दिखे।

### सरकारी व सहायता प्राप्त विद्यालयों में पोस्टर वितरण

राज्य के एक लाख 32 हजार 716 सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में ये पोस्टर वितरित किए जा रहे हैं। प्रत्येक विद्यालय को एक सेट (छह पोस्टर) उपलब्ध कराया गया है, जिनमें सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने वाले संदेश शामिल हैं।

### पोस्टर से समझा रहे 'सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श'

इन पोस्टरों की सबसे खास बात है इनका भावनात्मक, सरल और व्यावहारिक होना। ये न केवल जानकारी देते हैं, बल्कि आत्ममंथन को प्रेरित करते हैं। इन पोस्टरों से प्रेरणा मिलती है कि समावेशी शिक्षा केवल बच्चों के लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज के भविष्य के लिए आवश्यक है। यह भी समझ में आता है कि हर बच्चा खास है, लेकिन कुछ बच्चों को थोड़ा और खास समझे जाने की जरूरत है। इस अभियान में ''सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श'' जैसे अति आवश्यक विषय पर भी विशेष ध्यान दिया गया है।

## 25 जून तक चलेगा कृषि विभाग का बीज शोधन अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** फसलों को कीट, रोग, खरपतवारों और चूहों आदि के नुकसान से बचाने के लिए इन दिनों सरकार द्वारा बीज शोधन अभियान चलाया जा रहा है। सभी जिलों में 25 जून तक बीज शोधन अभियान चलेगा। दरअसल, उप्र . के 01 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी का लक्ष्य प्राप्त करने में कृषि क्षेत्र की अहम भूमिका है। प्रदेश की लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कृषि पर आधारित है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के मुताबिक, उत्पादन में बीज जनित रोगों से बचाव के लिए बीज शोधन तकनीक का अत्यधिक महत्व है। इसे बीज का टीका भी कहते है। जिससे फसलो में भविष्य में जीवाणु और कवकों आदि से होने वाले रोगों का बचाव किया जाता है। इसके निवारण के लिए इस अभियान के तहत बीज शोधन के महत्व की जानकारी देकर कृषकों को शत-प्रतिशत बीज शोधन के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

**सुनवाई** राज्य सरकार की ओर से गठित कमेटी को मामले निस्तारित करने के लिए तीन माह का समय

# पेंशन में कटौती संबंधी हजारों याचिकाएं निस्तारित

लखनऊ, विधि संवाददाता

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पेंशन में कटौती संबंधी राज्य सरकार के सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों की हजारों याचिकाओं को निस्तारित कर दिया है। न्यायालय ने उक्त मामले के संबंध में राज्य सरकार द्वारा गठित कमेटी को याचियों का प्रत्यावेदन लेने व तीन माह के भीतर इसे निस्तारित करने का आदेश दिया है। यह भी स्पष्ट किया है कि कमेटी द्वारा मामले के निस्तारण तक याचियों के पेंशन से वसूली नहीं की जाएगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने पारित किया। याचियों की दलील थी कि उन्होंने सेवानिवृत्ति के समय पेंशन के आधार पर जो एकमुश्त धनराशि ली थी उसकी वसूली के तौर पर याचियों के मासिक पेंशन से एक निश्चित रकम की कटौती होती है, मासिक कटौती की धनराशि कर्मचारी द्वारा सेवानिवृत्ति के समय ली गई धनराशि के एक प्रतिशत से कुछ अधिक है। कहा गया कि इस प्रकार जो मासिक कटौती की जा रही है, उससे कर्मचारी से लिए गए उक्त एडवांस पेंशन का भुगतान ब्याज समेत 10 वर्ष 11 माह में हो जाता है। जिसे मोटे तौर पर 11 वर्ष किया जा सकता है या अधिकतम 12 वर्ष तक वसूला जा सकता है।

दलील दी गई कि राज्य सरकार द्वारा 8 दिसम्बर 2008 को जारी शासनादेश के जरिए मासिक कटौती की मियाद 15 वर्ष कर दी गई जो विधिपूर्ण नहीं थी। वित्त विभाग की ओर से न्यायालय को बताया गया कि याचियों की समस्या के निवारण के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। इस पर न्यायालय ने याचियों को एक माह में उक्त कमेटी के समक्ष प्रत्यावेदन देने का समय दिया तथा उसके पश्चात तीन के भीतर याचियों के प्रत्यावेदनों को निस्तारित करने का आदेश दिया। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि कमेटी के निर्णय से क्षुब्ध याची दोबारा याचिका दाखिल कर सकते हैं। न्यायालय ने यही प्रक्रिया अपनाने का आदेश रेलवे के कर्मचारियों के संबंध में रेलवे को दिया है।


## वर्ग पहेली- 452

**बाएं से दाएं**

1. 1. जो कहने योग्य न हो 2. जो कहा न जा सके, अकथनीय 3. जो कहा न गया हो।
4. बीज के लेन-देन की एक रीति जिसमें फ़सल काटने पर लेने वाले को डेढ़ा देना पड़ता है।
5. 1. गंधयुक्त 2. चूहे की तरह का एक जंतु, छछूंदर।
6. झींगुर का बोलना।, झींगुर की तरह आवाज़ पैदा करना।
9. 1. रेखाचित्र, रेखाओं के द्वारा बनी आकृति 2. लेखन में किसी बात पर बल देने के लिए उसके नीचे खींची हुई लकीर।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. झमेला 2. किसी बात पर होने वाली कहा-सुनी या विवाद, झंझट-बखेड़ा 3. सुख-भोग में होने वाली बाधा, रंग में भंग।
2. 1. कृपा करने वाला, दयालु 2. कृपा करना जिसका स्वभाव हो।
3. इस्लाम, ईसाई, मूसाई आदि कुछ धर्मों में ईश्वर का पैगाम या संदेशा लाने वाला, नबी, (प्रॉफ़ेट)।
7. 1. कोमल, सुकुमार, मृदु 2. जो जल्दी टूट जाए या नष्ट हो जाए, कमज़ोर 3. महीन, बारीक 4. मार्मिक, गूढ़, गंभीर।
8. 1. गांठ के रूप में होने वाली पौधों की जड़, गांठ 2. लहसुन आदि की गांठ।




### वर्ग पहेली -451 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 जु | मा | | 2 अ | यो | 3 नि |
| हू | | | खं | | छो |
| | 4 को | | ड | | ह |
| | 5 हि | म | पा | त | |
| | नू | | ठ | | 6 मुँ |
| 7 भै | र | वी | | | द |
| | | | 8 खि | ल | ना |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 जून, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- दशमी 6 जून 02 .15 तक तत्पश्चात एकादशी।

**मेष:** आज आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। अनुशासनहीनता के कारण दिनचर्या बिगड़ सकती है। बच्चे छुट्टी का आनंद उठाएंगे। कार्यक्षेत्र में काफी अच्छे परिणाम मिलेंगे। पैरों में खिंचाव हो सकता है। सेहत से जुड़े मामलों की अनदेखी न करें।

**वृष:** आज नए कार्यों की योजना बना सकते हैं। अपनी रूचि के अनुसार ही कार्य करें। कारोबारी उद्देश्य से यात्रा करनी पड़ सकती है। व्यस्तता के कारण परिवार को समय मुश्किल से दे पाएंगे। छोटे बच्चों की सेहत का ध्यान रखें।

**मिथुन:** आज राजनीति से जुड़े लोगों को विरोध झेलना पड़ सकता है। अनजान व्यक्तियों पर अधिक विश्वास न करें। आपकी कार्यशैली की खूब प्रशंसा होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दांतों में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**कर्क:** आज बुद्धिमत्ता से अटके हुए काम बना लेंगे। पार्टनरशिप संबंधी कार्यों से आपको बेहतरीन लाभ प्राप्त हो सकता है। मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र से जुड़े व्यवसाय में प्रगति होगी। घर का वातावरण बहुत अच्छा रहने वाला है। दोस्तों के साथ धार्मिक यात्रा की योजना बनाएंगे।

**सिंह:** आज मित्रता और प्रेम को लेकर आपकी सोच बदल सकती है। गोपनीय विषयों के प्रति आपका झुकाव बढ़ेगा। बच्चों को लेकर सुखद समाचार मिल सकते हैं। व्यवसाय में संघर्ष वाली परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। केवल बातों पर विश्वास करके कोई डील न करें।

**कन्या:** आज कोर्ट-कचहरी के मामले में आपको विजय प्राप्त होगी। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कार्यस्थल में वाद-विवाद जैसी स्थितियां निर्मित हो सकती हैं। योग और अध्यात्म के प्रति आपकी रुचि रहेगी।

**तुला:** आज आपका बजट गड़बड़ा सकता है। ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान थोड़ी सावधानी रखें। आपके व्यक्तिगत कार्यों में व्यवधान आने की संभावना है। आलस्य के कारण अच्छे मौकों को चूक सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज व्यापार में अपेक्षानुसार धन लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में आप सहकर्मियों के ऊपर अपना प्रभाव डालेंगे। संतान की सफलता से उत्साहित रहेंगे। संपत्ति से जुड़े विवादों का निवारण हो सकता है। पति-पत्नी के आपसी संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।


**धनु:** आज लवमेट के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आयात-निर्यात से जुड़े कारोबार में बेहतरीन लाभ मिल सकता है। विद्यार्थियों को शिक्षकों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बच्चों की बातों का खंडन करने के बजाय उनका शांतिपूर्वक समाधान करें।

**मकर:** आज नया व्यापार शुरू करना चाहते हैं, तो उसकी पूरी योजना बना लें। आर्थिक स्थिति को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे। किसी बड़े काम के लिए लोग आपसे सलाह ले सकते हैं। सहकर्मी आपका उपहास कर सकते हैं।

**कुंभ:** आज अपनी कमजोरी पर नियंत्रण कर लें। ससुराल पक्ष के साथ अपने संबंध मधुर रखें। बचपन के मित्रों से मुलाकात हो सकती है। अनावश्यक यात्राओं से बचना चाहिए। पुरानी स्वास्थ्य समस्याओं से दोबारा परेशान होना पड़ सकता है।

**मीन:** आज करियर को लेकर सावधानी रखनी चाहिए। मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी। लंबे समय से सोचे हुए कार्य पूर्ण होंगे। जीवनसाथी का भावनात्मक सहयोग आपको प्राप्त होगा। नई वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- दक्षिण। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- हस्त पूर्ण रात्रि तक।

## सुडोकू-176

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | | | |
| | | | | | | | 3 | |
| | 2 | | | | | | | |
| | | | | 7 | | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| 7 | | | | 3 | | | | |
| | | | | | | | | 1 |
| | 5 | | | | 8 | | | |

### सुडोकू - 175 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 2 | 9 | 3 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 6 | 5 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 4 | 9 | 5 | 2 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 |
| 2 | 6 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 3 | 4 | 1 | 7 | 9 | 2 | 5 | 6 | 8 |
| 5 | 8 | 7 | 3 | 1 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 9 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 5 |
| 1 | 3 | 6 | 5 | 8 | 7 | 9 | 2 | 4 |
| 7 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 3 | 1 | 6 |

**एक नजर**

### अडानी एयरपोर्ट्स ने जुटाए 75 करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली।** अडानी एयरपोर्ट्स होल्डिंग्स लिमिटेड ने अंतरराष्ट्रीय बैंकों के समूह से बाहरी वाणिज्यिक उधारी के माध्यम से 75 करोड़ डॉलर का वित्तपोषण प्राप्त किया है। कंपनी ने बुधवार को कहा कि प्राप्त वित्तपोषण का एक हिस्सा मौजूदा 40 करोड़ डॉलर के ऋण के पुनर्वित्त में लगाया जाएगा जबकि शेष धनराशि का उपयोग देश के प्रमुख हवाईअड्डों के बुनियादी ढांचे के उन्नयन में इस्तेमाल होगा।

### मौसमी कारकों और मांग में तेजी से बढ़ा ट्रक किराया

**मुंबई।** मांग में तेजी और मौसमी कारकों से मई में देश में ट्रकों के किराए में बढ़ोतरी हुई है। श्रीराम मोबिलिटी के बुलेटिन के अनुसार, गर्मियों के फलों की बागवानी केंद्रों में आवक ने उपभोग को बढ़ावा दिया, जिससे बेड़े की ऑक्यूपेंसी बेहतर हुई। दिल्ली-कोलकाता मार्ग पर ट्रक किराया मासिक आधार पर 1.9 प्रतिशत बढ़ी बेंगलुरु-मुंबई और दिल्ली-मुंबई मार्गों पर क्रमशः 1.6 प्रतिशत और 1.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

# अमेरिका से बढ़ेगा तेल-गैस का आयात

## आयात में विविधता के लिए शैल गैस, एलएनजी और कच्चे तेल जैसे उत्पादों पर नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत का अमेरिका को निर्यात बढ़ रहा है और वह अपने आयात में विविधता लाने के लिए अमेरिका से शैल गैस, एलएनजी और कच्चे तेल जैसे उत्पादों का आयात बढ़ा सकता है। इसका कारण अमेरिका में इन वस्तुओं की कीमतों का कम होना है।

एक अधिकारी के मुताबिक दोनों देशों के अधिकारी प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर इस सप्ताह यहां अगले दौर की बातचीत शुरू करेंगे। हालांकि, भारत अमेरिका के साथ एक संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते की तलाश कर रहा है, लेकिन अन्य देशों की तुलना में हमें जो मिलता है, वह निर्धारित करेगा कि हम समझौते में आखिरकार क्या अंतिम रूप देते हैं।



• भारत की मंशा अमेरिका के साथ संतुलित और पारस्परिक तौर पर लाभकारी व्यापार समझौते की

यह पूछे जाने पर कि क्या नौ जुलाई से पहले किसी तरह के अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमति बन सकती है, अधिकारी ने कहा कि वर्तमान में बहुत सारी अनिश्चितताएं हैं। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की इस्पात पर शुल्क बढ़ाने की योजना और शुल्क पर अमेरिकी अधिकारियों के फैसले के खिलाफ अदालत के आदेश पर रोक जैसे घटनाक्रम हैं।

उन्होंने कहा कि लेकिन अनिश्चितताओं के बीच, भारत को ऐसे रास्ते तलाशने होंगे जो देश के लिए अच्छे हों। अधिकारी ने कहा, निर्यात बढ़ रहा है...ऐसी कई चीजें हैं जिन्हें हम अमेरिका से खरीद सकते हैं। उदाहरण के लिए शैल गैस, एलएनजी, कच्चा तेल। हमारे स्रोत जितने विविध होंगे, हमारे लिए उतना ही अधिक लाभ होगा। अमेरिका में कीमतें भी कम हैं।

अधिकारी ने कहा कि अमेरिका भारत का एक प्रमुख व्यापारिक साझेदार है और भारत के पक्ष में व्यापार अधिशेष की स्थिति है। इसके अलावा, बड़ी संख्या में नौकरियां अमेरिका को होने वाले निर्यात से जुड़ी हैं। भारत ने पहले ही इस्पात और एल्युमीनियम पर अमेरिकी शुल्क के विरुद्ध जवाबी शुल्क लगाने का अपना अधिकार सुरक्षित रखा है।

### वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच एमपीसी की बैठक शुरू

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक समीक्षा बैठक बुधवार को शुरू हो गई। इसमें वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच आर्थिक वृद्धि को तेज करने के लिए नीतिगत ब्याज दर में एक और कटौती का फैसला लिया जा सकता है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली एमपीसी की तीन दिन तक चलने वाली बैठक में मौजूदा अंतरराष्ट्रीय एवं घरेलू परिवेश को देखते हुए नीतिगत दर पर विचार किया जाएगा। एमपीसी की बैठक में लिए गए फैसले की जानकारी शुक्रवार को दी जाएगी। इसके पहले आरबीआई ने फरवरी और अप्रैल में हुई पिछली दो मौद्रिक समीक्षा बैठकों में प्रमुख ब्याज दर रेपो में कुल 0.50 प्रतिशत की कटौती की है।

### गिरावट थमी, 261 अंक चढ़ा सेंसेक्स

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 261 अंक के लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 78 अंक की तेजी आई।

वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 260.74 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की तेजी के साथ 80,998.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 349.78 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 77.70 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,620.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) 3.32 प्रतिशत के लाभ में रही।

# भारत ने पाकिस्तान को एडीबी की सहायता का किया विरोध

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत ने एशियाई विकास बैंक (एडीबी) द्वारा पाकिस्तान को किसी भी प्रकार की वित्तीय सहायता दिए जाने का कड़ा विरोध किया है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को एडीबी ने पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर के वित्तीय सहायता को अनुमोदित किया था। इसमें 30 करोड़ डॉलर नीति आधारित ऋण है और 50 करोड़ डॉलर नीति आधारित गारंटी के तहत दिया जा रहा है।

सरकारी सूत्रों ने कहा कि भारत ने एडीबी संसाधनों के संभावित दुरुपयोग के बारे में गहरी चिंता व्यक्त की, विशेष रूप से पाकिस्तान के बढ़ते रक्षा व्यय, उसके घटते कर जीडीपी अनुपात और प्रमुख व्यापक आर्थिक सुधारों पर स्पष्ट प्रगति की कमी का हवाला देते हुए यह विरोध जताया है। भारत ने एडीबी को अपने संसाधनों के




• एडीबी ने किया 80 करोड़ डॉलर की मदद का अनुमोदन, भारत ने जताई दुरुपयोग की आशंका

दुरुपयोग की संभावना के बारे में भी आगाह किया है।

सूत्रों ने कहा कि विकास के विपरीत, अपनी सेना पर व्यय में वृद्धि के बीच पाकिस्तान के संबंध में केवल उसके घरेलू संसाधन जुटाने के संदर्भ में पूरी तरह नहीं समझाया जा सकता। भारत ने इस पर प्रकाश डाला कि जीडीपी के हिस्से के रूप में पाकिस्तान का कर संग्रह वित्त वर्ष 2018 में 13.0 प्रतिशत था जो 2023 में घटकर 9.2 प्रतिशत रह गया। यह एशिया और प्रशांत क्षेत्र के औसत 19.0 प्रतिशत से काफी कम बना हुआ है।

# भारतीय सेवा क्षेत्र की वृद्धि मोटे तौर पर स्थिर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय सेवा क्षेत्र की वृद्धि मई में मोटे तौर पर स्थिर रही। इसे मांग की बेहतर स्थिति, नए ग्राहक मिलने आदि जैसे कारकों से समर्थन मिला। बुधवार को जारी एक मासिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मई में 58.8 रहा जो अप्रैल में 58.7 पर था। यह आंकड़ा विस्तार की एक और तीव्र दर का संकेत देता है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब



• नए ऑर्डर में वृद्धि से सेवा प्रदाताओं ने कर्मचारियों की भर्ती बढ़ाई

गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है।

एचएसबीसी में भारत के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, भारत का सेवा पीएमआई मई 2025 में 58.8 रहा जो हालिया वृद्धि के अनुरूप मोटे तौर पर स्थिर है। मजबूत अंतरराष्ट्रीय मांग ने सेवा गतिविधि को बढ़ावा देना जारी रखा, जैसा कि अप्रैल से नए निर्यात व्यापार सूचकांक में उछाल से स्पष्ट है।

सर्वेक्षण के अनुसार, नए ऑर्डर में तीव्र वृद्धि हुई, जो मुख्य रूप से विज्ञापन, मांग की मजबूती और मौजूदा ग्राहकों से दोबारा मिले ऑर्डर के कारण हुई। बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए सेवा प्रदाताओं ने कर्मचारी भर्ती में वृद्धि की है। वास्तव में, रोजगार सूचकांक इस सर्वेक्षण में अब तक दर्ज किए गए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। सर्वेक्षण में शामिल करीब 16 प्रतिशत सदस्यों ने वेतन वृद्धि की बात कही, जबकि एक प्रतिशत ने गिरावट का संकेत दिया।

## ब्रिटानिया के लिए बिस्कुट बनाने वाली कंपनी बंद करने की मंजूरी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मुंबई हाईकोर्ट का फैसला खारिज करते हुए ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिए तीन दशक से अधिक समय तक बिस्कुट बनाने वाली कंपनी को बंद करने की मंजूरी दे दी। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा ने हाईकोर्ट के 17 फरवरी 2023 के आदेश के खिलाफ दायर हरिनगर शुगर मिल्स लिमिटेड की अपील पर यह फैसला सुनाया। एचएसएमएल ने पहले अपने कर्मचारियों को सद्भावना के तौर पर 10 करोड़ रुपये देने की पेशकश की थी। लेकिन अदालत ने इसे बढ़ाकर 15 करोड़ रुपये कर दिया और आठ सप्ताह में इसका भुगतान करने को भी कहा। अदालत ने कहा, यह देखते हुए कि इस कंपनी के बंद होने से कुछ कर्मचारियों को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ सकता है और कुछ अन्य बिना किसी गलती के बेरोजगार हो सकते हैं, हम एचएसएमएल के इस कदम की सराहना करते हैं। इस बयान को रिकॉर्ड में दर्ज किया जाता है।

# अच्छे मानसून से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई जान

**मुंबई, एजेंसी**

देश में इस वर्ष सामान्य से बेहतर मॉनसून की संभावनाओं ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई जान फूंक दी है और इससे कृषि एवं एफएमसीजी क्षेत्र की आय में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। स्मॉलकेस मैनेजर गोलफाई की बुधवार को जारी रिपोर्ट में अनुमान लगाया है कि यदि मानसून की तीव्रता और वितरण कृषि क्षेत्रों में अनुकूल बना रहता है, तो वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही में कृषि-आधारित क्षेत्रों में 10-15 प्रतिशत तक की सालाना आय वृद्धि संभव है।

इससे ट्रैक्टर, कृषि इनपुट, ग्रामीण एनबीएफसी और टिकाऊ उपभोक्ता



• कृषि आधारित क्षेत्रों में 10 से 15 प्रतिशत तक सालाना आय वृद्धि संभव

• एफएमसीजी क्षेत्र की आय में भी बढ़ोतरी होने की उम्मीद

वस्तुओं जैसे क्षेत्रों को सीधा लाभ होगा। गोलफाई का मानना है कि खाद्य महंगाई में नरमी और अप्रैल में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई दर के 3.16 प्रतिशत पर आने जैसे संकेत भारतीय रिजर्व बैंक को 06 जून की मौद्रिक नीति बैठक में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं।

यदि मुद्रास्फीति चार प्रतिशत से नीचे बनी रही तो अगस्त तक और 0.25 प्रतिशत की कटौती संभव है। इस तरह की मौद्रिक नरमी आवास, ऑटो और ऋण आधारित खपत क्षेत्रों में मांग को गति दे सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, ग्रामीण आय में तेज सुधार के कारण एफएमसीजी, दोपहिया वाहन और कृषि उपकरणों जैसे खपत आधारित क्षेत्रों में छह से आठ प्रतिशत की बिक्री वृद्धि संभव है। डाबर, मैरिको, इमामी, हिंदुस्तान यूनिलीवर जैसी कंपनियों को ग्रामीण बाजारों से अच्छे ऑर्डर मिलने की उम्मीद है।

**राष्ट्रीय**

**एक नजर**

### थाने में पत्रकारों की पिटाई पर सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार से उन दो पत्रकारों की याचिका पर बुधवार को जवाब मांगा, जिन्होंने आरोप लगाया है कि अवैध रेत खनन पर रिपोर्टिंग करने के कारण राज्य के एक थाने में उनके साथ मारपीट की गई। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने दोनों पत्रकारों को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण देने से इन्कार कर दिया। पीठ ने पत्रकार शशिकांत गोयल और अमरकांत सिंह चौहान की याचिका पर मध्य प्रदेश एवं दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा।

### देश में कोविड-19 के मामले बढ़कर 4,302

**नई दिल्ली।** देश में बुधवार सुबह आठ बजे तक कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4,302 हो गई है, जबकि मंगलवार को यह संख्या 4,026 थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक दो और मौतों के साथ इस साल मरने वालों की संख्या सात हो गयी है। पिछले 24 घंटों में करीब 300 नए संक्रमण के मामले सामने आए हैं, जिनमें सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। दिल्ली, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में भी मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है।

### हैदराबाद में ट्रॉली बैग में मिला महिला का शव

**हैदराबाद।** हैदराबाद के बाचुपल्ली में एक अज्ञात महिला का शव ट्रॉली बैग में मिला, जिसे झाड़ियों में फेंक दिया गया था। पुलिस के अनुसार महिला की उम्र 25 से 35 वर्ष के बीच लग रही है और संदेह है कि उसकी हत्या कहीं और की गई और शव ट्रॉली बैग में डालकर फेंक दिया गया। अनुमान है कि शव को करीब 10-15 दिन पहले ट्रॉली बैग में डाला गया था। महिला की मौत का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। इस संबंधम में बाचुपल्ली थाने में एक मामला दर्ज कर लिया गया है।

### विमान को बम से उड़ाने की धमकी फर्जी निकली

**पटना।** गुजरात के अहमदाबाद से पटना आने वाली इंडिगो की एक उड़ान को बुधवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिससे यहां हवाई अड्डे पर सुरक्षाकर्मियों में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने बताया कि बाद में यह धमकी फर्जी निकली। उन्होंने बताया कि उड़ान संख्या 6ई921 के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अपराह्न 12.45 बजे उतरने से कुछ समय पहले मिली। उन्होंने बताया कि इस विमान में 192 यात्री सवार थे। हालांकि, अधिकारियों ने यह बताने से इनकार कर दिया कि धमकी भरा संदेश कैसे आया।

# राहुल का बयान देशद्रोह से कम नहीं

## भाजपा अध्यक्ष का पलटवार- नेहरू-गांधी परिवार के आत्मसमर्पणों से भरा है इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबंध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आत्मसमर्पण वाले बयान की आलोचना करते हुए बुधवार को कहा कि यह न केवल सशस्त्र बलों और देश का घोर अपमान है, बल्कि यह देशद्रोह से कम नहीं है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि यदि किसी पाकिस्तानी ने ऐसा दावा किया होता तो हम उस पर हंसते।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में मचाई गई तबाही के बाद पाकिस्तान की जनता से लेकर उसकी सेना और उसके प्रधानमंत्री ने भी ऐसा कहने की हिम्मत नहीं की लेकिन राहुल गांधी ऐसा बोल रहे हैं! उन्होंने कहा, यह देशद्रोह से कम नहीं है। नड्डा ने 'एक्स' पर



• अमेरिकी राष्ट्रपति के दबाव में प्रधानमंत्री मोदी के आत्मसमर्पण के बयान पर जताई तीखी प्रतिक्रिया

कई पोस्ट में कहा, राहुल गांधी, आत्मसमर्पण आप करते होंगे, आपकी पार्टी ने किया होगा, आपके नेताओं ने आत्मसमर्पण किया होगा क्योंकि आपका इतिहास ही ऐसा रहा है लेकिन भारत कभी आत्मसमर्पण नहीं करता।

उन्होंने कहा, आत्मसमर्पण आपकी पार्टी कांग्रेस के शब्दकोश में है, आपके डीएनए में है। आपने आतंकवाद के सामने आत्मसमर्पण किया, शर्म-अल-शेख में आत्मसमर्पण किया, 1971 की लड़ाई जीतने के बाद शिमला में आत्मसमर्पण किया, सिंधु जल समझौते को लेकर आत्मसमर्पण किया, और यहां तक कि देश की आजादी के समय मुस्लिम लीग के भी सामने आत्मसमर्पण किया।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस नेता ने पड़ोसी देश के समर्थन में बोलने में पाकिस्तानी सेना प्रमुख, उसके प्रधानमंत्री और वहां के आतंकवादी सरगनाओं को भी पीछे छोड़ दिया है। आरोप लगाया राहुल गांधी के कटाक्ष बीमार और खतरनाक मानसिकता को दर्शाते हैं। त्रिवेदी ने भारत की प्रतिष्ठा को कमतर आंकने के लिए पाकिस्तानी सेना प्रमुख और प्रधानमंत्री के उपनामों का उपयोग करते हुए गांधी को 'राहुल मुनीर' और 'राहुल शरीफ' कहा।

### कांग्रेस ने फिर कहा- मोदी जी, 'नरेंदर बनिए सरेंडर' नहीं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर फिर हमला किया। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, सैन्य कार्रवाई के दौरान जब बहादुर भारतीय सेना ने पाकिस्तान की गर्दन दबोच रखी थी, तभी ट्रंप का एक फोन आता है और मोदी ने सरेंडर कर दिया। ट्रंप ने कई बार कहा कि उन्होंने व्यापार की धमकी देकर सैन्य कार्रवाई को रुकवाया है लेकिन मोदी जी ने इसका कभी जवाब नहीं दिया। ये जवाब देंगे भी नहीं, क्योंकि नाम नरेंदर, काम सरेंडर-ये असलियत और हकीकत है। देश के अंदर सारी नीतियां ट्रोल्स चला रहे हैं और विदेश नीति एक ऐसे व्यक्ति चला रहे हैं जो सरेंडर कर चुके हैं।

### झाबुआ में वैन पर ट्रक पलटने से नौ की मौत

**झाबुआ।** मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले में बुधवार तड़के सीमेंट से लदे एक ट्रक के वैन पर पलट जाने से पांच नाबालिगों सहित नौ लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। दुर्घटना आधी रात के बाद करीब ढाई बजे हुई जब कुछ लोग वैन से एक शादी समारोह से लौट रहे थे। मृतकों में पांच नाबालिग हैं। मरने वालों में दो परिवारों के लोग हैं। झाबुआ के एसपी पद्म विलोचन शुक्ला ने बताया कि ट्रक एक अस्थायी सड़क से निर्माणाधीन ओवरब्रिज को पार कर रहा था, तभी अनियंत्रित होकर वैन पर पलट गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना पर दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री की ओर से मृतकों के वारिसों को दो लाख और घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे।

# प्रदूषणकारी ईंधन से चलने वाली बसों की 2026 से दिल्ली में नो एंट्री

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की ओर से जारी किया निर्देश

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने बुधवार को निर्देश दिया कि सीएनजी, बिजली या नवीनतम बीएस-6 डीजल जैसे स्वच्छ ईंधन से न चलने वाली किसी भी बस को एक नवंबर 2026 से दिल्ली में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

यह आदेश दिल्ली में प्रवेश करने वाली सभी बसों पर लागू होगा, जिनमें अखिल भारतीय पर्यटक परमिट और स्कूल बस परमिट के तहत चलने वाली बसों समेत विभिन्न श्रेणी की बस शामिल हैं। हालांकि, दिल्ली में पंजीकृत बसों को छूट दी गई है। दूसरे राज्यों की पुरानी और प्रदूषणकारी बसों से दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ता है। भले ही स्वच्छ ईंधन वाली बस अब अधिक आम हैं, लेकिन राजधानी में आने वाली कई बसों में अब भी अस्वच्छ ईंधन का उपयोग किया जाता है।

आयोग ने पहले हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश और जम्मू कश्मीर समेत विभिन्न राज्यों को 2024 के मध्य या 2025 की शुरुआत तक स्वच्छ ईंधन वाली बसों का इस्तेमाल करने के लिए कहा था।

**रक्षा अलंकरण**



नई दिल्ली में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह में बुधवार को 92 सैन्यकर्मियों को विशिष्ट सेवा सम्मान मिला। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति से परम विशिष्ट सेवा पदक प्राप्त करते लेफ्टिनेंट जनरल अमरदीप सिंह औजला। एजेंसी

## बांग्लादेशी नागरिकों ने किया बीएसएफ जवान का अपहरण

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बांग्लादेशी नागरिकों ने बीएसएफ के एक जवान को अगवा कर लिया और उसे अंतरराष्ट्रीय सीमा पार ले गए। हालांकि, कुछ घंटे बाद जवान को छोड़ दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि घटना जिले के नूरपुर के सुतियार में बीएसएफ कैंप के निकट तड़के हुई। बीएसएफ सूत्रों के अनुसार जवान कथलिया गांव के पास बांग्लादेश की ओर से घुसपैठ की कोशिश रोकने का प्रयास कर रहा था, तभी उसे बांग्लादेश के चपई नवाबगंज जिले के असामाजिक तत्वों ने पकड़ लिया।

# प्रधानमंत्री मोदी ने मंत्रिपरिषद की बैठक में स्वदेशी हथियारों की ताकत पर जोर दिया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि स्वदेशी हथियारों ने अपनी ताकत साबित कर दी है और दिखाया है कि वे किसी से कम नहीं हैं।

उन्होंने युद्ध की बदलती प्रकृति पर प्रकाश डाला और कहा कि 'मेक इन इंडिया' हथियार और प्लेटफॉर्म सरकार की प्राथमिकता होगी। मोदी ने अपने मंत्रिपरिषद से ऊंचे लक्ष्य रखने और उन्हें हासिल करने के लिए तेजी से काम करने को कहा। बैठक में एक प्रस्तुति दी गई, जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ संघर्ष में भारत की ताकत पर जोर दिया गया। एक सूत्र ने बताया कि इस बात पर भी प्रकाश डाला गया कि पाकिस्तान ने स्वयं स्वीकार किया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उसे भारी क्षति हुई। सूत्रों के मुताबिक बैठक में बंगलुरू में भगदड़ में मारे गए लोगों को भी श्रद्धांजलि दी गई।

# सिक्किम में फंसे हैं 113 पर्यटक

**गंगटोक, एजेंसी**

• बचाव के लिए लाचेन गांव तक पहुंचे सेना के जवान

सेना के जवान उत्तरी सिक्किम के लाचेन गांव तक पैदल मार्ग बनाकर वहां फंसे 113 पर्यटकों तक पहुंच बनाने में सफल हो गए हैं। यह क्षेत्र मंगन जिले में भारी बारिश के बीच हुए कई भूस्खलनों की वजह से बाकी राज्य से पूरी तरह से कटा हुआ था।

बुधवार को एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि सेना ने लाचेन गांव तक पैदल संपर्क स्थापित किया है और फंसे हुए 113 पर्यटकों तक पहुंच बनाई है, जिन्हें जल्द ही निकाला जाएगा। भारतीय सेना के जवान उत्तरी सिक्किम में स्थानीय लोगों और फंसे हुए पर्यटकों की सहायता के लिए खतरनाक इलाकों में लगातार काम कर रहे हैं। दो दिन पहले लाचुंग और चुंगथांग से कम से कम 1,678 पर्यटकों को बचाया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार को सिक्किम में आंधी और भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

### अमेरिकी नागरिकों सहित 33 को निकाला

**नई दिल्ली।** वायु सेना ने सिक्किम के सुदूर चाटेन क्षेत्र से दो अमेरिकी नागरिकों सहित 33 लोगों को निकाला है। वायु सेना ने एक्स पर बचाव अभियान की तस्वीरें भी साझा कीं। पोस्ट में कहा गया कि हेलीकॉप्टरों से बचाव अभियान शुरू किया।

### कर्नल और परिजनों की तलाश में तेजी

उत्तरी सिक्किम में लाचेन के चाटेन क्षेत्र में सेना ने लेफ्टिनेंट कर्नल प्रीतपाल सिंह संधू, उनकी पत्नी स्क्वाड्रन लीडर आरती संधू (सेवानिवृत्त) और बेटी अमायरा संधू सहित छह लोगों की तलाश और तेज कर दी है। रविवार शाम को चाटन क्षेत्र में भूस्खलन के कारण सेना के एक शिविर के ध्वस्त हो जाने के बाद से इन लोगों का कुछ पता नहीं चल पाया है।

## सागर से लेफ्टिनेंट कर्नल लापता पुलिस और सेना तलाश में जुटी

**सागर (मप्र)।** मध्यप्रदेश के सागर से सोमवार को लापता हुए सेना में पदस्थ लेफ्टिनेंट कर्नल प्रदीप कुमार निगम का अभी तक कुछ पता नहीं चला है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि निगम ग्वालियर के रहने वाले हैं और वर्तमान में महार रेजिमेंट सेंटर में पदस्थ थे। पुलिस के मुताबिक वह सोमवार सुबह साढ़े छह बजे रोज की तरह टहलने निकले थे। सागर के एएसपी लोकेश सिन्हा ने बताया कि सेना ने पहले खुद उन्हें तलाशा और जब कोई सुराग नहीं मिला तो उसकी ओर से स्थानीय कैंट थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। पुलिस और सेना उनकी तलाश में जुटे हैं। सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। इस सिलसिले में एक मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि निगम के परिवार के सदस्य भी सागर आ गए हैं और उनसे भी इस मामले में पूछताछ की जा रही है।

# अमेरिकी कदमों से भारतीय छात्र प्रभावित, फिर भी सरकार चुप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश का प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री पर कटाक्ष

कांग्रेस ने बुधवार को दावा किया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन के कदमों के कारण बड़ी संख्या में भारतीय छात्र प्रभावित हुए हैं लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर इस मामले में पूरी तरह चुप हैं, हालांकि यह आश्चर्य की बात नहीं हैं।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर लिखा, विदेश मंत्रालय के अनुसार 2024 में 3,37,630 भारतीय छात्र उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका गए। अमेरिकी शैक्षणिक परिसरों में एक तिहाई विदेशी छात्र भारत से हैं। अमेरिका गए छात्र अनिश्चित भविष्य का सामना कर रहे हैं तथा 2025 में वहां जाने की योजना बना रहे बड़ी संख्या में छात्रों की आकांक्षाएं शायद पूरी न हो पाएं। उन्होंने कहा, ट्रंप ने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं। चीनी छात्रों को लेकर चीन ने कड़ी प्रतिक्रिया जताई है लेकिन हमारे प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री चुप हैं। रमेश ने कहा, वे ऑपरेशन सिंदूर को केवल चार दिनों के बाद बंद करने के राष्ट्रपति ट्रंप के दावों पर पूरी तरह चुप हैं और उन्होंने इस पर चिंता का एक शब्द भी नहीं कहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप के कार्यों से भारतीय छात्रों और उनके परिवारों पर कितना बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

# बेंगलुरु में आरसीबी के लिए बिछे पलक-पांवड़े

## बड़ी संख्या में प्रशंसकों ने टीम का किया गर्मजोशी से अभिवादन, विराट कोहली की झलक पाने को रहे बेताब

**बेंगलुरु, एजेंसी**



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम बुधवार दोपहर जब यहां पहुंची तो हवाई अड्डे के बाहर सड़क पर दोनों तरफ बड़ी संख्या में खड़े प्रशंसकों ने उनका अभिवादन किया। प्रशंसक करिश्माई विराट कोहली के साथ टीम के खिलाड़ियों की झलक पाने के लिए सड़कों पर कतार में खड़े थे। यही हाल चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भी दिखा जहां प्रशंसकों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

रजत पाटीदार के नेतृत्व वाली टीम का राज्य के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने हवाई अड्डे पर स्वागत किया। शिवकुमार ने कहा, विराट कोहली ने पिछले 18 सालों से अपना अनुभव, अपना प्यार और अपना दिल (आरसीबी को) देकर हमारे राज्य को गौरवान्वित किया है। मैं अपने राज्य के सभी युवाओं की तरफ से उनके प्रति प्यार और सम्मान लेकर यहां खड़ा हूं। उन्होंने कहा, कर्नाटक सरकार की ओर से हम इस अभियान में शामिल सभी को बधाई देते हैं। मैं उनकी निरंतर सफलता की कामना करता हूं। 18 साल का संघर्ष कोई छोटी बात नहीं है। विधान सौध (विधानसभा) में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के कार्यालय के रास्ते में सड़क के दोनों ओर खड़े प्रशंसकों ने चैंपियन टीम का उत्साह बढ़ाया। आरसीबी ने मंगलवार को अहमदाबाद में आईपीएल फाइनल में पंजाब किंग्स को छह रन से हराकर 18 साल में अपना पहला खिताब जीता था। यह टीम के करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली के लिए बड़ी उपलब्धि है। कोहली लीग की शुरुआत से केवल इसी फ्रेंचाइजी के लिए खेल रहे हैं।

मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद आरसीबी के खिलाड़ी एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में प्रशंसकों से मुखातिब होंगे। मुख्यमंत्री द्वारा विशेष अनुमति दिए जाने के बाद विधान सौध से स्टेडियम तक बहुप्रतीक्षित खुली बस परेड भी शाम पांच बजे शुरू होगी। इससे पहले बेंगलुरु ट्रैफिक पुलिस के एक्स पर जारी बयान के अनुसार विधान सौधा से स्टेडियम तक बहुप्रतीक्षित खुली छत वाली बस परेड यातायात संबंधी परेशानियों के कारण नहीं हो सकती है। आरसीबी ने 'एक्स' पर लिखा, हम सभी प्रशंसकों से पुलिस और अन्य अधिकारियों द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन करने का अनुरोध करते हैं, ताकि सभी लोग शांतिपूर्वक इसका मजा ले सकें। चिसोशल मीडिया पर साझा तस्वीरों और वीडियो में कोहली को ट्रॉफी पकड़े हुए और टीम के बस मार्ग पर खड़े हजारों प्रशंसकों को सुखद आश्चर्य से देखते हुए देखा जा सकता है।

### सरकार ने किया विधान सौध में चैंपियन आरसीबी का स्वागत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने बुधवार को 18 साल में पहला आईपीएल खिताब जीतने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू टीम को सम्मानित किया। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत, मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने रजत पाटीदार की कप्तानी वाली टीम का विधान सौध के सामने बनी भव्य सीढ़ियों पर स्वागत किया। एक छोटे से कार्यक्रम में खिलाड़ियों को मैसुरू फेटा (पारंपरिक पगड़ी), शॉल और पुष्पमाला पहनाई गई। इस कार्यक्रम को देखने के लिये बड़ी तादाद में प्रशंसक जमा थे।



### तुमने मुझे 18 साल इंतजार कराया : कोहली

अहमदाबाद। 18 साल के इंतजार के बाद आईपीएल ट्रॉफी जीतने के साथ विराट कोहली ने अपना हाल-ए-दिल इंस्टाग्राम पर लिखा, इस टीम ने सपना सच कर दिया। इस सत्र को मैं कभी नहीं भुला सकूंगा। यह आरसीबी के सभी प्रशंसकों के लिए है, जिन्होंने खराब से खराब समय में भी टीम का साथ नहीं छोड़ा। यह बरसों की निराशाओं और दिल टूटने के सिलसिले के लिए है। यह टीम के लिए खेलते समय एक ही पल के योगदान के लिए है। कोहली ने कहा, जहां तक आईपीएल ट्रॉफी का सवाल है तो तुमने मुझे तुम्हे थामने और जश्न मनाने के लिए 18 साल तक इंतजार कराया, लेकिन यह पल इंतजार के लायक था। वहीं उन्होंने इंस्टाग्राम स्टेटस पर दक्षिण अफ्रीका और आरसीबी के पूर्व धुरंधर एबी डिविलियर्स के साथ तस्वीर साझा की है, जिसमें उन्होंने आईपीएल ट्रॉफी को थामा हुआ है। कैप्शन में लिखा, समान रूप से तुम्हारी भी बिस्कोटी (दोनों एक दूसरे को प्यार से यही बुलाते हैं) वहीं दूसरे स्टेटस में फिल साल्ट के साथ ट्रॉफी को थामे हुए तस्वीर डाली है। इसमें कैप्शन में लिखा है, शानदार प्रदर्शन पार्टनर।

### चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप ने वंशिका से की सगाई

**कानपुर, अमृत विचार।** भारतीय टीम के गेंदबाज कुलदीप यादव ने बुधवार को अपनी बचपन की दोस्त वंशिका से सगाई कर ली। यह समारोह लखनऊ में हुआ। वंशिका कानपुर के श्याम नगर की रहने वाली हैं। कुलदीप और वंशिका बचपन से ही एक दूसरे को जानते हैं। जानकारी के अनुसार वंशिका ऑस्ट्रेलिया में जॉब करती हैं और उनके पिता एलआईसी में अधिकारी हैं। लखनऊ में हुये समारोह में कुलदीप के परिवार समेत क्रिकेटर रिंकू व यूपी के कई क्रिकेटर भी शामिल हुए। अपने संघर्ष और मेहनत के बल में टीम इंडिया में जगह बनाने वाले कुलदीप पूरे विश्व में चाइनामैन बॉलर के रूप में जाने जाते हैं। वह सर्वश्रेष्ठ स्पिनरों में गिने जाते हैं। उन्होंने भारतीय टीम और आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की टीम से खेलते हुए कई मुकाम हासिल किए। कुलदीप यादव का जन्म उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में 14 दिसंबर 1994 को हुआ था। इसके बाद पढ़ाई और प्रशिक्षण के लिए पिता परिवार सहित कानपुर शिफ्ट हो गए थे।



# अनुभवहीनता से हमें नुकसान हुआ, युवा टीम भविष्य में बहुत कुछ जीतेगी : पोंटिंग

**अहमदाबाद, एजेंसी**



पंजाब किंग्स के मुख्य को रिकी पोंटिंग ने माना कि आरसीबी के खिलाफ आईपीएल के फाइनल में लक्ष्य का पीछा करते हुए उनकी टीम को मध्यक्रम में अनुभव की कमी का खामियाजा भुगतना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज ने उम्मीद जताई कि टीम के युवा खिलाड़ी भविष्य में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।आईपीएल के इस सत्र में पंजाब किंग्स का प्रदर्शन फाइनल में आरसीबी से 6 रन की हार के साथ समाप्त हुआ।

पोंटिंग ने मैच के बाद कहा कि आप महसूस कर सकते हैं कि शायद थोड़ी सी अनुभवहीनता से हमें हार का सामना करना पड़ा। आज मध्यक्रम में थोड़ा सा अनुभव शायद हमारी मदद कर सकता था। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि वे आगे चलकर हमारे लिए कई मैच जीतने जा रहे हैं। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल रही लेकिन मैच के आगे बढ़ने के साथ यह धीमी होती चली गयी। पोंटिंग ने हालांकि हार के लिए कोई 'बहाना' बनाने से इन्कार कर दिया।

दूसरी पारी में पिच के बदले मिजाज पर उन्होंने कहा कि नहीं, मुझे ऐसा नहीं लगता। हम कोई बहाना नहीं बनाना चाहते हैं। शशांक ने मैच के बाद कहा कि यह पूरे सत्र की सबसे अच्छी विकेट थी। हमने मैच के अहम चरण में लय गवां दी। हम पावरप्ले के आखिरी ओवरों में थोड़ा पिछड़ने लगे थे। हमने इसके बाद जरूरी मौकों पर अपने अहम विकेट गंवा दिये। पोंटिंग ने कहा कि उनकी टीम आरसीबी को 190 रन पर रोककर संतुष्ट थी। उन्होंने कहा कि आरसीबी को भी लगा होगा कि उन्होंने थोड़े कम रन बनाये है। हम हालांकि लक्ष्य का पीछा करते समय अच्छा नहीं खेल सके। पोंटिंग ने कहा कि मैंने सत्र शुरू होने से पहले मुल्लांपुर में श्रेयस (अय्यर) के साथ कहा था... यह एक बेखौफ, आक्रमण और अलग टीम बनाने के बारे में था।

# नए कैप्टन कूल के तौर पर उभरे अय्यर



**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **धोनी व रोहित के बाद श्रेयस टीम को आईपीएल के तीन फाइनल में पहुंचाने वाले तीसरे कप्तान**

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के 10 साल के खिताबी सूखे को खत्म करने वाले श्रेयस अय्यर पंजाब किंग्स को पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग चैंपियन बनाने से बेहद मामूली अंतर से चूक गए, लेकिन उन्होंने खुद को एक ऐसे कप्तान के रूप में स्थापित कर लिया है जिसकी भारत को शायद भविष्य में जरूरत हो सकती है।

महेंद्र सिंह धोनी व रोहित शर्मा के बाद अय्यर आईपीएल के तीन फाइनल में पहुंचाने वाले तीसरे कप्तान हैं। उनकी यह उपलब्धि बेहद खास है क्योंकि उन्होंने पांच सालों में तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजी टीमों के साथ ऐसा किया है। यह एक ऐसे खिलाड़ी के लिए बड़ी बात है, जिसे इस महीने इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली है। केकेआर ने पिछले साल उन्हें जाने दिया क्योंकि फ्रेंचाइजी को बड़ी रिटेंशन फीस की उनकी मांग उचित नहीं लगी। केकेआर का यह नुकसान पंजाब किंग्स के लिए एक बड़ा फायदा साबित हुआ। पंजाब की टीम को इस खिलाड़ी के रूप में समझदार और जज्बे वाला कप्तान मिला।

शुभमन गिल की कप्तानी की परीक्षा अभी नहीं हुई है। उन्हें इंग्लैंड में कप्तान के रूप में कड़ी परीक्षा का सामना करना पड़ेगा, लेकिन 3 जून 2025 के बाद श्रेयस संतोष अय्यर को भारतीय क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक माना जाना चाहिए। अय्यर की कप्तान में अपनी समझदारी के साथ महेंद्र सिंह धोनी जैसा संयम और विराट कोहली जैसा आक्रामक रवैया के साथ मुंबई के उनके सीनियर रोहित शर्मा की तरह बिंदास मुंबईकर के मिश्रण का पुट दिखा।

आईपीएल के फाइनल में हार के बावजूद अय्यर के आत्मविश्वास में कोई कमी नहीं दिखी। उन्होंने निराशा को पीछे छोड़ते हुए कहा, अभी काम आधा बाकी है, हमें अगले साल जीतना है। इंग्लैंड के लिए टीम में उनका न होना पंजाब किंग्स के कोच रिकी पोंटिंग के लिए भी काफी हैरानी भरा रहा। पोंटिंग ने आईपीएल प्लेऑफ से पहले आईसीसी रिव्यू में कहा था कि मैं वास्तव में बहुत दुखी था लेकिन उसने इसे बहुत अच्छे से स्वीकार कर लिया है और वह आगे बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि उनकी आंखों में हर बार अच्छा प्रदर्शन करने की ललक रहती है। वह हर मैच को जीतना चाहता है और एक सर्वश्रेष्ठ कप्तान के रूप में विकसित होना चाहता है। दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान का यह बयान काफी मायने रखता है। पोंटिंग ने यह बात सिर्फ फ्रैंचाइजी कप्तान का समर्थन करने के लिए नहीं कही। 2017 में जब गौतम गंभीर ने बीच सत्र में कप्तानी छोड़ने का फैसला किया, तो पोंटिंग की सलाह पर अय्यर दिल्ली आईपीएल फ्रैंचाइजी के कप्तान बने।

## खेल डायरी



इंग्लैंड के लीसेस्टर में अप्टनस्टील काउंटी ग्राउंड पर इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच खेले जा रहे दूसरे एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान वेस्टइंडीज की करिश्मा रामहरैक द्वारा आउट किए जाने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करतीं इंग्लैंड की एमी जोन्स।

### इंग्लैंड के तेज गेंदबाज एटकिंसन का भारत में टेस्ट खेलना संदिग्ध

**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गुस एटकिंसन का हैमस्ट्रिंग चोट से भारत के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में खेलना संदिग्ध है। भारत और इंग्लैंड जून से पांच टेस्ट मैचों की शृंखला खेलेंगे। गेंदबाज गुस एटकिंसन का भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में खेलना संदिग्ध है क्योंकि उनकी दाहिनी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव है। 27 वर्ष के एटकिंसन को जिम्बाब्वे में पिछले महीने टेस्ट के दौरान चोट लगी थी, जिससे वह वेस्टइंडीज के खिलाफ 3-0 से जीती शृंखला में नहीं खेल सके।

### क्वार्टर फाइनल में पहुंची भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम

**अंताल्या (तुर्किये)।** मधुरा धमनगांवकर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए कंपाउंड महिला क्वालीफिकेशन दौर में चौथा स्थान हासिल किया, जिससे भारतीय टीम को तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में तीसरी वरीयता और क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश मिला। तीन साल बाद पिछले महीने अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर शानदार वापसी करने वाली मधुरा ने एक व्यक्तिगत स्वर्ण, महिला टीम रजत और मिश्रित टीम कांस्य समेत तीन पदक जीते। वह अंताल्या में दक्षिण कोरिया की हान सियुंगियोन से तीन अंक ही पीछे रही। शीर्ष चार में रहने से उन्हें व्यक्तिगत कंपाउंड वर्ग में दूसरे दौर में बाय मिला।

# करुणाकरण-वरियाथ की जोड़ी ने भारत की उम्मीदें रखीं कायम

**जकार्ता, एजेंसी**

सतीश करुणाकरण और आद्या वरियाथ ने इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के मिश्रित युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया, लेकिन भारत की अन्य जोड़ियां बुधवार को शुरुआती दौर के बाद बाहर हो गईं। करुणाकरण और वरियाथ ने 45 मिनट चले मुकाबले में चीनी ताइपे की ये होंग वेई और निकोल गोंजालेस चैन को हराया।

INDONESIA OPEN

इस स्पर्धा में हालांकि अन्य भारतीय जोड़ियों ने निराश किया क्योंकि वे अगले दौर में आगे बढ़ने में असफल रहीं। रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गाड्डे को युची शिमोगामी और सयाका होबारा की जापान की जोड़ी से शिकस्त मिली। आशिथ सूर्या और अमृता प्रमथेश को डेनमार्क के मैड्स वेस्टरगार्ड और क्रिस्टीन बुश के हाथों हार का सामना करना पड़ा। ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की जोड़ी भी शुरुआती दौर की बाधा को पार करने में विफल रही। इस जोड़ी को मलेशिया के दूसरे वरीय टैंग जी चेन और ई वेतोह के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।



सतीश करुणाकरण और आद्या वरियाथ

### थाईलैंड से अभियान शुरू करेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

एशिया कप

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम एशिया कप में अपने अभियान का आगाज पांच सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगी जिसके बाद गत चैम्पियन जापान और सिंगापुर से खेलना है। हॉकी इंडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। पिछली बार कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम को पूल बी में जापान, थाईलैंड और सिंगापुर के साथ रखा गया है। पूल ए में मेजबान चीन, कोरिया, मलेशिया और चीनी ताइपै हैं।

टूर्नामेंट चीन के हांगझोउ में 5-14 सितंबर तक खेला जाएगा। इसके विजेता को 2026 विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा। भारत को 6 सितंबर को जापान से खेलना है जबकि 8 सितंबर को सिंगापुर से मुकाबला होगा। भारतीय कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि पूल बी में गत चैंपियन जापान के साथ होने से हमें अच्छी चुनौती मिलेगी और खुद को आंकने का मौका भी। हम चतुर और अनुशासित हॉकी खेलने का प्रयास करेंगे। हमारा लक्ष्य विश्व कप में सीधे जगह बनाना है। हर पूल से शीर्ष दो टीमें सुपर चार में पहुंचेंगी जहां सभी को एक दूसरे से एक बार खेलना है।

# वेस्टइंडीज का इंग्लैंड ने वनडे शृंखला में किया सूपड़ा साफ



**लंदन, एजेंसी**

- **सात विकेट से मैच जीतकर शृंखला को 3-0 से किया अपने नाम, दोनों टीमें अब खेलेंगी तीन मैचों की टी-20 शृंखला**

आदील राशिद के नेतृत्व में गेंदबाजों के प्रदर्शन के बाद जैमी स्मिथ की वनडे करियर की पहली अर्धशतकीय पारी से इंग्लैंड ने तीन मैचों की शृंखला के बारिश से प्रभावित आखिरी वनडे में वेस्टइंडीज को 7 विकेट से शिकस्त दी। इंग्लैंड ने इसके साथ ही इस शृंखला को 3-0 से अपने नाम किया। दोनों टीमें शुक्रवार से 3 मैचों की टी-20 शृंखला में भिड़ेंगी।

स्मिथ ने 28 गेंद की ताबड़तोड़ पारी में 10 चौके और 3 छक्के की मदद से 64 रन बनाने के साथ पहले विकेट के लिए बेन डकेट (58) के साथ 93 रन की साझेदारी की, जिससे इंग्लैंड ने डकवर्थ लुईस पद्धति से 40 ओवर में जीत के लिए मिले 246 रन के लक्ष्य को 62 गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। मैच में दो बार देरी हुई। वेस्टइंडीज की टीम बस ट्रैफिक लाइट की खराबी से देर तक फंसी रही। टीम टॉस के लिए तय समय पर मैदान तक नहीं पहुंच सकी। इसके बाद बारिश से 90 मिनट का खेल प्रभावित हुआ। यातायात की इस समस्या से निपटने के लिए इंग्लैंड के खिलाड़ी टीम बस को छोड़ किराए की साइकिल से स्टेडियम पहुंचे। नेट सत्र में वार्मअप के बिना मैदान पर उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने गेंदबाजों के अनुकूल परिस्थितियों में 28 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। इसके बाद मैच में बारिश ने खलल डाला। मैच दोबारा शुरू हुआ तो वेस्टइंडीज ने 154 रन तक 7 विकेट गंवा दिए। टीम नौ विकेट पर 251 रन बनाने में सफल रही। शेरफेन रदरफोर्ड ने 70 रन बनाकर टीम को 250 रन के पार पहुंचने में योगदान दिया। गुडाकेश मोती और अल्जारी जोसेफ ने आठवें विकेट के लिए 11.2 ओवरों में 91 रनों की साझेदारी करके अपनी टीम को संघर्ष करने का मौका दिया। इंग्लैंड के खिलाफ वेस्टइंडीज की ओर से आठवें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। जोसेफ 41 और मोती 63 रन बनाकर आउट हुए। स्पिनर आदिल राशिद ने तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते इंग्लैंड ने पावर प्ले में एक विकेट पर 121 रन बना लिए थे। जो रूट (44) व जोस बटलर (नाबाद 41) ने इसके बाद टीम को आसान जीत दिला दी।

# नॉर्वे शतरंज के आठवें दौर में हिकारू ने गुकेश को हराया

**स्टवान्गर।** नॉर्वे शतरंज 2025 के आठवें दौर में अमेरिका के ग्रैंड मास्टर हिकारू नाकामुरा ने मौजूदा विश्व चैंपियन डोमराजू गुकेश को हराया। नाकामुरा ने शुरुआत में ही जोरदार हमला करके बढ़त हासिल की और शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए गुकेश के खिलाफ जीत हासिल करने में सफल रहे। इस जीत के साथ नाकामुरा ने पूरे तीन अंक प्राप्त किए।



इस बीच, अर्जुन एरिगैसी और फैबियानो कारुआना ने एक लंबा और कड़ा मुकाबला खेला। ऐसा लग रहा था कि कारुआना का पलड़ा भारी रहेगा। कारुआना ने एक निर्णायक गलती की जिसका फायदा अर्जुन एरिगैसी ने उठाकर पूरे तीन अंक जीत कर फिर से खिताबी दौड़ में वापसी कर ली है। टूर्नामेंट के अभी दो दौर शेष हैं। गुकेश 11.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। नाकामुरा 12.5 अंक के साथ अभी भी शीर्ष पर हैं। जबकि कार्लसन आर्मागेडन में वेई यी से हारकर 12 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

# अल्काराज, स्वियातेक और सबालेंका सेमीफाइनल में

**पेरिस, एजेंसी**



विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी और मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने बुधवार को अमेरिका के टॉमी पॉल को हराकर फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं महिला वर्ग में पोलैंड की इगा स्वियातेक और विश्व की नंबर वन खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने भी अगले दौर में जगह बना ली हैं।

स्पेन के अल्काराज ने टॉमी पॉल पर 6-0, 6-1, 6-4 से शानदार जीत दर्ज रोलांड-गैरोस में लगातार तीसरे सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में अल्कराज का सामना इटली के लोरेंजो मुसेटी से होगा। मुसेटी ने फ्रेंच ओपन में अमेरिका को टियाफो को 6-2,4-6, 7-5, 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। मुसेटी ने पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। वहीं महिला वर्ग में पोलैंड की स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन की एलीना स्वितोलिना को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में स्वियातेक का मुकाबला बेलारुस की आर्यना सबालेंका से होगा। सबालेंका ने चीन की किनवेन झेंग को 7-6, 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की है।

# आतंकवाद के खिलाफ हों एकजुट

- बेल्जियम में प्रवासी भारतीयों से बोला सांसदों का समूह

ब्रसेल्स, एजेंसी

सीमा पार आतंकवाद से निपटने के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ संवाद किया और इस बात पर जोर दिया कि नयी दिल्ली अपने संकल्प और कार्रवाई में दृढ़ है।

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को दोहराने के लिए मंगलवार को बेल्जियम पहुंचा। बेल्जियम और लक्जमबर्ग में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारतः संकल्प और कार्रवाई में एकजुट। इसमें कहा गया कि सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने आज बेल्जियम में भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ बैठक की, जिसमें सीमा पार आतंकवाद से निपटने के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया। इसमें कहा गया कि प्रवासी समुदाय ने 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के पीड़ितों के साथ गहरी एकजुटता व्यक्त की तथा आतंकवाद से निपटने के भारत के प्रयासों के प्रति अपने मजबूत समर्थन की पुष्टि की। दूतावास ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने दूतावास परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और भारत की शांति, अहिंसा और सहिष्णुता के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया।

### मिस्रः सामूहिक संकल्प को दोहराया


**काहिरा।** मिस्र के पूर्व विदेश मंत्री के नेतृत्व में यहां आयोजित एक उच्च स्तरीय वार्ता में भारत के एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद से निपटने के लिए देश के सैद्धांतिक रुख और सामूहिक संकल्प को दोहराया। राकांपा (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मिस्र के प्रमुख बुद्धिजीवियों, मीडिया क्षेत्र की प्रमुख हस्तियों और विशेषज्ञों के साथ कारगर बातचीत की। ।

### अमेरिका ने आतंकवाद के खिलाफ भारत का किया समर्थन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी कांग्रेस के समूह ने बुधवार को पहलगाम हमले की निंदा की और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति से इसका जवाब देने के भारत के अधिकार का समर्थन किया। शशि थरूर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के दौरान भारत और अमेरिका के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी की भी सराहना की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें भारत के सामने सीमापार आतंकवाद और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में देश के मजबूत और दृढ़ रुख के बारे में जानकारी दी।

# इस बार 16 साल बाद जनगणना

जनगणना एक व्यवस्थित प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से किसी देश की जनसंख्या, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, आयु, लिंग, साक्षरता, धर्म, व्यवसाय आदि से जुड़ी व्यापक जानकारी एकत्र की जाती है। भारत में यह कार्य हर 10 साल में एक बार किया जाता है। ये आंकड़े नीति निर्माण, योजनाओं के क्रियान्वयन और संसाधनों के समुचित वितरण में अहम भूमिका निभाते हैं। भारत में पहली बार जनगणना 1872 में कराई गई थी, जबकि पहली नियमित जनगणना 1881 में हुई। यह न केवल जनसंख्या की गणना का माध्यम है, बल्कि देश की सामाजिक, आर्थिक व सांस्कृतिक संरचना का दर्पण भी है। जनगणना से जुड़े आंकड़े सरकार को शिक्षा, स्वास्थ्य, शहरी नियोजन, गरीबी उन्मूलन जैसी नीतियों को सटीक बनाने में मदद करते हैं। यह लोकतंत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपकरण है।



### प्रमुख बिंदु

- 2011 की जनगणना में भारत की जनसंख्या लगभग 121 करोड़ थी।
- अलगी जनगणना में पहली बार डिजिटल माध्यम का प्रयोग प्रस्तावित है।
- इसमें जातिगत आंकड़ों को शामिल करने का भी फैसला हुआ है।

### इतिहास

- देश में जनगणना की शुरुआत ब्रिटिश शासन के दौरान हुई। पहली जनगणना 1872 में हुई थी, लेकिन यह पूरे देश में नहीं हो सकी। 1881 में पहली बार पूरे उेश में एकसाथ जनगणना हुई, जिसे हर 10 वर्षों में दोहराया जाता रहा है। 2011 में 15वीं जनगणना हुई थी और 2021 में प्रस्तावित जनगणना कोविड से नहीं हो सकी।

### कानूनी प्रावधान

- भारत में जनगणना कार्य 'जनगणना अधिनियम, 1948' के तहत किया जाता है। इस अधिनियम के अंतर्गत भारत सरकार जनगणना आयुक्त की नियुक्ति करती है, जो पूरे देश में जनगणना कार्य का संचालन करता है। नागरिकों की ओर से सही जानकारी देना इस अधिनियम के अंतर्गत कानूनी रूप से अनिवार्य होता है।

### क्यों कराई जाती है?

- देश में लोगों की सही संख्या सामाजिक-आर्थिक स्थिति का संसाधनों का समान वितरण, योजनाओं का सटीक लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाना

### आमजन और सरकार को लाभ

- **नीति निर्माण में सहायक :** जनगणना के आंकड़ों से सरकार को योजनाएं बनाने और कार्यान्वित करने में मदद मिलती है।
- **वित्तीय आवंटन :** राज्यों को मिलने वाले अनुदान और संसाधनों का वितरण जनसंख्या पर आधारित होता है।
- **राजनीतिक प्रतिनिधित्व :** लोकसभा और विधानसभा की सीटों का निर्धारण जनसंख्या के आधार पर किया जाता है।
- **शहरी नियोजन :** आवास, परिवहन और आधारभूत संरचना के विकास में सहायक।

## एक नजर

### पाकिस्तान में मुठभेड़ में 14 आतंकवादी मारे गए

**पेशावर।** सुरक्षा बलों ने उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में अफगानिस्तान की सीमा से लगे एक कबायली जिले में खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान चलाकर 14 आतंकवादियों को मार गिराया। सेना की मीडिया शाखा ने बुधवार को यह जानकारी दी। सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर दो-तीन जून, 2025 को उत्तरी वजीरिस्तान जिले में दत्ता खेल के सामान्य क्षेत्र में खुफिया सूचना के आधार पर एक अभियान चलाया था।

### भारत से फिर संघर्ष शुरू होने की आशंका कम : डार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने बुधवार को कहा कि नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच फिर से सैन्य संघर्ष शुरू होने की आशंका बहुत कम है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान ऐसी किसी भी स्थिति (सैन्य संघर्ष) में मुंहतोड़ जवाब देगा। डार ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की।

### सिंगापुरः भारतीय मूल के व्यक्ति को धोखाधड़ी में जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को धोखाधड़ी के 62 आरोपों में से 21 में दोषी पाए जाने पर बुधवार को ढाई साल की जेल की सजा सुनाई गई। एशियन रिपोर्ट चैनल की खबर के अनुसार, अरिवलागन मुथुसामी (40) ने छह माह के भीतर कम से कम 61 पीड़ितों से लगभग 3,10,000 सिंगापुर डॉलर की ठगी की।

### पाकिस्तान में दिन में भूकंप के 20 से अधिक झटके

**कराची।** पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर कराची में पिछले दो दिन में हल्की तीव्रता के कम से कम 21 भूकंप आए हैं, लेकिन इस सप्ताह के अंत में संभावित बड़े भूकंप को लेकर बुधवार को विशेषज्ञों में मतभेद था। कराची और उसके आसपास क्षेत्रों में रविवार रात से आए भूकंपों की तीव्रता कम से मध्यम श्रेणी में थी और इनकी तीव्रता 2.1 से 3.6 के बीच थी। रविवार रात को 3.6 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया।

# ट्रंप का कर विधेयक घृणित : मस्क

## कुछ दिन पूर्व दक्षता विभाग से इस्तीफा देने के बाद कहा- इसे और बर्दाश्त नहीं कर सकता

वाशिंगटन, एजेंसी



अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कर और खर्च में कटौती के विधेयक को घृणित करार किया है। रिपब्लिकन पार्टी के विधायी एजेंडे के केंद्रबिंदु माने जाने वाले इस विधेयक को निशाना बनाने वाला मस्क का यह बयान रिपब्लिकन पार्टी में उनकी प्रभाव की परीक्षा होगा। मस्क ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब कुछ ही दिन पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने ओवल ऑफिस (अमेरिका के राष्ट्रपति का कार्यालय) में उनके सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया था।

मस्क ने कुछ दिन पहले सरकारी दक्षता विभाग का नेतृत्व किया था और हाल में उन्होंने इस पद से इस्तीफा दे दिया था। मस्क ने एक्स पर लिखा, मुझे खेद है लेकिन मैं अब इसे और बर्दाश्त नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, खर्च संबंधी संसद का यह बड़ा, अपमानजनक, घटिया विधेयक घृणित है। इसके लिए वोट देने वालों पर शर्म आती हैः आप जानते हैं कि आपने गलत किया। आप यह जानते हैं। यह विधेयक प्रतिनिधि सभा में पारित हो चुका है और सीनेट में इस पर चर्चा होनी है। यह विधेयक मस्क की इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी टेस्ला को मिलने वाली सब्सिडी में कटौती करेगा। मस्क ने रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं को धमकी भरे अंदाज में एक पोस्ट में लिखा, अगले वर्ष नवंबर में हम उन सभी नेताओं को बर्खास्त कर देंगे जिन्होंने अमेरिकी जनता के साथ विश्वासघात किया है। यह दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति मस्क के रुख में बड़े बदलाव को दर्शाता है जिन्होंने ट्रंप के चुनाव प्रचार अभियान के समर्थन में कम से कम 25 करोड़ डॉलर खर्च किए थे। इससे पहले वह ट्रंप के प्रति पर्याप्त रूप से वफादार नहीं माने जा रहे थे, लेकिन अब वह ऐसा सुझाव देते प्रतीत होते हैं कि यदि सांसद राष्ट्रपति की विधायी प्राथमिकता का समर्थन करते हैं तो उन्हें हटाने का प्रयास किया जाए। ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान 2017 में स्वीकृत कर कटौती को आगे बढ़ाने और नयी कर कटौती को इसमें जोड़ने का प्रयास किया गया है।

### अस्पतालों को आपात स्थिति में गर्भपात करने की अनुमति देने संबंधी दिशा-निर्देश वापस लेगा ट्रंप प्रशासन

**वाशिंगटन।** ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन ने कहा कि वह देश के अस्पतालों को आपात स्थिति में महिलाओं का गर्भपात करने की अनुमति देने संबंधी दिशानिर्देश को वापस लेगा। यह दिशानिर्देश 2022 में अस्पतालों को जारी किया गया था, जब अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने अमेरिका में राष्ट्रीय गर्भपात अधिकारों को खत्म कर दिया था। यह दिशानिर्देश अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने उन गंभीर मामलों में गर्भपात की अनुमति देने के लिए जारी किया था।

### तेल व गैस के नए खनन पर ट्रंप प्रशासन की आलोचना

**अमेरिका।** पर्यावरणविदों ने अलास्का में तेल और गैस के नए खनन को लेकर ट्रंप प्रशासन की आलोचना की है और कहा है कि इससे जलवायु संकट में वृद्धि हो सकती है। दर्जनों प्रदर्शनकारी एंकरेज में गवर्नर माइक डनलेवी द्वारा आयोजित वार्षिक अलास्का सतत ऊर्जा सम्मेलन के आयोजन स्थल के बाहर एकत्र हुए, जहां अमेरिका के आंतरिक मामलों के मंत्री डग बर्गम, ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट और पर्यावरण संरक्षण एजेंसी के प्रशासक ली जेल्डिन मुख्य वक्ता थे। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर ले रखे थे जिन पर अलास्का बिकाऊ नहीं है और हमारी सार्वजनिक जमीनों की रक्षा करें जैसे नारे लिखे थे।


## वियतनाम में बढ़े बुजुर्ग तो दो बच्चों की नीति खत्म की

**हनोई।** वियतनाम ने घटती हुई जन्म दर को रोकने और देश में बुजुर्गों की बढ़ती संख्या के दबाव को कम करने के प्रयास के तहत लंबे समय से लागू दो बच्चों की अपनी नीति को समाप्त कर दिया है। वियतनाम ने बुधवार को बताया कि नेशनल असेंबली ने उन नियमों को खत्म करने के लिए संशोधन पारित किया है, जो परिवारों को एक या दो बच्चे पैदा करने की ही अनुमति देते थे। मौजूदा समय में वियतनामी परिवारों में पहले की तुलना में कम बच्चे पैदा हो रहे हैं।

वियतनाम में वर्ष 2021 में जन्म दर प्रति महिला 2.11 बच्चे थी, जो कि लंबे समय में जनसंख्या में कमी से बचने के लिए आवश्यक प्रतिस्थापन दर से थोड़ा अधिक है। तब से, जन्म दर में लगातार गिरावट आई हैः 2022 में जन्म दर 2.01, 2023 में 1.96 और 2024 में यह घटकर 1.91 रह गयी। वियतनाम कम प्रजनन दर वाला एकमात्र एशियाई देश नहीं है। लेकिन जापान, दक्षिण कोरिया या सिंगापुर के विपरीत यह अभी तक एक विकासशील अर्थव्यवस्था है। वियतनाम की राजधानी हनोई में मार्केटिंग मैनेजर 37 वर्षीय गुयेन थू लिन्ह ने कहा कि उन्होंने और उनके पति ने केवल एक ही बच्चा पैदा करने का निर्णय लिया, क्योंकि वे यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि वे बेटे को सर्वोत्तम शिक्षा और पालन-पोषण दे सकें।

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हम भारत के साथ : ऑस्ट्रेलिया

- ऑस्ट्रेलिया ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए अपने रणनीतिक सहयोग के विस्तार पर सहमति व्यक्त की



प्रधानमंत्री मोदी संग ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री मार्लेस।

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत-ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए अपने रणनीतिक सहयोग का विस्तार करने पर सहमति व्यक्त की तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पहलगाम हमले पर नई दिल्ली की कार्रवाई के प्रति ऑस्ट्रेलियाई समर्थन की सराहना की। भारत की यात्रा पर आए ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्लेस के साथ वार्ता में सिंह ने जोर दिया कि भारत को पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ आत्मरक्षा में जवाब देने का अधिकार है तथा इस कायराना हमले के बाद भारत की कार्रवाई नपी-तुली, गैर-बढ़ावा देने वाली तथा जिम्मेदाराना थी। मार्लेस की नयी दिल्ली यात्रा भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है। इस साझेदारी से दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने में मदद मिली है। मार्लेस ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री भी हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी से मिले ऑस्ट्रेलियाई मंत्री मार्लेस

प्रधानमंत्री मोदी के साथ अलग भेंटवार्ता में ऑस्ट्रेलियाई नेता ने सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के प्रति आस्ट्रेलिया के समर्थन को दोहराया। मोदी ने ऑस्ट्रेलिया में हाल के चुनाव में ऑस्ट्रेलियाई लेबर पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर मार्लेस को बधाई दी। दोनों नेताओं ने भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए विचारों का आदान-प्रदान किया, जिसने आज 5 साल पूरे कर लिए हैं। मोदी और मार्लेस ने रक्षा औद्योगिक सहयोग, नई और उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग बढ़ाने के महत्व को रेखांकित किया।

## कंचनजंगा पर संयुक्त रूप से चढ़ाई करने से मजबूत होंगे संबंध

**काठमांडू।** नेपाल के रक्षा मंत्री मनबीर राय ने कहा है कि भारतीय एवं नेपाली सेना के सदस्यों के कंचनजंगा पर्वत पर संयुक्त रूप से चढ़ाई करने से द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

राय ने यह टिप्पणी सोमवार को यहां सेना मुख्यालय में आयोजित नेपाल-भारत संयुक्त माउंट कंचनजंगा पर्वतारोहण अभियान के ध्वजारोहण समारोह के दौरान की। नेपाली सेना के 10 और भारतीय सेना के पांच जवानों के संयुक्त दल ने 19 और 20 मई को दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची चोटी कंचनजंगा पर चढ़ाई की थी। सोमवार को आयोजित समारोह में दल के सदस्यों ने इस अभियान का झंडा रक्षा मंत्री को सौंपा।

# बांग्लादेश : मुजीबुर्रहमान की राष्ट्रपिता की उपाधि वापस ली

- अंतरिम सरकार ने संशोधित किया कानून, देश के संस्थापक व पूर्व पीएम हसीना के पिता हैं मुजीबुर्रहमान

ढाका, एजेंसी



बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कानून में संशोधन करके बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान की राष्ट्रपिता की उपाधि वापस ले ली है और उनका उल्लेख स्वतंत्रता सेनानी के तौर पर किया गया है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार ने देश के संस्थापक और अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के पिता मुजीबुर्रहमान के चित्र को नए मुद्रा नोटों से हटाने के कुछ दिन बाद मंगलवार को यह कदम उठाया है।

ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, अंतरिम सरकार ने राष्ट्रीय स्वतंत्रता सेनानी परिषद अधिनियम में संशोधन करते हुए स्वतंत्रता सेनानी की परिभाषा में परिवर्तन कर दिया है। कानून, न्याय और संसदीय मामलों के मंत्रालय ने मंगलवार रात को संबंधित अध्यादेश जारी किया। खबर में कहा गया है कि कानून में संशोधन के तहत राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान शब्द को भी संशोधित किया गया है।

## संरा सुरक्षा परिषद में गाजा में संघर्षविराम के प्रस्ताव पर होगा मतदान

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में उस प्रस्ताव पर मतदान होना है जिसमें गाजा में तत्काल, बिना शर्त और स्थायी युद्धविराम की मांग की गई है जिसका सभी पक्षों द्वारा सम्मान किया जाए। अमेरिका के इस प्रस्ताव पर वीटो करने की करने की संभावना है। परिषद के 10 निर्वाचित सदस्यों द्वारा तैयार प्रस्ताव में सात अक्टूबर 2023 को किए गए हमले के बाद दक्षिणी इजराइल से हमास और अन्य समूहों द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों की रिहाई की मांग दोहराई गई है। प्रस्ताव में गाजा में प्रवेश पर लगे सभी प्रतिबंधों को तत्काल और बिना शर्त हटाने तथा संरा व मानवीय साझेदारों के साथ राहत सामग्री को सुरक्षित और निर्बाध तरीके से वितरित करने की भी मांग की गई है।

# संरा में भारतीय मुस्लिमों पर टिप्पणी करने पर बिलावल भुट्टो की बेइज्जती

- खराब और खतरनाक छवि पेश किये जाने पर पत्रकार ने घेरा

न्यूयॉर्क, एजेंसी



पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के उस बयान को लेकर एक पत्रकार ने यहां उनको आड़े हाथ लिया जिसमें उन्होंने भारत में मुस्लिमों की कथित तौर पर खराब और खतरनाक छवि पेश किए जाने को लेकर टिप्पण की थी।

भारत के साथ हालिया संघर्ष के बारे में दुनिया को जानकारी देने के लिए रवाना हुए पाकिस्तानी विशेषज्ञों की एक टीम का नेतृत्व कर रहे बिलावल मंगलवार को मीडिया को अपने दृष्टिकोण से अवगत करा रहे थे। सवाल-जवाब सत्र के दौरान, मिस्र-अमेरिकी पत्रकार अहमद फातही, जो कि अमेरिकी टेलीविजन समाचार (एटीएन) के संरा में संवाददाता हैं, ने बिलावल से मुसलमानों के साथ भारत के व्यवहार पर उनकी टिप्पणियों के बारे में पूछा और उन्हें याद दिलाया कि संघर्ष के दौरान मीडिया को जानकारी देने वाली एक भारतीय मुस्लिम सैन्य अधिकारी थीं। फातही ने कहा, मैं आज आपके (बिलावल) द्वारा दिए गए एक बयान से शुरुआत करना चाहता हूं, जिसमें कहा गया है कि कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले का इस्तेमाल भारत में मुसलमानों को बदनाम करने के लिए एक राजनीतिक उपकरण के रूप में किया जा रहा है।

महोदय, मैंने दोनों पक्षों की ओर से प्रेस को घटनाक्रम से अवगत कराने के कार्य को देखा है, जहां तक मुझे याद है भारतीय पक्ष की ओर से मीडिया को अवगत कराने का काम एक मुस्लिम भारतीय सैन्य अधिकारी कर रही थीं। वह अपना दूसरा सवाल पूछने ही वाले थे कि बिलावल ने उन्हें बीच में ही रोक दिया। इसके बाद पाकिस्तानी नेता ने भारत की आलोचना की और हमेशा की तरह बयानबाजी जारी रखी।

# यूक्रेनी हमले का जवाब देगा रूस : ट्रंप

- पुतिन से फोन पर बातचीत के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने किया दावा

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बहुत दृढ़ता से बुधवार को उन्हें फोन पर बताया कि वह सप्ताहांत में हुए रूसी हवाई अड्डों पर यूक्रेन के ड्रोन हमले का जवाब देंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर कहा कि पुतिन के साथ उनकी एक लंबी बातचीत हुई और यह एक अच्छी बातचीत थी, लेकिन यह ऐसी बातचीत नहीं थी जिससे तत्काल शांति स्थापित हो सके। यह पहली बार है जब ट्रंप ने रूस के अंदर यूक्रेन के हमले पर टिप्पणी की है।

व्हाइट हाउस के अनुसार, अमेरिका को इस अभियान की अग्रिम सूचना नहीं थी। अमेरिका ने 24 फरवरी, 2022 से शुरू हुए आक्रमण को रोकने के लिए हाल ही में कूटनीतिक प्रयास किया है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में यह नहीं बताया कि यूक्रेन के हमले का जवाब देने के पुतिन के वादे पर उनकी क्या प्रतिक्रिया है, लेकिन उनके पोस्ट में उस हताशा का कोई संकेत नहीं दिखा जो ट्रंप ने हाल के हफ्तों में अपने रूसी समकक्ष के साथ युद्ध को लम्बा खींचने के लिए व्यक्त की थी। ट्रंप ने युद्ध को जल्द खत्म कराने की बार-बार बात कही और यहां तक कहा कि वह शपथ लेने से पहले इसे पूरा कर लेंगे, लेकिन हाल के हफ्तों में उन्होंने पुतिन के साथ धैर्य खो दिया, सार्वजनिक रूप से उनसे लड़ाई बंद करने की अपील की। यह 19 मई के बाद से पुतिन के साथ ट्रंप की पहली ज्ञात बातचीत थी।

### सैटेलाइट तस्वीरों में दिखे नष्ट हुए रूसी विमान

**दुबई।** सैटेलाइट तस्वीरों में पूर्वी साइबेरिया स्थित उस रूसी वायुसेना के अड्डे पर 7 बमवर्षक विमानों को क्षतिग्रस्त स्थिति में देखा जा सकता है, जिसके बारे में यूक्रेन ने दावा किया था कि उसके ड्रोन हमले में इस अड्डे को भी निशाना बनाया गया था। यूक्रेन ने दावा किया है कि रविवार के ड्रोन हमले में 41 रूसी युद्धक विमान नष्ट हो गए या क्षतिग्रस्त हो गए थे। इन विमानों में बमवर्षक और अन्य प्रकार के लड़ाकू विमान शामिल थे। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान की योजना डेढ़ साल से अधिक समय से बनाई जा रही थी। प्लैनेट लैब्स पीबीसी द्वारा उपलब्ध कराई गई सैटेलाइट तस्वीरों में बेलाया वायु सेना अड्डे पर विमान का मलबा और जला हुआ क्षेत्र देखा जा सकता है। तस्वीरों में तीन टीयू-95 बमवर्षक और चार टीयू-22एम बमवर्षक नष्ट हुए दिखाई दे रहे हैं।

# न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से कमजोर होता है जन विश्वास

## ब्रिटिश सुप्रीम कोर्ट में गोल मेज सम्मेलन में बोले प्रधान न्यायाधीश गवई

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने कहा है कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार और कदाचार की घटनाओं से जनता के भरोसे पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जिससे पूरी व्यवस्था की शुचिता में विश्वास कम हो सकता है।

ब्रिटेन के उच्चतम न्यायालय में 'मेंटेनिंग जूडिशयल लेजिटिमेसी एंड पब्लिक कॉन्फिडेंस' विषय पर आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में उन्होंने न्यायाधीशों द्वारा सेवानिवृत्ति के बाद की जाने वाली नौकरियों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि अगर कोई न्यायाधीश सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद सरकार में कोई अन्य नियुक्ति प्राप्त करता है, या चुनाव लड़ने के लिए पीठ से इस्तीफा देता है तो इससे गंभीर नैतिक चिंता पैदा होती है। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हर प्रणाली, चाहे वह कितनी भी मजबूत क्यों न हो, पेशेवर कदाचार के लिहाज से अतिसंवेदनशील होती है। दुख की बात है कि न्यायपालिका के भीतर भी भ्रष्टाचार और कदाचार के मामले सामने आए हैं। ऐसी घटनाओं से जनता के भरोसे पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जिससे पूरी प्रणाली की शुचिता में विश्वास खत्म हो सकता है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हालांकि, इन मसलों पर त्वरित, निर्णायक और पारदर्शी कार्रवाई करके ही इस विश्वास को फिर से कायम किया जा सकता है। सेवानिवृत्ति के बाद न्यायाधीशों की सरकारी नियुक्ति अक्सर बहस का मुद्दा बनी रहती हैं, इस पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद की ऐसी नियुक्तियों का समय और प्रकृति न्यायपालिका की शुचिता में जनता के विश्वास को कमजोर कर सकती है, क्योंकि इससे यह धारणा बन सकती है कि सरकारी नियुक्तियों या राजनीति में आने से लिए न्यायिक निर्णय लिया गया।

### भारत में कदाचार से निपटने को उचित उपाय किए

सीजेआई ने कहा कि भारत में जब भी ऐसे मामले सामने आए हैं तो उच्चतम न्यायालय ने लगातार कदाचार से निपटने के लिए तत्काल और उचित उपाय किए हैं। प्रधान न्यायाधीश की यह टिप्पणी इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा पर भ्रष्टाचार के आरोपों की पृष्ठभूमि में आई है। वर्मा के दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास से बड़ी मात्रा में नकदी बरामद की गई थी। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि प्रत्येक लोकतंत्र में, न्यायपालिका को न केवल न्याय प्रदान करना चाहिए, बल्कि उसे एक ऐसी संस्था के रूप में भी देखा जाना चाहिए जो सत्ता के सामने सच्चाई को रख सकती है। उन्होंने कहा कि न्यायिक वैधता और जनता का विश्वास शब्द आपस में जुड़े हुए हैं।